e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 196

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
19.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जीवन में हार तब नहीं होती, जब आप हारते हैं, हार तो तब होती है जब आप हार मान लेते हैं।

## क्विक न्यूज

### वाईएसआरसीपी नेता की बीच सड़क पर हत्या, जगन ने टीडीपी पर लगाया हिंसा के आरोप

**चेन्नई :** आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के विनुकोंडा शहर में बुधवार की रात वाईएसआरसीपी की युवा शाखा के एक सदस्य राशिद की हत्या कर दी गई। मामले को लेकर पलनाडु जिले के पुलिस अधीक्षक कांचे श्रीनिवास ने कहा कि शेख जिलानी नाम के एक व्यक्ति ने राशिद पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में कोई राजनीतिक कोण नहीं है। फिलहाल आरोपी की जांच चल रही है। ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त सजा का सामना करना पड़ेगा।

### ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां को पुणे पुलिस ने हिरासत में लिया, पिस्तौल लहराने का है मामला

**मुंबई :** फर्जी सर्टिफिकेट के इस्तेमाल के आरोपों से घिरीं ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की फैमिली के खिलाफ भी कार्रवाई तेज हो गई है। पुलिस ने पूजा की मां मनोरमा खेडकर को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह कथित तौर पर किसान के सामने बंदूक लहराती हुई नजर आई थीं। इधर, पुलिस ने पूजा को भी अन्य मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है।

### सीबीआई ने मुंबई के कस्टम अधीक्षक को गिरफ्तार किया

**मुंबई :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की मुंबई टीम ने सीमा शुल्क विभाग के मुंबई अधीक्षक कुमार साकेत को गिरफ्तार किया है। उन पर एक आयात खेप को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 80 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने का आरोप है। फिलहाल सीबीआई के अधिकारी कुमार साकेत से पूछताछ कर रहे हैं। कुमार साकेत की गिरफ्तारी पुणे के एक व्यवसायी की शिकायत के आधार पर की गई है। व्यापारी ने आरोप लगाया था कि साकेत ने 6 जुलाई को मुंबई इंटरनेशनल कूरियर टर्मिनल पर पहुंची आयात खेप को मंजूरी देने के लिए एक लाख रुपये की मांग की थी। गवाहों की मौजूदगी में शिकायत की पुष्टि करने के बाद, सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, धारा 7 के तहत साकेत के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### नीट यूजी पेपर लीक केस में पटना एम्स के तीन डॉक्टर हिरासत में

**पटना :** नीट यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई ने बुधवार को पटना एम्स के तीन डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। टीम तीनों को अपने साथ ले गई है। तीनों के लैपटॉप और मोबाइल भी जब्त कर लिए गए हैं। इन पेपर लीक केस में संलिप्त होने का आरोप है। तीनों डॉक्टर 2021 बैच के स्टूडेंट हैं। बता दें कि सीबीआई ने इस केस में दो दिन पहले ही नीट के पेपर को चुराने के आरोप में पंकज कुमार को पटना से गिरफ्तार किया था। वहीं इसके साथी राजू को हजारीबाग से पकड़ा था। सूत्रों का कहना है कि पंकज और राजू से पूछताछ के आधार पर सीबीआई को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इनकी निशानदेही पर पटना एम्स के तीन डॉक्टरों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### कृषि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं : दीपिका

**रांची :** दीपिका पाण्डेय सिंह मंत्री कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा जिला दुमका में कृषि एवं संबद्ध विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी का दुमका परिषद में समीक्षात्मक बैठक बुलाया गया। खरीफ मौसम को देखते हुए विशेष दिशा निर्देश दिए गए। उनके द्वारा निर्देश दिया गया की सभी योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे किसानों के बीच जाकर योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। इसी क्रम में मंत्री द्वारा प्रखंड दुमका के पंचायत रामपुर एवं बेहराबाग के किसानों के बीच हाइब्रिड धान, बीज , लाभुक एवं मक्का बीज 121 (50 लाभुक) का वितरण किया गया। इस वितरण समारोह में पंचायत बेहराबाग की मुखिय जिला, कृषि पदाधिकारी दुमका, जिला उद्यान पदाधिकारी दुमका, भूमि संरक्षण पदाधिकारी ,दुमका, पशुपालन पदाधिकारी दुमका, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी दुमका, परियोजना निदेशक आत्मा दुमका , प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं पंचायत के कृषक मित्र उपस्थित हुए।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^0$ |
| न्यूनतम | $27^0$ |

नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़ी 40 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

# सेंटर वाइज स्कोर पब्लिश करे एनटीए : सुप्रीम कोर्ट

**22 जुलाई को इस मामले में होगी निर्णायक सुनवाई**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए हुए नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़ी 40 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डिवीजन बेंच ने इस मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए को शनिवार दोपहर 12 बजे तक छात्रों का स्कोर ऑफिशियल वेबसाइट पर पब्लिश करने के निर्देश दिए हैं. परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, छात्रों की पहचान छिपाते हुए शहरों और सेंटर वाइज स्कोर पब्लिश करें. इस मामले में अब 22 जुलाई को निर्णायक सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि परीक्षा दोबारा होनी चाहिए या नहीं.सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील नरेंद्र हुड्डा ने कहा- परीक्षा से 5 महीने पहले एनटीए ने सिलेबस बढ़ाया. इसे ही ग्रेस मार्क्स का आधार बनाया गया. फिर गड़बड़ी छिपाने के लिए दोबारा परीक्षा कराई गई. इस दौरान सीजेआई ने पूछा- 23.33 लाख में से कितने छात्रों ने अपने सेंटर बदले हैं.इस पर एनटीए ने कहा-फिलहाल सिस्टम से ये डेटा नहीं मिल सकता है.

**क्या है मामला ?**

नीट-यूजी 2024 की परीक्षा 5 मई को हुई थी. परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोप लगने के बाद अलग-अलग जगहों पर छात्रों ने प्रदर्शन किए. नीट-यूजी परीक्षा में बहुत ज्यादा नंबर दिए जाने के आरोप लगे हैं. इस वजह से इस साल रिकॉर्ड 67 छात्रों ने परफेक्ट स्कोर के साथ टॉप रैंक हासिल किया है. पिछले साल टॉप रैंक पर मात्र दो छात्र आए थे. ऐसे में छात्रों का आरोप है कि कई छात्र के मार्क्स प्लान के तहत घटाए और बढ़ाए गए हैं. दूसरी ओर, 6 सेंटर में परीक्षा कराने में देरी हुई. समय की बर्बादी की भरपाई के लिए ऐसे सेंटरों में कम से कम 1500 छात्रों को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए, जो जांच के दायरे में हैं.

### साफ है कि पेपर लीक हुआ

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी, इसलिए इसमें कोई शक नहीं है. अदालत ने कहा,ये साफ है कि पेपर लीक हुआ है. सवाल ये है कि इसका दायरा कितना बड़ा है. 2 छात्रों की गड़बड़ियों की वजह से पूरी परीक्षा रद्द नहीं कर सकते. दोषियों की पहचान नहीं हुई, तो दोबारा परीक्षा करानी होगी. अगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए पेपर लीक हुआ है, तो जंगल में आग की तरह फैलता है.

### एनटीए ने अपने हलफनामे में क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए हलफनामे में एनटीए ने कहा,सिर्फ पटना और गोधरा के कुछ सेंटरों में परीक्षा के दौरान गड़बड़ी हुई है. इससे पूरी परीक्षा की पवित्रता प्रभावित नहीं हुई है. पटना और गोधरा के छात्रों ने असामान्य तौर पर हाई स्कोर हासिल नहीं किया है. पेपर लीक का वायरल हुआ टेलीग्राम वीडियो भी फेक है. इस मामले में 153 केस दर्ज किए गए हैं.फिर मामले की सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी गई थी.



## आप हरियाणा की सभी 90 सीटों पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली :** हरियाणा में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके मद्देनजर सियासी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि उनकी आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हालांकि, इसके लिए किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की बात कही गई। मुख्यमंत्री भगवत मान ने कहा,आज हम बड़ा ऐलान करने जा रहे हैं। हम तेजी से नेशनल पार्टी बने हैं। आम आदमी पार्टी ने फैसला किया है कि आने वाले दिनों में आप ताकत से वहां चुनाव लड़ेगी। आधा हरियाणा दिल्ली से टच किया है और आधा पंजाब से टच करता है। हरियाणा के लोगों ने सभी पार्टी को मौका दिया। अब वहां के लोग बदलाव चाहते हैं। केजरीवाल भी हरियाणा से हैं। सालोगन भी देख लिया- अपने बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल। हमारी रिश्तेदारियां भी हरियाणा में हैं। हमारी टीम अच्छी है। एक टीम के तौर पर ही चुनाव लड़ते हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा,हरियाणा में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे।

# बोकारो में फायरिंग एक व्यक्ति की हत्या

**सांसद ढुल्लू महतो ने एसपी पर लगाया गंभीर आरोप**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** जिले के सेक्टर 9 के हरला थाना क्षेत्र में शंकर रवानी की दिनदहाड़े गोली मारकर गुरुवार को हत्या कर दी गयी. बाइक सवार अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया. घटना के बाद मौके कर पहुंचे बोकारो सांसद ढुल्लू महतो ने जिले के एसपी पूज्य प्रकाश को फोन कर बिफरे. उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत यहां नेतागिरी कर रहा है तुम.. छोटा-मोटा केस में बहुत एक्टिव हो जाता है, मर्डर केस में घर में कान में तेल डालकर सोता है. हम अपने खुद फोन किये थे ना.. क्राइम बढ़ाना चाह रहा या घटाना चाह रहा है. हम जानते हैं क्या होगा क्या नहीं. तुम वर्दी के लायक नहीं हो, कोई काम नहीं करना, सिर्फ क्राइम करवाना है. ढुल्लू महतो ने कहा कि यह क्राइम करने यहां आया है. यहां अनूप सिंह का कोयला चोरी जो हो रहा है, उसको कैसे संरक्षण मिले, इसका कोई आदमी विरोध नहीं करें, इसके लिए यहां पर आया है. सांसद ने कहा कि शंकर रवानी पर हुए हमले को लेकर एसपी को पहले भी बताये थे, लेकिन एसपी ने कोई भी जांच नहीं की, जिसका नतीजा यह हुआ कि उसकी हत्या कर दी गयी. ढुल्लू महतो ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से बात कर बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने को कहा.मृतक शंकर रवानी का आपराधिक इतिहास रहा है. वह पहले कई बार जेल जा चुका है. संभावना व्यक्त की जाती है कि गुटबाजी में उसकी हत्या की गयी है. इससे पहले भी शंकर रवानी पर अज्ञात अपराधियों ने ताबडतोड चार गोली चलायी थी, जिसमें उसके पैर तथा पीठ में गोली लगी थी. लेकिन वह बच गया था. इधर घटना के आक्रोश में मृतक के परिजनों और शुभचिंतकों ने नया मोड़ के पास सड़क जाम कर आपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे।

**सांसद ने कहा कि शंकर रवानी पर हुए हमले को लेकर एसपी को पहले भी बताये थे, लेकिन एसपी ने कोई भी जांच नहीं की, जिसका नतीजा यह हुआ कि उसकी हत्या कर दी गयी.**

# झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस होंगे सुजीत नारायण प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी की सेवानिवृत्ति के उपरांत जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद 20 जुलाई से झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

दरअसल, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाडंगी 20 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। चीफ जस्टिस बीआर सारंगी का 19 जुलाई को अंतिम कार्य दिवस है।

इस संबंध में भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। चीफ जस्टिस के सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को चीफ जस्टिस कार्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी को 19 जुलाई को हाई कोर्ट परिसर में औपचारिक विदाई दी जाएगी। सुजीत नारायण प्रसाद का जन्म 20 जून 1967 को हुआ था।

उन्होंने एमए करने के बाद एलएलबी की पढ़ाई की। उन्होंने हाई कोर्ट के एडिशनल जज के रूप में साल 2014 में शपथ ली थी।

इसके बाद उनका स्थानांतरण ओडिशा हाई कोर्ट में कर दिया गया। इसके बाद 22 नवंबर 2018 को फिर से झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। वह ओडिशा हाई कोर्ट के ज्यूडिशियल एकेडमी के सदस्य भी रह चुके हैं।

# सीएम ने रिम्स रांची के पुनर्विकास हेतु प्रस्तावित कार्य योजना की ली जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में प्रधान सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह ने मुलाकात कर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह के बीच राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के नए साइट डेवलपमेंट एनड रीडिवेलपमेंट प्रपोजल के तहत रिनोवेशन ऑफ ओएलडी, ओपीडी, आईपीडी एंड एकेडमिक ब्लॉक, न्यूज रेसीडेंसी बंगलौस फॉर डायरेक्टर, एमएस, एडीडीएल डायरेक्टर एनड डीन, न्यूज फोरेंसिक मेडिसिन बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ऑफ न्यू ओपीडी ब्लॉक कवर्ड पाथवेस ड्रेनेज सप्लाई बाउंड्री वॉल एंड गेट्स इलेक्ट्रिकल वर्क प्रपोज्ड वर्क्स, रोड डेवलपमेंट इत्यादि पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कार्य योजना की बिंदुवार जानकारी लेते हुए विभागीय प्रधान सचिव को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार उपस्थित थे।

### सीएम ने रंकिणी मंदिर जादुगोड़ा के पास स्थित स्थलों के विकास के लिए 1503.62 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति पर अनुमोदन प्रदान की

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक कार्यान्वित की जाने वाली अधिसूचित वनभूमि पर वृक्षारोपण एवं भू-संरक्षण योजना (जनजातीय क्षेत्र उपयोजना) के अन्तर्गत रंकिणी मंदिर, जादुगोड़ा के पास स्थित स्थलों के विकास के लिए कुल 1503.62 लाख (पन्द्रह करोड़ तीन लाख बासठ हजार रू) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के प्रस्ताव एवं तत्संबंधी योजना प्राधिकृत समिति हेतु संलेख प्रारूप पर अपना अनुमोदन प्रदान किए हैं।

# डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतरी, 4 यात्रियों की मौत



एजेंसी

**गोंडा :** उत्तर प्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़ से डिब्रुगढ़ जा रही डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस के 8 कोच पटरी से उतर गए। हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई। करीब 20 यात्री घायल हैं। रेलवे के मुताबिक लोको पायलट ने हादसे से पहले धमाके की आवाज सुनी थी। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के डिब्बे में कई यात्री फंसे हुए थे जिन्हें रेस्क्यू टीम ने निकाल लिया है।जानकारी के मुताबिक हादसे में ट्रेन का एक एसी कोच बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और अधिकारियों को घटनास्थल पर तुरंत पहुंचने का निर्देश दिया। जानकारी के मुताबिक एसडीआरएफ और रेलवे की टीम की ओर से जारी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।रेलवे की ओर इस हादसे को लेकर बयान जारी किया गया है। बयान के मुताबिक दोपहर 2 बजकर 37 मिनट पर चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (159904) हादसे का शिकार हो गई। दोपहर दो बजे यह ट्रेन गोंडा से रवाना हुई थी। करीब 27 किमी की दूरी तय करने के बाद झिलाही स्टेशन से 4 किमी आगे यह ट्रेन पटरी से उतर गई। चार से पांच कोच डिरेल हुए हैं।

## महाराष्ट्र : जीप के कुएं में गिरने से 5 तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी

**मुंबई :** जालना जिले में जालना-राजुर रोड पर तुपेवाडी कांटे के पास गुरुवार शाम को करीब 5.30 बजे पंढ़रपुर से तीर्थयात्रियों को ला रही एक जीप अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गई। इस घटना में पांच तीर्थयात्रियों की मौके ही मौत हो गई।

कुएं से इन पांचों के शव बाहर निकाले गए हैं। वहीं कुएं से छह लोगों को जीवित निकाला गया है और उन्हें इलाज के लिए जालना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, जालना जिले के तीर्थयात्री आषाढी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर भगवान विट्ठल का दर्शन करने गए थे। वहां से आज सभी लोग जीप से अपने गांव लौट रहे थे लेकिन तुपेवाड़ी के पास अचानक चालक का जीप पर से नियंत्रण बिगड़ गया और जीप सड़क किनारे गहरे कुएं में गिर गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे और कुएं में गिरे तीर्थयात्रियों को निकालना शुरू कर दिया। खबर लिखे जाने तक कुएं से पांच लोगों के शव और छह घायलों को निकाला जा चुका है।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# शांति और सद्भाव के साथ मना मातम का पर्व मोहर्रम : त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के नेउरा में दसवीं मुहर्रम के जुलूस को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हजरत अली के दोनों लाल इमाम हसन, इमाम हुसैन, धर्म की रक्षा के खातिर अपने प्राणों का बलिदान देना उचित समझा, लेकिन अधार्मिक कातिल यजीद के सामने सिर झुकाया नहीं। मोहर्रम की त्योहार हमें यही सीख देती है कि जीवन में चाहे लाख कठिनाइयां आए, लेकिन हमेशा सत्य के मार्ग पर चले तो निश्चित तौर पर ईश्वर अल्लाह आपके लिए अच्छा करेंगे। चैनपुर मुख्य चौक पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी की ओर से चैनपुर रामनवमी कमिटी के अध्यक्ष और सदस्यों को पगड़ी पोशी कर हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर चैनपुर के मुहर्रम इंतेजामिया में कमिटी के जेनरल खलीफा आमिर अफजल खान एवं चैनपुर रामनवमी के जेनरल अध्यक्ष चंदू गुप्ता ने एक दूसरे को पगड़ीपोशी कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया।मौके पर अतिथि के रूप में मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर, युवा समाजसेवी नेता दिलीप सिंह नामधारी उपस्थित हुए। कमिटी के द्वारा उन्हें भी पगड़ी. पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।वहीं मुस्लिम समुदाय के द्वारा निकाला गया जुलूस या अली, या हुसैन, या शहीदाने कर्बला के नारों से क्षेत्र गूंजता रहा। मुस्लिम धर्म के अनुसार वर्ष वि का पहला महीना गम की चांद मुहर्रम माह से शुरुआत माना जाता है। मान्यता है कि इसी महीने कि में इमाम हसन, इमाम हुसैन, इस्लाम बचाने की खातिर शहीद हो गए थे। उन्हीं की याद में मोहर्रम का त्योहार मुस्लिम अकीकतमंद के द्वारा मनाया जाता है। मौके पर विभिन्न कमिटियों के द्वारा पारंपरिक लाठी, डंटा, तलवार के साथ जुलूस निकाला गया। अपने-अपने क्षेत्र के मिलान पर एकत्रित होकर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ प्रदर्शन किया। प्रखंड के शाहपुर, चैनपुर, नेउरा, चांदो, सेमरा, बंदुआ सहित विभिन्न जगहों पर जुलूस निकाला गया।

## परती विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार की कल्याणकारी स्कीम उन्नति के पहिए योजना के तहत गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय परती के छात्र-छात्राओं के बीच 37 साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ सह सीओ विकास कुमार,जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रखंड में कल्याण विभाग गढ़वा की ओर से केतार प्रखंड को 600 साइकिल उपलब्ध कराया गया है। जो आठवीं क्लास के छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा बनाए गए सूची के आलोक में वितरण किया जा रहा है।

## जमीनी विवाद में हुए मारपीट में महिला समेत पांच घायल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी ग्राम में जमीनी विवाद में हुए मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घटना के बारे में घायलो ने बताया जाता है कि पतिहारी पंचायत के मुखिया पति मेरे खरीदी किये गए जमीन को जोत रहे थे। जब हमलोग रोकने गए तब वो लोग हमें मारने लगें। जिससे हम सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में पतिहारी ग्राम के छकौड़ी ठाकुर, आदित्य कुमार ठाकुर, संजू देवी, शारदा देवी तथा सतेंद्र कुमार ठाकुर के नाम शामिल है।

## अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट का लगा आरोप निराधार : बीडीओ



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रभारी बीडीओ सह सीओ विकास कुमार पर ग्राम पंचायत परती कुशवानी के अमवाडीह निवासी नागेंद्र प्रजापति ने अभद्र गाली गलौज के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को नागेंद्र प्रजापति द्वारा दिए गए आवेदन में कहा है कि बुधवार 2 बजे के करीब अपने घर के पास खडा था इसी दौरान बीडीओ सह सीओ विकास कुमार विवादित भूमि का निरीक्षण कर लौटने के क्रम में मेरे पास आए और बिना कुछ आरोप के गाली गलौज करते हुए धक्का देकर मारपीट करने लगे साथ ही फर्जी मुकदमा में फसाकर जेल भेजने की बात कह कर चले गए।

**इस संबंध में क्या कहते हैं बीडीओ सह सीओ विकास कुमार :** पूछे जाने पर केतार बीडीओ सह सीओ विकास कुमार ने कहा कि गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर विवादित जमीन पर निरीक्षण करने गए थे। उसी दरमियान नागेंद्र प्रजापति द्वारा लोगों को भड़काया जा रहा था और कहाँ जा रहा था कि गरीब और कमज़ोर समझ कर डराया जा रहा है। जिस से लोगो में क्रोध बढ़ता देख हमने उपस्थित सभी भीड़ को वहा से खाली कराया। मेरे ऊपर लगाया गया सारा आरोप निराधार और बेबुनियाद है।

## राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ ने मृत अभिकर्ता के पत्नी को 50 हजार का दिया चेक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** जिला स्थित प्रधान डाकघर के अभिकर्ता असित कुमार साह के असमय निधन पर राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ झारखंड के आहवान पर प्रदेश के कई जिलों के अभिकर्ताओं ने अपने अपने जिलों से सहयोग राशि इकट्ठा कर प्रदेश के खाते में जमा किया जिसमें जपला मुख्य डाकघर सहित पलामू जिला से 14900 धनबाद 10000, लातेहार 10000, गढ़वा 7500 एवं बोकारो 7200 कुल 49600 प्रदेश के खाते में जमा हुआ। प्रदेश के खाते से 50 हजार का चेक लेकर मंगलवार को डाल्टेनगंज स्तिथ श्री साह के निवास पर प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय, सचिव सत्यनारायण कुमार दुबे, राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य बिनोद कुमार, पलामू जिला अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार, सचिव प्रमोद पांडेय, बिरमनी दुबे, रामनरेश राम, इंद्र प्रकाश पांडेय, ज्योतिमय निभा कुमारी, विमला देवी, शैलेश तिवारी, संजीव पांडेय, गोपाल कुमार, संजय राम सहित दर्जनों अभिकर्ताओं के सामने उनकी पत्नी संचिता साहा को 50000 पचास हजार रूपये का सहयोग व सदैव साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया । इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय संगठन के नियमानुसार जो अभिकर्ता आजीवन सदस्य बने है उन्हें सहयोग प्रदान किया जाता है इसलिए झारखंड प्रदेश में एक मुहिम चलाकर सभी सिल्वर मेम्बर को आजीवन सदस्य में बदलने का कार्य किया जाये।

## छह हत्यारोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा 20, 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के द्वितीय जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने दुष्कर्म व हत्या करने के मामले में छह लोगों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है ।वही 20,20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। इस संबंध में प्रकाश खरवार ने चैनपुर मे थाना में कांड संख्या 102 / 2009 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया था। अभियुक्तों पर आरोप था कि अभियुक्त गन चैनपुर के गांधीपुर में अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे। गोलीबारी में रामराज खरवार जख्मी हो गया। व वे लोग प्रियंका देवी के साथ दुष्कर्म किए। साथ ही प्रियंका देवी को चाकू और भुजाली से मार कर उसकी हत्या कर दिए। अदालत नसाक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए चंदन खरवार, मिथिलेश खरवार, अवतार खरवार, प्रमिला देवी, झपसी खरवार, पंटर खरवार को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20, 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है ।मिथिलेश खरवार पेंटर खरवार को भारतीय दंड विधान की धारा 376 में भी दोषी पाया गया है। सत्र वाद संख्या 105 ए /2015 सत्र वाद संख्या 105 बी/15 ,सत्र वाद संख्या 105 सी / 15 में उपरोक्त मुदालहम को सजा सुनाई गई है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया अभियान



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज़िला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने गुरुवार को अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया इस दौरान उन्होंने कुल 3 वाहनों को जब्त कर टीओपी 2 थाना परिसर को सुपुर्द किया। इन सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया है। इन वाहनों पर गिट्टी लोड थे। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा।उन्होंने सभी वाहन संचालकों से वाहन से जुड़े सभी कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही नियमानुसार वाहनों का संचालन करने की अपील की।इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के अलावा कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## रेहला में निकला मुहर्रम का विशाल जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रमपुर (पलामू) :** रेहला में गुरुवार को मुहर्रम का विशाल जुलूस निकला। जुलूस में शामिल डंडिला कला, गोदरमा व घोरडीहा का ताजिया आकर्षण का केंद्र बना रहा, गोदरमा, घोरडीहा, डंडिला कला, गुरहा, सबौना, भोलाटाडी, कुड़ी, कामता सहित कई गांवो के ताजिया व सिपड़ का मिलान रेहला शुक्रबाजार में हुआ.जुलूस में शामिल लोग इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद का नारा लगा रहे थे.इसके अलावा या हुसैन-या अली के नारों से रेहला गूंज रहा था.मुस्लिम समाज के लोग धार्मिक झंडा के साथ तिरंगा झंडा भी लहरा रहे थे। मुहर्रम का जलूस डंडिला कला चौक से शुरू होकर बी मोड़, महाबीर चौक, थान चौक होते हुये शुक्रबाजार पहुंचा। जहां युवाओं ने अपना कला का जादू बिखेरा। शुक्रबाजार परिसर में ही पगड़ी-पोशी का कार्यक्रम भी हुआ। जिसमे कमेटी के लोगो ने स्थानीय गण्यमान लोगो को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। जुलूस के सफल संचालन में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के लोग लगे रहे। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा का भी व्यापक इंतजाम रेहला पुलिस के द्वारा किया गया था। जुलूस में कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुये। ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, मुरब्बा और शीतल पेय जल व्यवस्था किया गया था।

# 12 अगस्त को पलामू समाहरणालय के समक्ष भाजपा महिला मोर्चा करेगा प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सीटू गुप्ता ने विषय प्रवेश कराते हुए हुए कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सरकार आई है तब से महिलाओं के ऊपर अत्याचार बढ़ गए हैं.दुष्कर्म उत्पीड़न एवं अत्याचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन आगामी 12 अगस्त को पलामू समाहरणालय के समक्ष करने की योजना है। इस आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन में लगभग 5000 महिलाओं के साथ प्रदर्शन किया जाएगा. जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार आई है तब से आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित व गरीब महिलाओं के ऊपर अत्याचार बहुत ज्यादा बढ़ गया है. सरकार ने इसे रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि वह इस मामले में पूरी तरह असफल है। उसी का यह यह दुष्परिणाम है की महिला मोर्चा को समाहरणालय पलामू के समक्ष धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता आन पड़ी है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा हमारी संस्था की एक अभिन्न अंग है. पूरे देश की आबादी लगभग आधी महिलाओं की है। उनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी हम सभी की होनी चाहिए। मौके पर प्रिया सिंह, प्रतिमा गुप्ता, निहारिका रानी, किरण देवी, रेखा गुप्ता, रेखा सिंह, मुन्नी देवी, किरण देवी, अर्चना देवी, सरिता देवी, लीलावती देवी, सुमन गुप्ता, रिता सिंह, बबीता देवी, नीलम कुमारी, चंद्रमुखी देवी, रानी देवी, सरिता गुप्ता समेत महिला मोर्चा की कई महिलाएं, कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के नगर उंटारी-भवनाथपुर मुख्यमार्ग पर तुलसीदामर में हुए सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।महिला थाना क्षेत्र के अलजर ग्राम की सूरजदेव सिंह की पत्नी लालती देवी बताया जाता है।घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला टेम्पू में चढ़ रही थी कि इतने में भवनाथपुर की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई।

# ग्रामीणों के आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन के चार दिन बाद रेलवे विभाग नींद से जागा

## रेलवे के आलाधिकारियों ने की रैयतों से मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला थाना क्षेत्र के सबौना व घोरडीहा गांव के ग्रामीणों द्वारा आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन के चार दिनों बाद रेल विभाग कुंभकर्णी नींद से जागा। रेलवे के आलाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को सबौन गांव पहुंचा और ग्रामीणों से बात की। यहां बताते चलें कि बरवाडीह डेहरी रेलखंड में रेलवे द्वारा विस्तारीकरण के तहत तीसरा ट्रैक बिछाया जा रहा है। गढ़वा रोड जंक्शन और सिगसिगी स्टेशन के बीच सबौना और घोरडीह गांव के दर्जनाधिक रैयतों का जमीन अधिग्रहण के एक वर्ष बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को कार्यस्थल पर जाकर रोशपुर्ण प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य को दो घंटे बंद करा दिया था। जिसके बाद रेल विभाग रेस हुआ और गुरुवार को ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी.ग्रामीणों ने रेल अधिकारियों से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा जल्द से जल्द भुगतान कराने का आग्रह किया। इसके अलावा ग्रामीणों ने सबौना गांव में सरकारी स्कूल के नजदीक एक अंडरपास बनवाने की भी मांग किया.रेल अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि रेलवे द्वारा भू राजस्व विभाग को सभी अधिग्रहित भूमि के मुआवजा की राशि दे दी गई है। विभागीय अधिकारी पलामू उपायुक्त से मिलकर रैयतों को जल्द मुआवजा दिलाने का सकारात्मक प्रयास करेगा। अंडरपास निर्माण हेतु भी ग्रामीणों को आश्वस्त किया। ग्रामीणों से वार्ता करने के बाद रेल अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल आज ही पलामू उपायुक्त से मिलने चला गया। रेल अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रामाश्रय पांडेय, निर्माण दक्षिण यू के मुख्य अभियंता एस के सिंह, निर्माण उप मुख्य अभियंता विक्रम सेठ, बरकखाना निर्माण के कार्यपालक अभियंता डी पी विद्यार्थी, सी डी राम, नरेश हांसदा, एस एस ई कमलेश सिंह, राजकुमार मंडल, सुधीर कुमार शर्मा, पंकज कुमार सहित कई अधिकारी शामिल थे। मौके पर रैयत संतोष मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, गुलाम नबी अंसारी, योगेश पाल, मंजूर अंसारी, मनोज राम, सुरेंद्र राम, भोला राम, विनोद राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हैदरनगर मनरेगा कर्मचारी संघ की स्थायीकरण के लिए हड़ताल की घोषणा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने अपनी सेवा शर्तों के स्थायीकरण और वेतनमान के प्रावधानों को सुधारने की मांग को लेकर एक बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ की हैदरनगर इकाई ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा को एक पत्र भेजा है जिसमें उनकी मांगों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई है।संघ ने घोषणा की है कि 18, 19, और 20 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल करेंगे और इसके बाद 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय सरकार द्वारा मनरेगा कर्मचारियों की स्थायीकरण की दिशा में किसी प्रकार की पहल न किए जाने के कारण लिया गया है। संघ ने पत्र में उल्लेख किया है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने चार साल पहले मनरेगा कर्मियों की सेवा को स्थायी करने का वचन दिया था, लेकिन अब तक इस वचन को पूरा नहीं किया गया है। इस वचन के बावजूद, कर्मचारियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। मनरेगा कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर पहले भी कई आंदोलन किए हैं। 2 जुलाई को मुख्यमंत्री का आवास घेराव, 8 जुलाई को झामुमो के केन्द्रीय कार्यालय का घेराव और 10 जुलाई को राज्य के सभी जिला समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से मांग पत्र भी समर्पित किए गए, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। संघ की प्रमुख मांगों में मनरेगा कर्मियों की सेवा शर्त नियमावली में सुधार कर स्थायीकरण एवं उचित वेतनमान का प्रावधान किये जाना शामिल हैं। पत्र पर विभिन्न नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जिनमें अध्यक्ष मणि शंकर मिश्र,सचिव संतोष कुमार चौधरी, उपसचिव जितेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता,आनंद प्रकाश, जनेश कुमार, बृजलाल कुमार यादव, संजय कुमार सिंह, प्रवेज आलम, अजीत कुमार गुप्ता, इरसाद आलम, राधेश्याम प्रजापत्ति, मुकेश पाल, विनय कुमार, उपेन्द्र कुमार और धन्नजय कुमार शामिल हैं। संघ ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वे 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस हड़ताल के कारण मनरेगा के विभिन्न कार्यों पर प्रभाव पड़ सकता है और इससे राज्य में विकास कार्यों की गति भी प्रभावित हो सकती है। संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि वह इस मामले में संवेदनशीलता दिखाए और जल्द से जल्द वार्ता कर उनकी मांगों को पूरा करें।

## संक्षिप्त खबरें

### ह्रदय नंद तिवारी के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार

**रांची :** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम के सीए ह्रदय नंद तिवारी के खिलाफ कोर्ट ने इश्तेहार जारी कर दिया है। गुरुवार को पीएमएल के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की विशेष कोर्ट ने ह्रदय नंद तिवारी के खिलाफ इश्तेहार जारी किया है। ह्रदय नंद तिवारी गढ़वा जिला के कचहरी रोड का रहने वाला है। उनपर वीरेंद्र राम के द्वारा टेंडर घोटाला के जरिए कमाए गए पैसों को विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर वाइट मनी में तब्दील करने का आरोप है। मामले में दाखिल पूरक अभियोजन शिकायत(चार्जशीट) पर अदालत ने 22 अगस्त 2023 को संज्ञान लिया था। इसमें ह्रदय नंद तिवारी का भी नाम था। इसी के बाद से उसकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। इस मामले में पूर्व मंत्री आमलगीर आलम, उनका पीएस संजीव कुमार लाल और उसके नौकर जहांगीर , बीरेंद्र राम सहित 13 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल है।

### राज्यपाल से मिले राज्यसभा सांसद

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को राज्य सभा सांसद एम थंबीदुरई ने राज भवन में मुलाकात की। इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया।



## झारखंड में अल्पसंख्यकों को कब मिलेगा हक व अधिकार ?

# इमरान प्रतापगढ़ी पर टिकी सबकी निगाहें

**परवेज़ कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** राज्यसभा सांसद व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी रांची आने वाले हैं। इनपर सबकी निगाहें टिकी हुई है। बताया जा रहा है कि वे मॉबलिंचिंग की घटनाओं पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करेंगे और इन समस्याओं पर रोक लगाने की मांग करेंगे। वहीं पीड़ित परिवार से भी मिलेंगे। यह सब इसलिए कि झारखंड के मुसलमानों में कांग्रेस के प्रति साकारात्मक संदेश जाये। जबकि झारखंड में सेक्युलर की ही सरकार है। खुद कांग्रेस भी सरकार में शामिल हैं।तेज तर्रार बोलने वाले कांग्रेस के मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी भी हैं, लेकिन इन सभी मुद्दों पर फिलहाल चूप हैं।

### सेक्युलर सरकार में मॉब लिंचिंग की बढ़ी घटना, मदरसा बोर्ड का गठन भी नहीं हुआ, उर्दू शिक्षकों बहाली पर भी लगा ग्रहण

#### इन मुद्दों पर ही होगा बेड़ा पार

झारखंड विधानसभा में यदि इंडियन गठबंधन को वापस आना है और फिर से सरकार बनाना है तो जनता से किए गए वादे को पूरा करना होगा। झारखंड के विकास के लिए जो रोडमैप तैयार किया है। उसे पर तेजी के साथ काम करना होगा। सबसे बड़ी बात है कि 24 सालों में अल्पसंख्यक मुसलमानों के लिए जो काम नहीं हुआ है उसे पूरा करना इनके लिए सबसे बड़ा चलैंज होगा।



#### सेक्युलर सरकार में भी मॉबलिंचिंग

सेक्युलर सरकार में भी मॉबलिंचिंग की घटनाएं बढ़ रही है। मॉब लिंचिंग करने वाले पकड़े गए हैं। सजा तो हुई है लेकिन पीड़ित परिवारों को न मुआवजा मिला है,ना नौकरी मिली है।अगर मिला है तो दर्द और आश्वासन। 7 जुलाई 2024 को रांची जिला के कांके थाना क्षेत्र के कटकमकुली के रहने वाले अख्तर अंसारी की टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में पिटाई की जाती है जिसकी मौत हो जाती है। जब हो हंगामा होता है तब थाना मामला दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजती है।

### भाजपा सरकार में भी हुई घटना

तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में लगातार मॉबलिंचिंग की घटनाएं बढ़ रही थी। झारखंड से लेकर दिल्ली के सांसद भवन में तक में इन घटनाओं की निंदा की गई थी।सड़क पर सेकुलर पार्टियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया करते थे। इन घटनाओं को रोकने के लिए जैसे ही झारखंड में सेकुलर विचार की राजनीतिक पार्टियों वाले नेताओं को चुनकर लाया गया और कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद और वामदल जैसे सेकुलर पार्टियों के तहत झारखंड में महागठबंधन की सरकार तो बन गई। मुख्यमंत्री चुने गए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन। कांग्रेस कोटे से और आरजेडी से भी मंत्री बनाये गये। उम्मीद यही थी कि अब मॉबलिंचिंग पर विराम लगेगा। अल्पसंख्यकों के जो अधूरे सपने हैं। झारखंड बनने के बाद से लेकर 24 सालों में अब तक यह कहकर पूरी नहीं की गई है कि बहुमत की सरकार नहीं है। बहुमत की सरकार रघुवर दास बनी थी तो उन्होंने भी अल्पसंख्यकों के सपनों को पूरा नहीं किया।

### विधानसभा में आलमगीर आलम का आया था बयान

14 मार्च 2021 बजट सत्र के दौरान सदन में मॉब लिंचिंग पर संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने 2016 से 2021 के बीच 46 घटनाओं को स्वीकार किया थे। साथ ही ये कहा कि अब तक 11 मामलों को निष्पादित करते हुए 51 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है? मुआवजा देने की प्रक्रिया डिस्ट्रिक्ट जज, डीसी, एसपी वाली तीन सदस्यीय कमेटी के द्वारा होगी।इस घटनाक्रम को रोकने के लिए झारखंड की हेमंत सरकार ने मॉब लिंचिंग पर लगाम कसने के लिए भीड़ हिंसा एवं भीड़ लिंचिंग निवारण विधेयक का मसौदा सदन से पारित करवा लिया था जिसे तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने कुछ तकनीकी कारणों से वापिस लौटा दिया।

### हेमंत सोरेन सरकार में मॉब लिंचिंग की घटना

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार आने के बाद से मॉब लिंचिंग के शिकार हुए लोगों में 11 आदिवासी, तीन मुसलमान और चार हिंदू हैं। ये सभी घटनाएं अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के बीच हुई हैं। जबकि 2022 से 7 जुलाई 2024 कांके निवासी अख्तर अंसारी तक शामिल हैं , इस तरह से संख्याएं बढ़ी है। लेकिन कुछ ऐसे भी मामले हैं जिसमें मॉब लिंचिंग का मामला दर्ज नहीं किया गया है। ज्यादा तरह घटनाएं बकरी,गाय, प्रतिबंधित मांस,चोरी आदि को लेकर की गई है। लेकिन इस पूरे मामले में सेक्युलर पार्टी सत्ता पक्ष के किसी नेता, विधायक, सांसद, मंत्री ने विरोध प्रदर्शन नहीं किया।

### इमरान, हफीजुल, आलमगीर भी चूप

तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के सरकार में तबरेज अंसारी की मॉब लिंचिंग घटना पर जामताड़ा के कांग्रेस विधायक वर्तमान के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने खूब हाय तौबा मचाया था, लेकिन जब इनकी सरकार बनी और मॉबलिंचिंग की घटनाएं हुई तो वे चुप हो गए, इतना ही नहीं 10 जून 2022 को पीड़ित परिवार के घर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश की टीम के साथ पहुंचे तो जरूर लेकिन जब मंत्री बने और जो घटनाएं तो पीड़ित के घर जाना तो दूर इन पर कुछ बोलना भी गवारा नहीं किया। अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन को कई संगठनों ने मेमोरंडम दिए, आलमगीर आलम जेल में ही बंद हैं।

### विधानसभा से पहले कुछ होगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी द्वारा गिरफ्तार का जेल भेजे गये। करीब 149 दिनों के बाद भी जेल से बाहर आए। जब जेल में बंद थे तो लोकसभा का चुनाव हुआ था और पांच संसदीय क्षेत्र में इंडियन गठबंधन को विजय प्राप्त हुई। अब नवंबर दिसंबर में विधानसभा चुनाव होना है अब देखना यह है कि चुनाव से पहले अल्पसंख्यक मुसलमानों के लिए यह सेक्युलर सरकार क्या करती है।

### उर्दू शिक्षकों की बहाली

झारखंड गठन के बाद से प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के लिए 4,401 पद स्वीकृत हैं। इनमें 689 पदों पर नियुक्ति हुई है। जबकि 3,712 पद रिक्त हैं। अब स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्वीकृत एवं रिक्त 3,712 पदों को सरेंडर कर दिए हैं। राज्य के सभी जिलों के प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत उर्दू छात्रों के आधार पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने उर्दू के लिए कुल 7,981 सहायक आचार्य के पद सृजित किए जाने की अनुशंसा की थी। इनमें कक्षा एक से पांच के लिए 6,167 तथा छह से आठ के लिए 1,754 पद सम्मिलित हैं, लेकिन, प्राथमिक विद्यालयों में इंटर प्रशिक्षित 689 उर्दू सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। इसलिए, राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांच के लिए 5,478 तथा मध्य विद्यालयों में कक्षा छह से आठ के लिए 1,754 (कुल 7232 पद) सहायक आचार्य का पद सृजित किए जा रहे हैं। इस नये परिवर्तन का विरोध छात्र नेता एस अली वगैरह कर रहे हैं।

### वधशाला निर्माण की मांग

अविभाजित बिहार के समय से चला आ रहा गोवंशीय पशु अधिनियम 2005 के तहत झारखंड में सभी वधशालाएं तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सरकार द्वारा बंद कर दी गई, जिससे झारखंड के करीब 5 लाख से अधिक इस कारोबार से जुड़े लोगड्डबेरोजगार हो गये। न सिर्फ कुरैश बिरादरी बल्कि अंसारी,बड़े पैमाने पर किसान, ग्रामीणों को अधिक नुकसान हुआ और गौ तस्करी बढ़ी है। जिससे राज्य सरकार को महीने का करोड़ का राजस्व नुकसान हो रहा है। जबकि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत देश के युपी, दिल्ली,मेरठ, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र सहित कई प्रदेशों के जिलों में काड़ा,भैंसा के लिए राज्य सरकार वधशाला निर्माण कराकर दी है। जिससे वहां की सरकार को करोड़ों राशि का मुनाफा हो रहा है, और अवैध कारोबार, पशु तस्करी पर भी विराम लगा है। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी 2005 से ही संवैधानिक तरीके से मांग कर रहे हैं।

## जेएसएफसी गोदाम तमाड़ व बुण्डू का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, रांची प्रदीप भगत द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य निगम गोदाम, तमाड़ एवं बुण्डू तथा प्रखण्ड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गोदाम में भण्डार पंजी एवं आगत पंजी 15.07.2024 तक संधारित पाया गया। पंजी के अनुसार गोदाम में रखे खाद्यान्न का मिलान करने पर भण्डारित खाद्यान्न की मात्रा संतोषजनक पाई गई।निरीक्षण के दौरान गोदाम में चीनी एवं नमक भण्डारित पाया गया। सहायक गोदाम प्रबंधक को निदेशित किया गया कि युद्ध स्तर से नमक का डोर स्टेप डिलीवरी करायें। साथ ही निदेशित किया गया कि जिन डीलरों द्वारा चीनी मद में राज्य खाद्य निगम के बैंक खाते में राशि जमा कर दिया गया उन डीलरों का भण्डार निर्गमादेश कार्यालय द्वारा निर्गत किया जा चुका है, उन डीलरों का चीनी युद्ध स्तर से डीएसडी करायें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत द्वारा चीनी एवं नमक ससमय उठाव एवं वितरण नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गयी।



## पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता निबंधन कैंप आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार 18 जुलाई 2024 को द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता निबंधन कैंप का आयोजन रांची महिला महाविद्यालय रांची में किया गया। जिसमें कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं को प्रपत्र-6 तथा प्रपत्र-8 के बारे में जानकारी दी गई एवं इसके साथ ही साथ VOTER HELPLINE APP के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रोफेसर इंचार्ज डॉ विनीता सिंह, श्वद्यष्ट नोडल पदाधिकारी डॉ प्रज्ञा गुप्ता, संस्कृत विभाग अध्यक्ष डॉ उषा किरण, दर्शनशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ आरती मोदक एवं अन्य उपस्थित रहें।


## विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने पांच डीलरों को किया शोकॉज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की मिल रही शिकायत पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, रांची मोनी कुमारी द्वारा 18 जुलाई 2024 को अनुभाजन क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। वार्ड संख्या-02 के जन वितरण प्रणाली दुकानों में वेइंग मशीन पर अलग से वजन (बटखरा) रख कर कम वजन कर खाद्यान्न की आपूर्ति एवं किसी को सिर्फ गेहूं तो किसी को सिर्फ चावल देने की शिकायत प्राप्त हुई थी। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा विनोद कुमार सिंह (अनुज्ञप्ति सं.-119/87), कलावती देवी (अनुज्ञप्ति सं.-02/17) शकुन्तला देवी (अनुज्ञप्ति सं.-46/2018) के दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। एसओआर द्वारा तीनों डीलरों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। औचक निरीक्षण के दौरान पंकज कुमार (अनुज्ञप्ति सं.-34/2018), प्रदीप कुमार शर्मा (अनुज्ञप्ति सं.-25/2018) की दुकानें बंद पायी गयी। इन दोनों से भी स्पष्टीकरण की मांग की गयी, संतोषप्रद स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।



## मैक्लुस्कीगंज में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची से सटे मैक्लुस्कीगंज में फिर से दहशत पनप रहा है। एक बार फिर उग्रवादियों ने दिन दहाड़े तांडव मचाया है। गुरुवार को दिन के उजाले में उग्रवादियों ने यहां सड़क निर्माण कार्य में लगी एक कंपनी की साइट पर गोलियां चलाकर दहशत बढ़ा दी है। बताया जा रहा है दोपहर कुछ हथियारबंद अपराधी कंस्ट्रक्शन साइट पर घुसे और गोलीबारी की। इस घटना में मुंशी भूपेंद्र यादव को गोली लगी है। आनन-फानन में उसे रिम्स लाया गया। जहां उसे बचाया नहीं जा सका। घटना के बाद कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। घटना नकटा पहाड़ जाने वाले क्षेत्र में एक पुल निर्माण का काम चल रहा था। मृतक भूपेंद्र मुरपा का रहने वाला था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस इलाके में सर्च अभियान चला रही है। खबर है कि उग्रवादियों ने बीते मंगलवार को भी मजदूरों के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद कंपनी ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई थी। सूत्रों की माने तो यह घटना कृष्णा यादव का नाम आ रहा है।

## इमरान प्रतापगढ़ी 20 को आयेंगे रांची

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी 19 को नहीं अब 20 जून को रांची आएंगे। बताया जा रहा है कि वह सीट शेयरिंग की मीटिंग में जुटे हुए हैं, जिस कारण से उनका शेड्यूल अब चेंज हो गया है। अब 20 जून को रांची आएंगे जहां पर वह झारखंड में हुए मॉबलिंचिंग की घटना कि मृतक आश्रितों के परिजन से मिलेंगे और उनकी पुरी समस्याओं से अवगत होंगे। इसके बाद पत्रकारों को भी संबोधित करेंगे । बता दे कि इमरान प्रतापगढ़ी पहले 13 जून को आने वाले थे फिर उनका आना 19 जून हो गया था , लेकिन अब 20 जून को आने की बात कही जा रही है।

## अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान को कई अखाड़ा कमेटी ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान मंगलवार को अपना दो दिवसीय बाबा नगरी देवघर एवं दुमका के समीक्षा बैठक के बाद जमशेदपुर पहुंचे। मोहर्रम के 10 तारीख को श्री खान विभिन्न अखाड़ा एवं लंगर में हिस्सा लिए।

जिसमें विशेष कर जुगसलाई में कई अखाड़ों में शिरकत के बाद गोलमुरी मुस्लिम बस्ती के अखाड़े में हिस्सा लिया। गोलमुरी में ही मस्जिद के करीब कई लंगरों में भी शिरकत किया। वहां से भालूबासा अखाड़ा नंबर 4 में हिस्सा लेते हुए साकची में कई वर्षो से संचालित स्वर्ग्य अब्दुल मजीद द्वारा शुरू किए गए लंगर में हिस्सा लिए। वहां पर लोगों को अपने हाथ से भी काफी देर तक लंगर बांटने का काम किया। फिर रानी कूदर स्थित अखाड़ा में हिस्सा लिए और फिर एम-2 मोड़ के अखाड़े में हिस्सा लेते हुए धतकीडीह स्थित जेएमएम नेता फिरोज खान के अखाड़ा कमेटी द्वारा रखे हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सभी जगह पर श्री खान ने आपसी भाईचारगी के साथ शांतिपूर्वक तरीके से अखाड़ा उठाने की अपील की। उन्हें सभी जगहों पर पगड़ी पहनकर और तलवार भेंट देकर सम्मानित किया गया।



## आरपीएफ ने गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने गुरुवार को बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार अवैध मादक पदार्थो और शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 14.4 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तरप्रदेश के एटा निवासी मोहित परासर और बिहार के बेतिया निवासी विकास कुमार सिंह शामिल है। बरामद गांजा की कीमत सात लाख 22 हजार आंकी गयी है। उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने गुरुवार को बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार अवैध मादक पदार्थो और शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 15027, संबलपुर गोरखपुर एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को भारी बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया । संदेह के आधार पर उसे व्यक्ति के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें से गांजा बरामद किया गया। उसके निशानदेही पर एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । वह अगली बोगी से पकडा गया और उसके पास से भी गांजा बरामद किया गया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि गांजा को ओडिशा के संबलपुर से लेकर हटिया पहुंचे थे, गांजा को अपने निजी लाभ के लिए ऊंची कीमत पर उत्तरप्रदेश में बेचा जाना था।



## रिम्स में 10.6 किलो के स्तन ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिम्स को एक महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि हासिल हुई है। गुरुवार को रिम्स के सामान्य शल्य चिकित्सा विभाग के डाक्टरों ने एक 60 वर्षीय महिला से 10.6 किलोग्राम का स्तन ट्यूमर सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर के हटाया गया है। पिछले 15 वर्षों से इस बीमारी से पीड़ित महिला के जीवन की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो गई थी और ट्यूमर के आकार के कारण चलने-फिरने और दैनिक गतिविधियों को करने में असमर्थ हो गई थी। कुछ समय पहले वह रिम्स में बेहतर इलाज के लिए भर्ती हुई थी7 उम्र और कई हृदय संबंधी जटिलताओं के कारण यह अत्यधिक जोखिम भरी सर्जरी थी, जिसे प्रोफेसर शीतल मलुआ के मार्गदर्शन में सर्जरी व निश्चेतना विभाग के चिकित्सकों की ओर से अत्यंत कुशलता और सटीकता के साथ पूरा किया गया। सर्जिकल टीम में डॉ. कृष्ण मुरारी, डॉ. खुशबू रानी, डॉ. जेनिथ एच. केरकेट्टा, डॉ. अभिषेक साव और डॉ. नेयाज़ शामिल थे। निश्चेतना की टीम में डॉ. विश्वनाथ, डॉ. भारती और डॉ प्रियंका शामिल थीं। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में काफी तेजी से सुधार हो रहा है।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# झामुमो जिला अध्यक्ष ने विद्युत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** तोरपा प्रखंड के सुंदारी सेमर टोली में नये विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने फीता काटकर किया।तीन माह पूर्व ट्रांसफार्मर ख़राब हो गया था. जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी. इसकी जानकारी जुबैर अहमद को मिली. उन्होंने बिद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने को कहा . इसके बाद यहां नया ट्रांसफर्मर लगा दिया गया. सुंदारी सेमर टोली के प्रदीप महतो ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के लग जाने से यहां पर 50 एकड़ में सिंचाई होगी. बिजली नहीं रहने से किसानों को परेशानी हो रही थी. सिंचाई नहीं होने से किसान खेती नहीं कर पा रहे थे. ट्रांसफार्मर उद्घाटन के बाद जिलाध्यक्ष ने किसानों के साथ बैठक किया. उन्होंने उन्हें राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा कहा कि राज्य सरकार गरीब व किसानों के कल्याण के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रही है. हेमंत सोरेन की सरकार ने किसानों का कृषि ऋण भी माफ किया है. किसानों को खाद बीज उपलब्ध करा रही है. उन्होंने कहा कि जबसे राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है यहां के सभी वर्गो का विकास तेजी से हो रहा है. उन्होंने कहा कि झामुमो लोगों की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहता है. बैठक का संचालन सुंदारी पंचायत के मुखिया सुकुमार लिंडा ने किया. मौके पर झामुमो नेता सुदीप गुड़िया, प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, मोजीर अंसारी, जयदीप तोपनो, नितीश भेंगरा आदि उपस्थित थे।

# पिपरवार के बहेरा मे मुहर्रम सद्भावना मेल सह लाठी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# हजरत इमाम हुसैन ने दिया आपसी भाईचारगी का संदेश : बरवार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा खेल मैदान में गुरुवार को मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और विशिष्ट अतिथि में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,झामुमो नेता मनोज चंद्रा,श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी,विद्यापति सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन सलीम जावेद ने किया।

इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर एवं पगड़ी पहनाकर किया गया, जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं लाठी खेल कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में विभिन्न इलाकों से आयी अखाड़ा टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।कार्यक्रम के अंत में सभी अखाड़ा टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने पुरी दुनिया में आपसी भाईचारगी और अमन चैन का संदेश देने का काम किया है।अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले हजरत इमाम हुसैन की शहादत को लोग आज भी याद करते है।उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाकर न्याय को जीत दिलाने का काम किया था। उनकी शहादत को आज भी लोग मातम के रूप में मनाते हैं।वर्तमान में उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है।इस मौके पर आशिक अली उर्फ बाढ़ो मियां,कासिम उर्फ मुन्ना,मोहम्मद असलम, सलीम जावेद,फहीम रजा, मोहम्मद इरफान,हाजी तनवीर,हाजी कमाल,बासुदेव साव,मोहम्मद ताज,आशिक अली,अब्दुल अंसारी,कयूम अंसारी,जाहिद अली, मोहम्मद वसीम,लियाकत अंसारी,इदरीश अंसारी, शकील अंसारी,नईम अंसारी, मोहम्मद जुलफाम,अरशद अंसारी,खुर्शीद आलम,मन्जुर आलम,मोहम्मद फैयाज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# आजसू पार्टी की चूल्हा प्रमुख की समीक्षा को लेकर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधान सभा स्तरीय बैठक में केन्द्रीय पदाधिकारी जिला पदाधिकारी, प्रखण्ड पदाधिकारी,पंचायत प्रभारीयों का बैठक किया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय प्रवक्ता माननीय डा देवशरण भगत जी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायत के प्रभारी अपने अपने पंचायत में ग्राम प्रभारीयों के सहयोग से 21 जुलाई तक 10 हजार चूल्हा प्रमुखों का गठन पूरा कर लेना है इसके पश्चात शपथग्रहण समारोह की तैयारी कर जुलाई माह के अंतिम सप्ताह तक कर लेना है। इस मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय संगठन सचिव सह खिजरी विधान सभा प्रभारी जयपाल सिंह,केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव,महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सचिव सरिता देवी, मनीष नाथ,लक्ष्मीनारायण महतो,उमेश महतो,काशीनाथ महतो,जलनाथ चौधरी,संजीव कुमार सिंह,रामधन वेदिया,बैजनाथ महतो,रोशन लाल मुण्डा,दिगम्बर महतो,संजय तिर्की,जगरनाथ महतो,धर्मेन्द्र सिंह किरण देवी,राजू उराँव, डॉ पार्थ, निर्मला देवी,सुनीता हँस, चमरा बिंहा आदि सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कुरमी/ कुडमी ( महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के प्रमुख साथियों का बैठक गुरुवार को समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के प्रधान कार्यालय पतराहातु सिल्ली रांची में संयोजक लालचन महतो कि अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्यरुप से दिनांक 23/07/2024 दिन मंगलवार को देवेन सेवा संघ जगबन्धु कलोनी जमशेदपुर के आहुत बैठक कि तैयारी का समिक्षा एवं सफलता के सम्बन्ध में गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के फाउंडर सदस्यों, पदाधिकारियों, प्रमंडल प्रभारियों, जिला प्रभारियों,कोर कमिटी के सदस्यों, प्रखंड प्रभारियों एवं प्रमुख समाजसेवियों को व्यक्तिगत रुप से सूचित किया जाए तथा इसका जिम्मेदारी संयोजक लालचन महतो, बंगाल प्रभारी सुभेन्दु माहातो पुरुलिया , निवारण चन्द्र माहातो बागमुन्डी , दिनेश चंद्र महतो सोनुआ पश्चिमी सिंहभूम,(कोल्हान प्रमंडल प्रभारी), प्रभु दयाल महतो पुर्व प्रमुख गोमिया सह उत्तरी छोटानागपुर एवं संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी को सौंपी गई है। इस बैठक में समाज के? वर्तमान परिस्थितियों, जो अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने के लिए आगे कि रणनीति बनाने, समाज में एकजुटता कायम रखने के साथ साथ समाज के महत्वपूर्ण समस्याओं के सम्बन्ध में निर्णय लिया जाएगा।

# बहेरा और कल्याणपूर मे निकाला गया अखाड़ा जुलुश



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में आयोजित मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता से पूर्व बहेरा और कल्याणपुर गांव से अखाड़ा जुलूस निकाला गया।जानकारी के अनुसार कल्याणपुर चौक से अखाड़ा जुलूस की शुरुआत की गई जो पूरे इलाके का भ्रमण किया,जबकि बहेरा कर्बला मैदान से बहेरा समिति द्वारा अखाड़ा जुलूस की शुरुआत की गई जो इलाके का भ्रमण करते हुए कल्याणपुर पहुंचा, जहां दोनों टीमों का मिलान हुआ और एक साथ दोनों टीम मिलकर बहेरा मेलाटांड़ पहुंचा।इस दौरान अखाड़ा जुलूस में शामिल दोनों टीम के द्वारा रास्ते में कई जगह पर रुक-रुककर एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया गया।साथ ही ढोल की धुन पर जमकर नारेबाजी की।इस दौरान हजरत इमाम हुसैन के नारे भी लगाए गए।जुलूस में मुख्य रूप से मुहर्रम समिति कल्याणपुर के अध्यक्ष अब्दुल अंसारी,सचिव कयूम अंसारी,इदरीस अंसारी, लियाकत अंसारी,शकील अंसारी,नईम अंसारी,मुख्तार अंसारी,जमीर अंसारी,वसीम अकरम,जावेद अंसारी,गुलाम रब्बानी,मोहम्मद असलम, अरशद अंसारी,मोहम्मद शब्बीर,मोहम्मद शमसुद्दीन, मोहम्मद सद्दाम,मोहम्मद सज्जाद,मोहम्मद आजाद, सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# हाईवा ऑनरो ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई के काम में लगे हाईवा डंपर के मालिकों ने पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक से मुलाकात कर उन्हे ज्ञापन सौंपा है।हाईवा ऑनरो द्वारा सौंपे गये ज्ञापन मे एकेटी ट्रांसपोर्ट कंपनी से बकाया भाड़ा भुगतान कराने की मांग की है।ज्ञापन के माध्यम से ऑनरो ने बताया कि एकेटी ट्रांसपोर्ट कंपनी का कोयला ढुलाई का काम 3 जून 2024 तक चला है,जिसके बाद एकेटी कंपनी का संविदा खत्म हो गया,इसके बाद जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का काम चालू हो गया।एकेटी कंपनी को सीसीएल के द्वारा पेमेंट कर दिया गया है, लेकिन एकेटी कंपनी के द्वारा हाईवा ऑनरो को मई एवं जून महीने का भाड़ा का भुगतान नही किया जा रहा है,जिसके कारण हाईवा ऑनरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन के माध्यम से प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि यदि पांच दिनों के अंदर भाड़ा का भुगतान नहीं किया गया है तो हाईवा ऑनरों के द्वारा सीएचपी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई के काम को बंद कर दिया जाएगा।

# बचरा दक्षिणी व उतरी पंचायत मे मतदाता शिविर आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय और बचरा उतरी पंचायत के मिडिल स्कूल में आज मतदाता शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस शिविर मे 18 वर्ष एवं उसके उपर उम्र के लोगो का मतदाता सूचि मे नाम जोड़ने एव सुधारने के लिए आवेदन जमा लिया जाएगा। शिविर मे पासपोर्ट साइज फोटो,मैट्रीक सटिर्फिकेट/आधार कार्ड/जन्म प्रमाण/ पत्र या अपना परिवार के सदस्य का वोटर कार्ड का फोटो कॉपी,बैंक पासबुक/ पोस्ट - ऑफिस पासबुक / गैस कनेक्शन बुक,मोबाइल नम्बर/मेल आईडी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।दोनो पंचायत के लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।यह जानकारी बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी और बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।

# पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने सीएमयू प्रतिनिधियो के साथ की परिचय बैठक



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय मे पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कोलफील्ड मजदुर युनियन पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी के साथ परिचय बैठक की।इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार जीएम संजीव कुमार और संचालन एसओपी नागेश गोपालन ने किया।इस बैठक मे सीएमयु के प्रतिनिधियो पिपरवार जीएम संजीव कुमार का बुके देकर स्वागत किया।जिसके बाद युनियन के प्रतिनिधियो ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया।बैठक मे कोयला मजदुरो की कई ज्वलंत समस्याओ पर चर्चा की गई।जिसमे मुख्य रूप से पिपरवार से चुनाव ड्यूटी पर गये कर्मचारियो को चुनाव पैकेज देने,संडे ड्युटी मे की जा रही कटौती को बन्द करने,शुद्व पेयजल,बिजली, आवास मरम्मत,आवासीय परिसर की साफ सफाई, रीजनर स्टोर शेड रिपेयर, झाड़ी सफाई करने सहित कई समस्याओ से प्रबधंन को अवगत कराया गया।साथ ही कोयला मजदुरो की समस्या से संबंधित बातो पर चर्चा की गई।बैठक मे जीएम संजीव कुमार ने समस्याओ के समाधान करने का भरोसा दिया।बैठक मे भीम सिंह यादव,रामु गोप,अनिल कुवंर, हरिवंस महतो,बलदेव यादव, रविन्द्र सिंह,गाँधीराम साहू, अकलू यादव,बसंत कुमार, एसडी राम,बिरेन्द्र महतो, सुधीर सिंह,बनवारी महतो, भरत महतो,विकाश मिंज, संतोष यादव,दिलीप कुमार, विश्वनाथ यादव,महेश मुंडा, अभिषेक कुमार,कृष्णा मिस्त्री,अजय कुमार यादव, सेवा उराव सहित युनियन के कई लोग उपस्थित थे।

# सिंदरी में युवाओं ने झामुमो की सदस्यता ली



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सिंदरी गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रुप में स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जेएमएम के केंद्रीय कमेटी सदस्य भोला लाल ने की वहीं कार्यक्रम का संचालन सैयद केमरूजमा ने किया।इस दौरान जेएमएम के समीउल्लाह अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति आस्था व्यक्त करते प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया जिन्हें विधायक विकास कुमार मुंडा के द्वारा विधिवत जेएमएम का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करते हुए विधायक ने कहा कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है और बड़ी संख्या राज्य के कोने-कोने से लोग जेएमएम का दामन थाम रहे हैं ।


## झारखण्ड सरकार
## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

भू-अर्जन वाद संख्या-27 / 2023-24
भू-अर्जन वाद संख्या-28 / 2023-24
भू-अर्जन वाद संख्या-29 / 2023-24
भू-अर्जन वाद संख्या-30 / 2023-24
भू-अर्जन वाद संख्या-31 / 2023-24

### प्रारंभिक अधिसूचना
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)**

"चामा चौक से मैक्लुस्कीगंज दामोदर पुल पथ के कि०मी० 0.00 से 18.350 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा-दुली, लपरा, हेसालोंग, रामदगा, चामा एवं कोनका थाना सं० क्रमशः-10, 01, 02, 20, 21 एवं 08 अंचल-खेलारी एवं चान्हो, जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना-"**चामा चौक से मैक्लुस्कीगंज दामोदर पुल पथ के कि०मी० 0.00 से 18.350 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना**" हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा-दुली, लपरा, हेसालोंग, रामदगा, चामा एवं कोनका थाना सं० क्रमशः-10, 01, 02, 20, 21 एवं 08 अंचल-खेलारी एवं चान्हो, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा क्रमशः-**15.262, 1.381, 11.874, 8.449, 0.563** एवं **18.004** एकड़ कुल रकबा-**55.533 एकड़** भूमि मानक माप का भू-खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:-

**मौजा-हेसालोंग**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | 28 | 1040 | टाड़ दो | 0.064 | प्रसाद साहु वो लोधन साहु पिता रामधन साहु | 1041 | 1039 | 1040 | रास्ता |
| 62 | 28 | 1041 | टाड़ दो | 0.035 | प्रसाद साहु वो लोधन साहु पिता रामधन साहु | 1120 | 1040 | 1041 | रास्ता |
| 63 | 28 | 1120 | टाड़ दो | 0.056 | प्रसाद साहु वो लोधन साहु पिता रामधन साहु | 1121 | 1041 | 1120 | रास्ता |
| 64 | 58 | 1121 | टाड़ दो | 0.021 | मलुआ गंझु वो लालु गंझु पिता ठेपई गंझु | 1122 | 1120 | 1121 | रास्ता |
| 65 | 58 | 1122 | टाड़ एक | 0.034 | मलुआ गंझु वो लालु गंझु पिता ठेपई गंझु | 1123 | 1121 | 1122 | रास्ता |
| 66 | 87 | 1125 | मकान 1 सहन 1 | 0.037 | बकास्त भुईहरी | 1126 | 1122 | 1125 | रास्ता |
| 67 | 85 | 1126 | टांड़ 1 | 0.081 | बकास्त भुईहरी | 1127 | 1125 | 1126 | रास्ता |
| 68 | 85 | 1127 | टाड़ दो | 0.045 | बकास्त भुईहरी | 1129 | 1126 | 1127 | रास्ता |
| 69 | 28 | 1129 | टाड़ दो | 0.058 | प्रसाद साहु वो लोधन साहु पिता रामधन साहु | 1130 | 1127 | 1129 | रास्ता |
| 70 | 41 | 1130 | दोन तीन | 0.100 | विश्वनाथ साहु पिता बुकन साहु | 1138 | 1129 | 1130 | रास्ता |
| 71 | 28 | 1138 | टाड़ एक | 0.076 | प्रसाद साहु वो लोधन साहु पिता रामधन साहु | 1139 | 1130 | 1138 | रास्ता |
| 72 | 11 | 1139 | टाड़ एक | 0.107 | जानकी साहु वो मानीक साहु पिता दीनु साहु | 1199 | 1138 | 1139 | रास्ता |
| 73 | 58 | 1142 | टांड़ 1 | 0.162 | मलुवा गंझु वो लालु गंझु पिता-ठेबई गंझु | 1156 | 1199 | 1412 | रास्ता |
| 74 | 56 | 1156/1412 | टाड़ एक | 0.036 | मोहन गंझु लंगड़ा गंझु | 1157 | 1412 | 1156 | रास्ता |
| 75 | 5 | 1157 | टाड़ दो | 0.029 | कुन्दन गंझु, कानी गंझु, ठुठा गंझु, लालु गंझु, बुटना गंझु शीवा गंझु पिता वैजु गंझु | 1199 | 1156 | 1157 | रास्ता |
| 76 | 55 | 604 | टाड़ एक | 0.045 | मोहन गंझु लंगड़ा गंझु | 600 | 1199 | 604 | रास्ता |
| 77 | 13 | 600 | टाड़ दो | 0.037 | जीतु मुण्डा पिता फकीरा मुण्डा | 598 | 604 | 600 | रास्ता |
| 78 | 5 | 590 | टाड़ दो | 0.089 | कुन्दन गंझु, कानी गंझु पिता वैजु गंझु, ठुठा गंझु, वुरना गंझु पिता होरहा गंझु | 588 | 598 | 590 | रास्ता |
| 79 | 67 | 588 | टाड़ दो | 0.096 | शिवचरण साहु पिता भोला साहु | 587 | 590 | 588 | रास्ता |
| 80 | 5 | 587 | टाड़ दो | 0.072 | कन्दन गंझु वो कानी गंझु वो शीवा गंझु वो लालु गंझु पिता वैजु गंझु ठुठा वो वोदा वो वुटना गंझु पिता होररा गंझु | 586 | 588 | 587 | रास्ता |
| 81 | 53 | 586 | टाड़ दो | 0.012 | धमडुआ गंझु पिता पड़वा गंझु, महावीर गंझु वो बहादुर गंझु पिता जोगे शहली गंझु पिता शीटर गंझु | सीट2 | 587 | 586 | रास्ता |
| 82 | 77 | 385 | टाड़ दो | 0.109 | हारील साहु पिता बैजु साहु | 379 | सीट2 | रास्ता | 385 |
| 83 | 77 | 379 | टाड़ दो | 0.015 | हारील साहु पिता बैजु साहु | रास्ता | 379 | 385 | 377 |
| 84 | 25 | 377 | टाड़ दो | 0.054 | जदु मुण्डा, धर्मा मुण्डा, सोहराय मुण्डा पिता बुटन मुण्डा | रास्ता | 377 | 378 | 369 |
| 85 | 58 | 369 | टाड़ दो | 0.130 | मलुवा गंझु पिता ठेपई गंझु, लालु गंझु पिता ठेपई गंझु | 368 | 377 | रास्ता | 369 |
| 86 | 50 | 368 | टाड़ दो | 0.126 | मलुआ भोगता पिता ठेपई भोगता | 366 | 369 | रास्ता | 368 |
| 87 | 5 | 402 | टाड़ दो | 0.033 | कन्दन गंझु वो कानी गंझु वो शीवा गंझु वो लालु गंझु पिता वैजु गंझु ठुठा वो वोदा वो वुटना गंझु पिता होररा गंझु | 400 | 403 | 402 | रास्ता |
| 88 | 37 | 400 | टाड़ दो | 0.015 | वीदेशीआ गंझु पिता रोहन गंझु | 386 | 402 | 40 | रास्ता |
| 89 | 67 | 364 | टाड़ दो | 0.060 | शिवचरण साहु पिता भोला साहु | 363 | 386 | 364 | रास्ता |
| 90 | 17 | 363 | टाड़ दो | 0.055 | ठुरका गंझु पिता रामा गंझु | 386 | 364 | 363 | रास्ता |
| 91 | 58 | 362 | टाड़ दो | 0.119 | मलुआ गंझु वो लालु गंझु पिता ठेपई गंझु | 361 | रास्ता | 362 | रास्ता |
| 92 | 58 | 361 | टाड़ दो | 0.112 | मलुआ गंझु वो लालु गंझु पिता ठेपई गंझु | 356 | 362 | 361 | रास्ता |
| 93 | 53 | 356 | टाड़ दो | 0.095 | धमडुआ गंझु पिता पड़वा गंझु, महावीर गंझु वो बहादुर गंझु पिता जोगे शहली गंझु पिता शीटर गंझु | 355 | 361 | 356 | रास्ता |
| 94 | 7 | 355 | टाड़ दो | 0.079 | धमडुआ गंझु पिता पड़वा गंझु | 333 | 356 | 355 | रास्ता |
| 95 | 39 | 332 | टाड़ दो 2 | 0.316 | वीषुन शाह पिता मनरुप साहु | 333 | 356 | 355 | रास्ता |
| 96 | 78 | 331 | टाड़ दो | 0.162 | गैरमजरुआ मालिक | 321 | 331 | 330 | रास्ता |
| 97 | 39 | 330 | परती कदीम | 0.261 | वीषुन शाह पिता मनरुप साहु | 330 | 332 | 331 | रास्ता |
| 98 | 26 | 322 | टाड़ तीन | 0.184 | जीतन मुण्डा, बुधुवा मुण्डा पिता कन्हाई मुण्डा वीरपती मुण्डा पिता अधनु मुण्डा | 315 | 321 | 322 | रास्ता |
| 99 | 27 | 120 | टांड़ दो 1 | 0.005 | छोटका मुण्डा पेषरन, दीवीआ मुन्डा वो दरोगा मुन्डा पेषरान कोढ़ीआ मुन्डा | नदी | 123 | रास्ता | 120 |
| 100 | 27 | 123 | दोन तीन 2 | 0.008 | छोटका मुण्डा पेषरन, दीवीआ मुन्डा वो दरोगा मुन्डा पेषरान कोढ़ीआ मुन्डा | 120 | शीट | रास्ता | 123 |
| 101 | 78 | 127 | परती कादीम | 0.09 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | शीट | 127 | रास्ता |
| 102 | 78 | 1352 | परती कदीम | 0.023 | गैरमजरूआ | 1354 | 1354 | 1352 | रास्ता |
| 103 | 78 | 889 | मंजोला जंगल | 0.517 | गैरमजरूआ मालिक | 914 | सीमा | रास्ता | 889 |
| 104 | 78 | 909 | नाला 0 | 0.080 | गैरमजरूआ मालिक | 908 | 874 | रास्ता | 909 |
| 105 | 78 | 874 | टाड़ दो | 0.074 | गैरमजरूआ मालिक | 873 | 910 | रास्ता | 874 |
| 106 | 78 | 608 | परती कदीम | 0.034 | गैरमजरूआ मालिक | 607 | 609 | रास्ता | 608 |
| 107 | 78 | 378 | परती कदीम | 0.062 | गैरमजरूआ मालिक | रास्ता | 378 | 379 | 377 |
| 108 | 78 | 366 | टाड़ दो | 0.374 | गैरमजरूआ मालिक | सीमाना | 367, 368 | रास्ता | 366 |
| 109 | 78 | 319 | मंझोला जंगल टाड़ तीन | 0.904 | गैरमजरूआ मालिक | 317 | सीमाना | रास्ता | 319 |
| 110 | 78 | 333 | परती कदीम | 0.168 | गैरमजरूआ मालिक | 332 | 355 | 333 | रास्ता |
| 111 | 78 | 321 | परती कदीम | 0.256 | गैरमजरूआ मालिक | 322 | 330 | 321 | रास्ता |
| 112 | 78 | 320 | मंझोला जंगल | 1.285 | गैरमजरूआ मालिक | सीमाना | 322 | 320 | रास्ता |
| 113 | 78 | 315 | मंझोला जंगल | 1.261 | गैरमजरूआ मालिक | मिलान शीट | 322 | 315 | रास्ता |
| | | | कुल | 11.874 | | | | | |

**मौजा-रामदगा**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 36 | 194 | टांड 2 | 0.079 | रामप्रसाद साहू वल्द लालू साहू | मिलान शीट | 227 | 226 | 193 |
| 2 | 10 | 228 | टांड 2 | 0.178 | जेतलाल साहू वो जानकी साहू पेसरान – सीता राम साहू | मिलान शीट | 227 | मिलान शीट | 194 |
| 3 | 14 | 229 | टांड 3 | 0.277 | जैराम साहू वल्द निरपत साहू | मिलान शीट | 223 | 230 | 227 |
| 4 | 10 | 234 | टांड 2 | 0.135 | जेतलाल साहू वो जानकी साहू पेसरान – सीता राम साहू | 250 | 236 | 233 | 229 |
| 5 | 10 | 233 | टांड 3 | 0.005 | जेतलाल साहू वो जानकी साहू पेसरान – सीता राम साहू | 250 | 234 | 232 | 234 |
| 6 | 10 | 232 | टांड 3 | 0.039 | जेतलाल साहू वो जानकी साहू पेसरान – सीता राम साहू | 231 | 233 | 240 | 233 |
| 7 | 9 | 251 | टांड 2 | 0.198 | चरका गंझू वल्द – हरदेआल गंझू | मिलान शीट | 254 | 252 | 231 |
| 8 | 35 | 255 | टांड 2 | 0.017 | रामदास साहू वल्द शुखु साहू | 254 | 248 | 256 | 250 |
| 9 | 40 | 256 | टांड 2 | 0.183 | लुटुवा मुंडा वल्द ननकू मुंडा | 254 | 257 | 254 | 255 |
| 10 | 9 | 252 | टांड 2 | 0.007 | चरका गंझू वल्द – हरदेआल गंझू जाति – भोगता | मिलान शीट | 254 | 253 | 251 |
| 11 | 28 | 258 | टांड 2 | 0.087 | चमरा लोहार पेशरान – रघु लोहा व नन्दु लोहार पेशरान – वलुक – लोहार | 253 | 265 | 259 | 257 |
| 12 | 28 | 259 | टांड 2 | 0.066 | भोका लोहार वो नंदू लोहार वो चम्राए लोहार वो मनबोध लोहार वगेरह वगेरह पेशरण रांधु लोहार | 253 | 254 | 261 | 258 |
| 13 | 30 | 260 | टांड 3 | 0.248 | महाबीर साह वो मंबोअध साह पेशरण किशुन साह | 253 | 268 | 260 | 259 |
| 14 | 18 | 115 | परती कदीम | 0.211 | दुखना उरांव वल्द संकू उरांव | 115 | रोड | मिलान शीट | 114 |
| 15 | 20 | 114 | परती कदीम | 0.333 | दुदिया उरांव वल्द शोहरई उरांव | 114 | रोड | 115 | 45 |
| 16 | 20 | 117 | परती कदीम | 0.18 | दुदिया उरांव वल्द शोहरई उरांव | रोड | 117 | मिलान शीट | 721 |
| 17 | 16 | 42 | टांड 2 | 0.05 | तिरलोकी साहू वल्द लालमन भगत | 44 | 42 | 44 | 44 |
| 18 | 37 | 41 | टांड 2 | 0.119 | रामपाल साहू वल्द लालू साहू | 44 | 41 | 42 | 40 |
| 19 | 36 | 40 | टांड 2 | 0.369 | रामप्रसाद साहू वल्द लालू साहू | 40 | 40 | 38 | 39 |
| 20 | 10 | 39 | टांड 2 | 0.005 | जेतलाल साहू वो जानकी साहू पेसरान – सीता राम साहू | 39 | मिलान शीट | 40 | मिलान शीट |
| 21 | 50 | 250 | परती कदीम | 0.425 | गैरमजरुआ मालिक | 231 | 249 | 255 | 232 |
| 22 | 50 | 253 | जंगल झाड़ी | 0.092 | गैरमजरुआ मालिक | मिलान शीट | 260 | 253 | 252 |
| 23 | 50 | 279 | जंगल झाड़ी | 0.114 | गैरमजरुआ मालिक | 253 | 279 | 279 | 260 |
| 24 | 50 | 24 | जंगल मंझीला | 0.177 | गैरमजरुआ मालिक | रोड | 24 | 16 | मिलान शीट |
| 25 | 50 | 16 | जंगल मंझीला | 1.642 | गैरमजरुआ मालिक | रोड | 16 | 15 | 24 |
| 26 | 50 | 27 | जंगल मंझीला | 0.537 | गैरमजरुआ मालिक | 32 | रोड | रोड | 27 |
| 27 | 50 | 1 | जंगल मंझीला | 0.374 | गैरमजरुआ मालिक | 1 | रोड | मिलान शीट | रोड |
| 28 | 50 | 44 | परती कदीम | 0.843 | गैरमजरुआ मालिक | 44 | 44 | 45 | 41 |
| 29 | 50 | 38 | जंगल मंझीला | 0.13 | गैरमजरुआ मालिक | 38 | 40, 41 | 44 | 40 |
| 30 | 50 | 721 | जंगल झाड़ी | 0.492 | गैरमजरुआ मालिक | रोड | 721 | 117 | 44 |
| 31 | 50 | 45 | जंगल मंझीला | 0.837 | गैरमजरुआ मालिक | 45 | रोड | 114 | 44 |
| | | | कुल | 8.449 | | | | | |

**मौजा-चामा**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 1519 | टांड-2 | 0.037 | बकास्त मालिक | 1522 | 1518 | 1516 | 1520 |
| 2 | 5 | 1516 | टांड-2 | 0.189 | बकास्त मालिक | 1515 | 1517 | 1512 | 1519 |
| 3 | 78 | 1512 | टांड-2 | 0.058 | लखना उरांव वो गोमय उरांव | 1514 | 1554 | 1511 | 1516 |
| 4 | 8 | 1514 | टांड-2 | 0.069 | सेख आमिर उद्दीन वल्द शेख अजिमुदीन वो गुलाम मोशर्फा वो महमद आवास पेशराण इमदाद अली | 1510 | 1512 | 1513 | 1516 |
| 5 | 58 | 1511 | टांड-2 | 0.173 | मंगला मुंडा वो गंदौरी मुंडा पेशरान भुकरा मुंडा | 1513 | 1554 | सिमाना | 1512 |
| 6 | 72 | 1513 | परती कदीम | 0.037 | रजु जोलहा वो रोपण जोलहा पेश्रान शोहर जोलहा | 1510 | 1511 | 1510 | 1514 |
| | | | कुल | 0.563 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 329566 Land Reforms(24-25)#D

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत विधायक ने किया 120 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार की कल्याण विभाग के द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत विधायक ने ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत मध्य विद्यालय टीकर में गुरुवार को 2023-24 के शैक्षणिक सत्र के अष्टम वर्ग के बच्चों के बीच साइकिल 120 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। अभी तक प्रखंड क्षेत्र के अष्टम वर्ग के उत्तीर्ण सभी विद्यालयों के 1334 छात्र छात्राओं को साइकिल दिया जाएगा। बीडीओ किकू महतो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील जोशी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बद्रीनाथ सिंह मुण्डा के उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं विधायक ने कहा कि बीना किसी भेदभाव से अष्टम वर्ग के सभी छात्रों को इसका लाभ मिल रहा है। कहा किशोरीयों के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है। मौके पर प्राचार्य अर्जुन सिंह मुण्डा,झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, नरेन गोप,अमीत सिन्हा, मधु गोप, दिपक राय आदि उपस्थित थे ।



## एचएमडी के 105 और 110 के 'खूब चलेगा' कैंपेन में दिखेंगे जिमी शेरगिल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुछ शानदार सेलिब्रिटी-पावर वाली खबरों के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि ह्यूमन मोबाइल डिवाइसेज (एचएमडी) ने जाने-माने अभिनेता और निर्माता, जिमी शेरगिल को अपने बहुचर्चित फीचर फोन लाइन-अप के नए चेहरे के रूप में शामिल किया है। हिंदी और पंजाबी फिल्म उद्योग के बेहद मशहूर अभिनेता, एचएमडी 105 और एचएमडी 110 से जुड़े विज्ञापन कैंपेन, खूब चलेगा के चेहरे के रूप में दिखाई देंगे, जिसका प्रसार ओओएच (आउट ऑफ होम) सोशल मीडिया और डिजिटल के जरिये होगा। ह्यूमन मोबाइल डिवाइसेज के साथ शेरगिल का जुड़ाव लाखों भारतीयों को विश्वसनीय और नवोन्मेषी संचार उपकरणों से जोड़ने के एचएमडी के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।एचएमडी इंडिया एवं एपीएसी के वीपी, रवि कुंवर ने हाल ही में हुए इस गठजोड़ के बारे में बात करते हुए कहा, हम एचएमडी के 105 और 110 के 'खूब चलेगा' कैंपेन के चेहरे के रूप में जिमी शेरगिल का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। देश भर के दर्शकों के साथ उनका जुड़ाव सभी को विश्वसनीय मोबाइल अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। जिमी शेरगिल ने इस नई भागीदारी के बारे में कहा, मैं ह्यूमन मोबाइल डिवाइसेज के साथ भागीदारी कर उत्साहित हूं। यह एक ऐसा ब्रांड जिसके फीचर फोन अपनी मज़बूती के लिए जाने जाते हैं और मेरी अपनी यात्रा तथा मूल्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं।




## एचएसबीसी म्यूचुअल फंड का नया डिजिटल अभियान शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने अपने एसआईपी को दो प्रोमोशन नामक एक अनोखा डिजिटल अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को एसआईपी टॉप-अप के बारे में जानकारी देना है। जैसे-जैसे हमारा जीवन आगे बढ़ता है, हमारे लक्ष्य, जीवनशैली, खर्चे, जीवन-यापन के व्यय और सपने भी बदलते रहते हैं। लेकिन कितने लोग अपने पैसों को उतना बढ़ाने के बारे में सोचते हैं जितना उसे बढ़ना चाहिए हमारा पैसा हमारी संपत्ति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे हम अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। सबको जीवन में ग्रोथ चाहिए, सबको नौकरी में प्रमोशन चाहिए, वैसे ही संपत्ति निर्माण के लिए आपकी एसआईपी को भी प्रमोशन चाहिए। इसे स्वीकार करते हुए, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने अपने एसआईपी को दो प्रोमोशन नामक इस अनोखे डिजिटल अभियान का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य एसआईपी टॉप-अप और दीर्घकालीन धनोपार्जन में इसकी भूमिका के बारे में निवेशकों को जागरूक करना और उन्हें जानकारी देना है। यह अभियान 30 सेकंड की तीन लघु फिल्मों की एक श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को अपने सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पर टॉप-अप सुविधा का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करना है। एसआईपी एक लोकप्रिय निवेश साधन है, जिसके माध्यम से निवेशक नियमित अंतराल (मासिक, त्रैमासिक आदि) पर म्यूचुअल फंड योजनाओं में एक निश्चित राशि का निवेश कर सकते हैं।



## प्राइम डे पर 20 और 21 जुलाई को कीजिए खुशियों भरी शॉपिंग

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपने कैलेंडर पर कुछ खास तारीखों को नोट कर लीजिए, क्योंकि प्राइम डे 2024 एक बार फिर 20 और 21 जुलाई को वापस आ रहा है। यह प्राइम डे अपने प्राइम मेंबर्स को भारी भरकम बचत करने, बेहतरीन डील हासिल करने और प्रमुख ब्रांड्स, स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस की ओर से नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट आदि के साथ-साथ अमेजन की फास्ट डिलीवरी और भरोसेमंद शॉपिंग अनुभव से भरपूर एक बेहतरीन शॉपिंग अनुभव देने का वादा करता है। अब आप भी बनाएं अपना हर पल फैशनेबल और 15,000 से ज्यादा नए प्रोडक्ट लॉन्च के साथ कीजिए जमकर खरीदारी। यहां पर ट्रेंडी कपड़ों से लेकर स्टाइलिश फुटवियर, बेहतरीन ब्यूटी प्रोडक्ट्स से लेकर खूबसूरत एक्सेसरीज़ और प्रीमियम ट्रैवल लगेज तक - आपकी लाइफस्टाइल के हर पहलू को बेहतर बनाने के लिए बहुत कुछ है। ग्राहक इस प्राइम डे के मौके पर अमेजन फैशन पर अपने पसंदीदा फैशन एंड ब्यूटी ब्रांड्स जैसे फॉरएवर 21, अमेरिकन टूरिस्टर, बीबा, एडिडास, प्यूमा, द डर्मा कंपनी, लक्मे, माइकल कोर्स, मोकोबारा, लेवी, जेनेमी, पियरे कार्डिन, क्रॉक्स, वीआईपी, फ्रेंच कनेक्शन आदि पर 50 से 80 प्रतिशत तक की छूट का फायदा उठा सकते हैं।




### खाद्य आपूर्ति मंत्री पहुँचे नोवामुंडी, किया एफसीआई गोदामों का निरीक्षण

# मिली कई गड़बड़ी, कार्रवाई का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** खाध आपूर्ति विभाग का पदभार संभालने के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता गरीबों के थाली तक अन्न पहुंचे इसके लिए लगातार गोदामों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं, इसका परिणाम हैं कि चाहे मंत्रालय हो या पीडीएस दुकानदार सभी रेस हो गए हैं, लगातार अधिकारी भी अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर रहे हैं, स्टॉक रजिस्टर अब अपडेट किया जा रहा हैं।मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि किसी ने भी अनाज चोरी करने या अनियमितता करने की कोशिश की तो कड़ी कार्यवाई की जाएगी। किसी को बक्शा नहीं जायेगा, जरूरत पड़ने पर जेल भेजा जायेगा। रांची, जमशेदपुर के बाद आज मंत्री बन्ना गुप्ता सरायकेला ब्लॉक के झारखंड स्टेट फूड कारपोरेशन के गौदाम में पहुंचे, जब गड़बड़ी पाई तो जमकर फटकार लगाया, उपस्थित अधिकारीयों की जमकर क्लास लगाई और भविष्य में गड़बड़ी नहीं करने की चेतावनी दी। उसके बाद पश्चिम सिंहभूम के झींकपानी और नोवामुंडी स्थित गोदामों का भी निरीक्षण किया, वहां भी गड़बड़ी पाई गई हैं जिसके बाद उन्होंने उच्च अधिकारीयों को दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया हैं। वहीं औचक निरीक्षण के दौरान मंत्री ने एसएफसीआई गोदाम के लोग बुक में पाया कि 14 मई 2024 को गाड़ी संख्या- बीआर 160975 से 12 ट्रिप ट्रांसपोर्टिंग की गई है जिसमे 4 ट्रिप ईचागढ़, 4 ट्रिप सरायकेला एवं 4 ट्रिप गम्हरिया है। यह जांच का विषय है। कहा डिस्पैच चालान के अनुसार उसमें लोडिंग कितने वजन की रही, यह सब जांच करवाने एवं नियमोचित कारवाई करने का आग्रह है।



## स्वास्थ्य मंत्री व खुंटी सांसद पहुंचे मरहूम पत्रकार शेख अलाउद्दीन के आवास, परिवारों को दी सांत्वना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** मंगलवार को सड़क हादसे में मारे गए वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन की परिजनों से गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता एवं खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा मुड़िया स्थित दिवंगत पत्रकार के आवास मिलने पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दुख के इस घड़ी में साथ खड़ा होने की बात कही। उन्होंने दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति की कामना की। खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि आज वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन हमारे बीच से चला जाना काफी दुखदाई का विषय है। वहीं खुंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तोडांगडीह बारुहातु व सोसोडीह गांव पहुंचे परिजनों से मिले।व अपने संवेदना जताई। बता दें कि बारुहातु गांव से बारात जाने के दौरान बिजली तार की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा के आप्त सचिव विक्की कुमार कांग्रेसी नेता छोटाराय किस्कू पूर्व मुखिया मानसिंह मुंडा मोहम्मद मुशाहिद प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा दशरथ उरांव, गुलाब सिंह सोय, राशिक लाल सोय, श्याम लाल सोय, बगुन सोय, मांगता समद, सुखारी सिंह मुंडा,नरेश सोय, हीरालाल सरदार इत्यादि उपस्थित थे।

## मॉर्निंग स्टार क्लब बाईडीह द्वारा आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का चैंपियन बना राधानगर एफसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** बाहुडा रथ यात्रा के अवसर पर कुचाई प्रखंड के बंदोलोहर पंचायत अंतर्गत बाईडीह फुटबॉल मैदान में मॉर्निंग स्टार क्लब बाईडीह के द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का धूमधाम के साथ समापन हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में पीबीबी ब्रदर्स को पराजित कर राधानगर एफसी की टीम चैम्पियन बनी। मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गागराई ने सभी विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट की विजेता टीम राधानगर एफसी को 45 हज़ार, उप विजेता टीम पीबीबी ब्रदर्स को 30 हज़ार रुपया पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, बेस्ट गोलकीपर एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।इस दौरान मुख्य रूप से समाजसेवी बासंती गागराई, जिप सदस्य जींगी हेम्ब्रम, मुखिया देवचरण हाईबुरू मंगल सिंह मुंडा समेत कमेटी के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## निजी खर्चा से विनोद राय ने करवाया पुल सड़क का मरम्मती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सुवर्णरेखा नदी पर बने तिरुलडीह घाट के पुल से रोजाना सैकड़ो लोग पार होते है। मगर इस तिरुलडीह पुल का हालात बहुत ही खराब हो गया है। हर जोड़ पर गड्ढे जैसा हो गया है।भाजपा नेता विनोद राय ने बताया कि वे लगातार इसी रास्ते से होकर पार होते है जिससे ग्रामीणों के साथ साथ उनको भी परेशानी होती थी। आम जनताओं के दिक्कत को देखते हुए आज उन्होंने तिरुलडीह पुल के सड़क पर बने गड्ढे की मरम्मती करवाई। हालांकि इस कार्य के लिए स्थानीय लोगो के साथ साथ राहगीरो ने भी उन्हें धन्यवाद देते हुए उनके इस कार्य की सराहना किये। भाजपा नेता विनोद राय, निधु कुमार,मुखिया रामबालक सिंह सहित कई लोगो ने श्रम दान करते हुए इस कार्य मे स्वयं अपना हाथ बँटाये।

## मायुमं ने 2 जरुरतमंद बच्चों को एक साल की शिक्षा हेतु लिया गोद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में गुरूवार को शिक्षा संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत दयानंद पब्लिक स्कूल, साकची के 2 जरुरतमंद बच्चों को एक साल की शिक्षा हेतु गोद लिया गया। यह कार्यक्रम टाटानगर अचीवर्स शाखा के कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल और सदस्य मेघा चौधरी के सौजन्य से पूर्ण हुआ। इसे सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, स्कूल प्रिंसिपल स्वर्णा मिश्रा, शाखा सचिव विजय सोनी, शाखा कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक सौरव अग्रवाल, मेघा चौधरी, शिक्षिका राखी चौधरी आदि का योगदान रहा।

## जमशेदपुर में वेलनेस सेंटर खोलने को लेकर सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज सीबीडब्ल्यूएआई, सीजीएचएस जमशेदपुर के प्रतिनिधि ने संसद विद्युत बरन महतो से मुलाकात कर उन्हें जमशेदपुर निर्वाचन क्षेत्र से तीसरी बार सांसद चुनाव जीतने के लिए बधाई दी और सीबीडब्ल्यूएआई, सीजीएचएस जमशेदपुर शाखा की ओर से एक ज्ञापन और जी.पी. चौधरी, भारतीय मजदूर संघ और पोस्टल पेंशनर्स एसोसिएशन, रांची शाखा का एक पत्र भी सौंपा। जिसमें सांसद से सीजीएचएस वेलनेस सेंटर खोलने का अनुरोध किया गया, जिसे पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। वहीं वेलनेस सेंटर खोलने के लिए आवश्यक दस्तावेज भेज दी गई हैं और इसकी अनुशंसा सीजीएचएस रांची के अपर निदेशक द्वारा सीजीएचएस मुख्यालय, नई दिल्ली को अनुमोदन के लिए की गई है। इस मामले को उचित मंत्रालयों के साथ जोड़कर जमशेदपुर में वेलनेस सेंटर को जल्द से जल्द खोलने का अनुरोध किया। जमशेदपुर के सदस्य संतोष कुमार मुखर्जी, मुख्य संचालक, सोमनाथ दत्ता, अमित दत्ता, पुनयधन सेन उपस्थित थे।



## उत्पाद विभाग ने नदी किनारे संचालित अवैध शराब चुलाई अड्डों को किया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जिला उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम द्वारा चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के दौरान गुरुवार को कांड्रा थाना क्षेत्र के रायपुर और बुरुडीह के जंगलों में नदी किनारे संचालित अवैध शराब चुलाई अड्डों पर छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में शराब चुलाई का अवैध सामग्री जब्त किया गया। उत्पाद निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान रायपुर और बुरुडीह जंगल मे नदी किनारे संचालित दो शराब अड्डों को ध्वस्त करते हुए करीब 800 किग्रा जावा महुआ नष्ट किया गया। साथ ही, 20 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया। छापेमारी की भनक लगते ही उन अड्डों के संचालक व अन्य लोग भाग निकले। उन अवैध शराब अड्डा संचालक कृष्ण धीवर और मोटू टुडू के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।



## आक्सीजन मैन डॉ दिग्विजय का हुआ भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** आक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ दिग्विजय भारत के वर्ल्ड रिकार्ड अवॉर्ड लेकर दिल्ली से वापस लौटने पर गम्हरिया में स्थानीय लोगों तथा संस्कारोदय अकादमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर संत कबीर सेवा संस्थान के संस्थापक सचिव युगल किशोर राय ने हरियाली थीम, एक पेड़ आपके नाम की सफलता पर उन्हें आम का पौधा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सुमित सिंह, शिक्षिका मोनिका कुमारी, संजना सिंह, संगीता सतपथी, सुनील सरदार, पिंकी सोरेन, कौशल कुमारी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, काफी संख्या में बच्चे व कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की शिक्षा विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

# निजी विद्यालयों के 45 हजार से ज्यादा बच्चों का आधार नंबर जमा नहीं

### - आवासीय विद्यालयों में रिक्त सीटों को जल्द भरने के दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार व अन्य विभागीय पदाधिकारी, कर्मी बैठक में उपस्थित रहे।बैठक में सरकारी स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ईको क्लब का गठन करते हुए पौधारोपण कराने पर बल दिया गया । जिला अंतर्गत कुल 1597 स्कूलों में से 1519 में ईको क्लब गठित हैं, शेष विद्यालयों में जल्द गठन का निदेश गया । सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस में नामांकन की समीक्षा में पाया गया कि कुल 2818 सीटों में से 2350 बच्चों का नामाकंन हो चुका है, रिक्त 468 सीटों पर 31 जुलाई तक नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। 15 जुलाई को शिक्षकों के उपस्थिति की जांच की गई जिसमें 1597 में 1546 स्कूलों के शिक्षकों द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई थी जिसमें 1097 शिक्षक अनुपस्थित पाये गए। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया गया कि वैसे शिक्षक जो ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज नहीं कराते हैं उनको अनुपस्थित मानते हुए उस दिन का सैलरी नहीं दें । उसी प्रकार बच्चों की उपस्थिति प्रतिवेदन सिर्फ 844 विद्यालयों द्वारा दिया गया जिसपर सख्त हिदायत दी गई कि प्रतिदिन सभी विद्यालय के प्राचार्य ई-विद्यावाहिनी में बच्चों की उपस्थिति अपलोड करायेंगे। केजीबीवी की समीक्षा में डुमरिया केजीबीवी के कक्षा 9वीं एवं 11वीं में कुल 42 सीट तथा बहरागोड़ा केजीबीवी के कक्षा 11वीं में रिक्त 11 सीटों पर वेटिंग लिस्ट से 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से नामांकन पूर्ण करने का निदेश दिया गया । सरकारी स्कूलों में अध्ययरत 97.11 फीसदी बच्चों का आधार कार्ड बना है वहीं 5000 बच्चों का बनाना शेष है। कैम्प मोड में सभी बच्चों का आधार बनाने का निर्देश दिया गया। वहीं 45511 बच्चे प्राइवेट स्कूल के हैं जिनका आधार नंबर अबतक जमा नहीं किया गया है, संबधित विद्यालय के प्राचार्य को 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ।छात्रों के बैंक खाता खुलवाने की समीक्षा में पाया गया कि कुल 1,71,244 में से 12,782 बच्चों का बैंक खाता नहीं है। संबंधित क्षेत्र के बैंक और पोस्ट ऑफिस से समन्वय बनाते हुए इस माह के अंत तक शत प्रतिशत बैंक खाता खुलवाने का निर्देश दिया गया ।सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ जिले के 30218 छात्राओं को दिया जाना है जिसमें अबतक 11500 फॉर्म प्राप्त हुए हैं। सभी बीईईओ को संबंधित सीडीपीओ से फॉर्म लेकर बच्चों से भरवाते हुए जिला समाज कल्याण कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया।सभी प्रखंडों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए साईकिल का डिमांड जिला कल्याण कार्यालय को भेजने का निदेश दिया गया । पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा कर ई-विद्यावाहिनी में इंट्री सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया । दुर्गम क्षेत्र के 10 स्कूलों में बिजली नहीं है, उन विद्यालयों में तात्कालिक व्यवस्था के तहत सोलर पैनल लगवाने एवं विद्युत विभाग से समन्वय बनाते हुए पूर्णकालिक विद्युत व्यवस्था का निदेश दिया गया । सभी सरकारी विद्यालयों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग किया जाना है, कुल 1597 में से 329 स्कूलों में बना है, सभी बीडीओ को मनरेगा से अभिसरण कराते हुए रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का कार्य स्कूलों में पूर्ण कराने का निदेश दिया गया । रूआर कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला 20 जुलाई 2024 को रविन्द्र भवन सभागार, साक्ची में प्रस्तावित है। सभी प्राचार्य को कक्षावार पारगमन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया । कार्यशाला में सांसद एवं विधायकगण तथा सभी पंचायतों के मुखियागण आमंत्रित हैं। बैठक में बीईईओ, बीपीओ, केजीबीवी तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के वार्डन तथा शिक्षा विभागीय अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।



# कांग्रेस भूईयाडीह के 150 घरों को बचाने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. अजय

### - उच्च न्यायालय में पिटिशन फाइल करने की प्रक्रिया शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद एवम् कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लोगों के लिए किए जा रहे कार्यो से कुछ लोगों के पेट में मरोड़ उठने लगता है और वे बयानवीर बन जाते है। किसी के द्वारा किए गए कार्यो पर सवाल उठाने से पहले अपने किए गए कार्यो पर भी नजर डाल लेना उचित होता है। गरीब लोगों का आंसू पोछना और दुख की घड़ी में उसके साथ खड़ा होने के लिए व्यक्ति के अंदर मानवीय संवेदना भी होना चाहिए। केवल सवाल उठाकर एवम् दूसरों का उपहास उड़ाने से समस्या का समाधान नहीं होता। जो लोग आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सवाल पूछ रहें हैं, पहले उन्हे जवाब देना चाहिए की विगत पांच वर्षो में उन्होंने भुईयाडीह स्थित कल्याण नगर, इंदिरा नगर सहित उन 150 परिवारों से कितनी बार मिले। उनके द्वारा क्या पहल की गई उन्हे यह भी बताना चाहिए की तत्कालीन उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के कार्यकाल के दौरान जब पहली बार इन 150 घरों के सर्वेक्षण का आदेश आया था तो उनके द्वारा क्या कदम उठाए गए थे।डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बयानबाजी में विश्वास नहीं करती वह लोगों को राहत दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में लगातार प्रयास किए जा रहे है। कानून विशेषज्ञों से इस मामले के संबंध में राय ली जा रही है। वहीं आर्टेनी जनरल से भी बात हुई है उन्होंने कहा है कि जल्द ही सरकार के तरफ से एनजीटी में एक हाल्फनामा दायर किया जाएगा। वहीं गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ता कानून विशेषज्ञों से विचार विमर्श कर रांची उच्च न्यायालय में इस मामले पर तत्काल रोक लगाने के लिए पिटिशन भी फाइल करने की प्रक्रिया में लगे हैं। कुमार ने कहा कि तथ्यों की पूरी जानकारी होने बाद बयान देना उचित होता है। वर्ना बयान सिर्फ अखबारी बयान बन कर रह जाता है। हमने उपायुक्त को ज्ञापन नहीं बल्कि पत्र लिखकर यह पूछा था की एनजीटी के आदेश का आधार क्या है ? ताकि उन तथ्यों पर विशेषज्ञों से राय लेकर आगे की कानूनी लड़ाई को बेहतर ढंग से लड़ा जा सके।



संपादकीय

# जम्मू में लौटा आतंकवाद

**अक्सर** कहा जाता है कि जम्मू-कश्मीर में पाकपरस्त आतंकवाद घाटी तक ही सीमित था। जम्मू संभाग, कठुआ, डोडा, राजौरी-पुंछ में वैकल्पिक रणनीति के तहत आतंकी हमले किए जाते थे। ज्यादातर सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जाता था। करीब 20 साल पहले जम्मू संभाग से आतंकियों का सफाया कर दिया गया था। कुछ हद तक सरकार का यह दावा सही है, लेकिन अब जो आतंकी हमले बढ़े हैं, उनके मद्देनजर लगता है कि जम्मू क्षेत्र और उसके आसपास पाकपरस्त आतंकवाद लौट रहा है। बीते साल सबसे अधिक आतंकी हमले राजौरी-पुंछ में किए गए, जिनमें 25 आतंकी ढेर कर दिए गए, लेकिन हमारे 20 जवान भी 'शहीद' हुए। ताजातरीन हमला कठुआ से करीब 150 किलोमीटर दूर एक गांव में किया गया। सैनिक एक वाहन में सवार थे। यह हमला पुलवामा हमले का सारांश लगता है। इस बार भी आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। हमले में अमरीका की वे अत्याधुनिक राइफलें इस्तेमाल की गई थीं, जो आतंकियों का नाश करने के लिए पाकिस्तान को मुहैया कराई गई थीं। सवाल और जवाबदेही अमरीका और पाकिस्तान से है कि वे राइफलें आतंकियों के पास कैसे पहुंचीं? जाहिर है कि पाकिस्तान अब भी आतंकियों की मदद कर रहा है और उनकी 'पनाहगाह' बना है। दरअसल जम्मू संभाग में आतंकी हमले लोकसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर में लबालब मतदान के जरिए लोकतंत्र के समर्थन और 9 जून को तीसरी बार मोदी सरकार के शपथ-ग्रहण के बाद बढ़े हैं। चुनावी जनादेश की घोषणा की तारीख 4 जून के बाद जम्मू-कश्मीर में कुल 24 आतंकी हमले किए गए हैं, लेकिन इनमें से 18 हमले जम्मू संभाग में ही किए गए। सोमवार 8 जुलाई के कठुआ हमले में एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) समेत 5 सैनिक 'शहीद' हुए और 5 अन्य घायल हैं। न जाने उनकी तबीयत भी कैसी होगी? यकीनन सेना इन शहादतों का प्रतिशोध जरूर लेगी। इस हमले से 24 घंटे पहले सेना ने दो मुठभेड़ों में 6 आतंकी मारे थे, जबकि 2 जवान 'शहीद' हुए थे। कठुआ जिले में यह दूसरा आतंकी हमला है। बीती 12-13 जून को कठुआ में हमले के दौरान 2 आतंकी मार गिराए गए थे। बहरहाल हमें विश्वास है कि आतंकी जिन बिलों में छिपे होंगे, हमारा सैन्य ऑपरेशन वहां से निकाल कर उन्हें ढेर करेगा, लेकिन रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकियों के प्रति रणनीति बदलनी पड़ेगी। उसके बिना आतंकियों को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। राजौरी और पुंछ पाकिस्तान सरहद से सटे हुए जिले हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण गुर्जर और बकरवाल आदिवासी ही इन क्षेत्रों में रह पाते हैं। इन पर आतंकियों से पैसे लेकर मदद देने का भी आरोप लगता रहा है। सेना के सामने इन्हें मुखबिर बनाने की गंभीर चुनौती है। इनकी मदद के बिना पाकपरस्त आतंकियों का सफाया असंभव है। बीते दिनों गृह मंत्रालय में एक विशेष बैठक हुई, जिसमें राजौरी, पुंछ, रियासी, कठुआ आदि क्षेत्रों में सक्रिय 30 आतंकियों की सूची बनाई गई। यह भी तय किया गया कि आतंकियों और उनके मददगारों के सफाए के लिए 'शत्रु एजेंट्स अधिनियम' को मूल रूप में फिर लागू किया जाए। इसमें मददगारों की संपत्ति जब्त करने से लेकर उम्रकैद और फांसी तक की सजा का प्रावधान है। हालांकि सजा घटा कर 10 साल कर दी गई है। अभी यूएपीए भी लागू है, लेकिन 'शत्रु एजेंट्स अधिनियम' ज्यादा सख्त है। इसे जम्मू-कश्मीर में लागू किया जाएगा। इसके अलावा, राजौरी-पुंछ में वे गुफाएं भी ध्वस्त की जाएंगी, जहां आतंकी छिपते रहे हैं। बहरहाल सवाल यह है कि भारतीय सेना दुनिया में सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है। कश्मीर में आतंकवाद के करीब साढ़े तीन दशक बीत चुके हैं। बेशक हमारे ऑपरेशन कामयाब भी रहे हैं। आखिर हमारी सेना पाकिस्तान से अनवरत जारी रही घुसपैठ को रोक क्यों नहीं पाई? कश्मीर में अब भी 130-135 आतंकवादी सक्रिय बताए जाते हैं। उन्हें मार क्यों नहीं दिया गया? उनके मददगारों पर कानूनी प्रहार की याद अब क्यों आई है? हमारी सेना के पास अद्भुत अस्त्र हैं। उन्हें घुसपैठियों पर इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा सकता? पाकिस्तान के साथ युद्धविराम का समझौता बेमानी है, लिहाजा पुनः सोच-विचार करना चाहिए। आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करना होगा।

जम्मू संभाग, कठुआ, डोडा, राजौरी-पुंछ में वैकल्पिक रणनीति के तहत आतंकी हमले किए जाते थे। ज्यादातर सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जाता था। करीब 20 साल पहले जम्मू संभाग से आतंकियों का सफाया कर दिया गया था। कुछ हद तक सरकार का यह दावा सही है, लेकिन अब जो आतंकी हमले बढ़े हैं, उनके मद्देनजर लगता है कि जम्मू क्षेत्र और उसके आसपास पाकपरस्त आतंकवाद लौट रहा है। बीते साल सबसे अधिक आतंकी हमले राजौरी-पुंछ में किए गए, जिनमें 25 आतंकी ढेर कर दिए गए, लेकिन हमारे 20 जवान भी 'शहीद' हुए। ताजातरीन हमला कठुआ से करीब 150 किलोमीटर दूर एक गांव में किया गया। सैनिक एक वाहन में सवार थे। यह हमला पुलवामा हमले का सारांश लगता है। इस बार भी आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। हमले में अमरीका की वे अत्याधुनिक राइफलें इस्तेमाल की गई थीं, जो आतंकियों का नाश करने के लिए पाकिस्तान को मुहैया कराई गई थीं।

### डार्क वेब को आम तौर पर गैरकानूनी और आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है

# इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग महत्त्वपूर्ण

**डा. वरिंदर भाटिया**

इंटरनेट का 96 फीसदी हिस्सा डीप वेब और डार्क वेब के अंदर आता है। हम इंटरनेट कंटेंट के केवल चार फीसदी हिस्से का इस्तेमाल करते हैं, जिसे सरफेस वेब कहा जाता है। डार्क वेब इंटरनेट का ऐसा एक हिस्सा है जिसे सर्च इंजन द्वारा इंडेक्स नहीं किया जाता है। डार्क वेब को आम तौर पर गैरकानूनी और आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। लंदन में किंग्स कॉलेज के शोधकर्ता डैनियल मूर और थॉमस रिड ने 2015 में 5 सप्ताह तक 2723 लाइव डार्क वेब साइट्स की सामग्री को नजर रखी और पाया कि 57 प्रतिशत में अवैध सामग्री मौजूद थी।

**डार्क** वेब इंटरनेट का वो हिस्सा है, जहां वैध और अवैध दोनों तरीके के कामों को अंजाम दिया जाता है। यह इस समय साइबर दुनिया में चर्चा का विषय है। इंटरनेट का 96 फीसदी हिस्सा डीप वेब और डार्क वेब के अंदर आता है। हम इंटरनेट कंटेंट के केवल चार फीसदी हिस्से का इस्तेमाल करते हैं, जिसे सरफेस वेब कहा जाता है। डार्क वेब इंटरनेट का ऐसा एक हिस्सा है जिसे सर्च इंजन द्वारा इंडेक्स नहीं किया जाता है। डार्क वेब को आम तौर पर गैरकानूनी और आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। लंदन में किंग्स कॉलेज के शोधकर्ता डैनियल मूर और थॉमस रिड ने 2015 में 5 सप्ताह तक 2723 लाइव डार्क वेब साइट्स की सामग्री को नजर रखी और पाया कि 57 प्रतिशत में अवैध सामग्री मौजूद थी। डीप वेब पर मौजूद कंटेंट को एक्सेस करने के लिए पासवर्ड की जरूरत होती है जिसमें ई-मेल, नेट बैंकिंग आते हैं। डार्क वेब को खोलने के लिए टॉर ब्राउजर का इस्तेमाल किया जाता है। यहां ड्रग्स, हथियार, पासवर्ड, चाइल्ड पॉर्न जैसी बैन चीजें उपलब्ध रहती हैं। डार्क वेब ओनियन राउटिंग टेक्नोलॉजी पर काम करता है। यह यूजर्स को ट्रैकिंग और सर्विलांस से बचाता है और उनकी गोपनीयता बरकरार रखने के लिए सैकड़ों जगह रूट और री-रूट करता है। आसान शब्दों में समझें तो वो शख्स कुछ भी करे, उसे पकडना नामुमकिन हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि डार्क वेब ढेर सारी आईपी एड्रेस से कनेक्ट और डिस्कनेक्ट होता है, जिससे इसको ट्रैक कर पाना असंभव हो जाता है। यहां यूजर की इन्फॉर्मेशन इंक्रिप्टेड होती है, जिसे डिकोड करना नाममुकिन है। डार्क वेब पर डील करने के लिए वर्चुअल करेंसी जैसे बिटकॉइन का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए होता है, ताकि ट्रांजैक्शन को ट्रेस न किया जा सके। कहते हैं कि डार्क वेब पर हत्या की सुपारी देने से लेकर हथियारों की तस्करी तक कई अवैध काम होते हैं। डार्क वेब पर यूजर्स से उनकी पर्सनल डिटेल लीक करने की धमकी देकर उनसे मोटे पैसे वसूले जाते हैं। डार्क वेब पर ढेर सारे ऐसे भी स्कैमर्स होते हैं, जो बेहद सस्ते में वो चीजें



भी बेचते हैं जो बैन हैं। बहुत से लोग वहां सस्ते फोन खरीदने के चक्कर में लाखों रुपए गंवा देते हैं। सरे विश्वविद्यालय में डा. माइकल मैकगायर्स द्वारा किए गए एक अध्ययन 'इनटू द वेब ऑफ प्रॉफिट' से पता चलता है कि हालात बदतर हो गए हैं। 2016 से 2019 तक डार्क वेब लिस्टिंग की संख्या जो किसी उद्यम को नुकसान पहुंचा सकती है, 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है? सभी लिस्टिंग (ड्रग्स बेचने वालों को छोडक़र) में से 60 प्रतिशत संभावित रूप से उद्यमों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बिग डेटा, क्रेडिट कार्ड नंबर, नशीली दवाइयां, अवैध हथियार, नकली मुद्रा, चोरी की गई सदस्यता के क्रेडेंशियल, हैक किए गए नेटफ्लिक्स समेत अन्य अकाउंट खरीदे जा सकते हैं। यही नहीं, यहां ऐसे सॉफ्टवेयर खरीदे जा सकते हैं जो आपको दूसरे लोगों के कंप्यूटर में सेंध लगाने में मदद करते हैं। हालांकि सब कुछ अवैध नहीं है, डार्क वेब का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है। उदाहरण के लिए आप शतरंज क्लब या ब्लैकबुक में शामिल हो सकते हैं, जिसे टॉर का फेसबुक जैसा एक सोशल नेटवर्क माना जाता है। अगर आपसे संबंधित डार्क वेब पर कोई जानकारी या दस्तावेज मिलते हैं, तो आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते, लेकिन कम से कम आपको पता चल जाएगा कि आप जोखिम वाले स्थान पर चिन्हित हैं। अगर आपकी निजी जानकारी या ऐसी कोई जानकारी डार्क वेब पर है, जिससे आपके लिए परेशानी खड़ी हो सकती है, तो आप सूचना एवं प्रौद्यगिकी मंत्रालय के पोर्टल पर या पुलिस को सूचित कर अपना बचाव कर सकते हैं। डीप वेब और डार्क वेब शब्दों का इस्तेमाल कभी-कभी एक-दूसरे के लिए किया जाता है, लेकिन वे एक जैसे नहीं हैं। डीप वेब इंटरनेट पर मौजूद किसी भी ऐसी चीज को संदर्भित करता है जिसे गूगल जैसे सर्च इंजन द्वारा इंडेक्स नहीं किया गया है और इसलिए उस तक पहुंचा नहीं जा सकता। डीप वेब कंटेंट में वह सब कुछ शामिल है जो पेवॉल के पीछे है या जिसके लिए साइन-इन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होती है। इसमें वह सभी कंटेंट भी शामिल हैं जिसे उसके मालिकों ने वेब क्रॉलर को इंडेक्स करने से रोक दिया है। मेडिकल रिकॉर्ड, शुल्क आधारित सामग्री, सदस्यता वेबसाइट और गोपनीय कॉर्पोरेट वेब पेज डीप वेब बनाने वाली चीजों के कुछ उदाहरण हैं। अनुमान है कि डीप वेब का आकार इंटरनेट के 96 फीसदी से 99 फीसदी के बीच है। इंटरनेट का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही मानक वेब ब्राउजर के माध्यम से सुलभ है, जिसे आम तौर पर क्लियर वेब के रूप में जाना जाता है। डार्क वेब दरअसल डीप वेब का एक उपसमूह है जिसे जानबूझकर छिपाया जाता है, जिसे एक्सेस करने के लिए एक विशिष्ट ब्राउजर टोर की आवश्यकता होती है। डार्क वेब का आकार वास्तव में कोई नहीं जानता, लेकिन अधिकांश अनुमान इसे कुल इंटरनेट का लगभग 5 फीसदी बताते हैं। डार्क वेब पर नेविगेट करना आसान नहीं है। यह जगह उतनी ही अव्यवस्थित और अस्त-व्यस्त है जितनी आप उम्मीद करेंगे जहां हर कोई गुमनाम है और एक बड़ा वर्ग ठगने के लिए तैयार बैठा हो। डार्क वेब तक पहुंचने के लिए टोर नामक एक अनाम ब्राउजर का उपयोग करना आवश्यक है। टोर ब्राउजर आपके वेब पेज अनुरोधों को दुनिया भर में हजारों यूजर्स द्वारा संचालित प्रॉक्सी सर्वर की एक सीरिज के माध्यम से कनेक्ट करता है, जिससे आपके आईपी एड्रेस को पता लगाना मुश्किल हो जाता है। यह एक छलावे की तरह काम करता है, लेकिन इसका परिणाम एक ऐसा अनुभव होता है जो डार्क वेब जैसा ही होता है।

दृष्टि कोण

# भारत को प्रभावी जनसंख्या नीति की जरूरत

**वर्तमान** में सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या 8118835999 है जो वर्ष 2023 से 0.91 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। इसी अवधि में भारत की जनसंख्या 1441719812 है जो वर्ष 2023 से 0.92 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। भारत जनसंख्या के हिसाब से चीन को पीछे छोड़ कर विश्व में पहले नंबर पर आ गया है। चीन की वर्तमान जनसंख्या 1425181397 है। जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों और सेवाओं पर दबाव डालती है। माल्थस थ्योरी के अनुसार जनसंख्या की वृद्धि ज्यामिति प्रगति से बढ़ती है तथा खाद्य उत्पादन केवल अंकगणितीय रूप से बढ़ता है। मतलब आर्थिक संसाधनों में वृद्धि की गति काफी कम होती है और जनसंख्या वृद्धि बहुत ज्यादा होती है। जनसंख्या वृद्धि का भार वर्तमान संसाधनों पर पड़ता है जिससे अकाल जैसी स्थिति भी पैदा हो सकती है, अगर उत्पादकता को जनसंख्या की वृद्धि के हिसाब से न बढ़ाया जाए। बढ़ती आबादी से गरीबी और असमानता बढ़ती है। शिक्षा का बुनियादी ढांचा बढ़ती आबादी की जरूरतों से जूझ रहा होता है तथा स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ बढ़ जाता है, जिससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच एक चुनौती बन जाती है। बढ़ती आबादी से शहरीकरण को बढ़ावा मिलता है जिससे मूलभूत आवश्यकताओं और आधारभूत सरंचनाओं पर दबाव बढ़ता है तथा रोजगार के अवसर और परिवहन सुविधाएं प्रभावित होती हैं। प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ती आबादी के बोझ से पर्यावरणीय चिंताएं बढ़ जाती हैं क्योंकि संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होता है। ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन में तेजी आती है जिससे जल की उपलब्धता भी कम हो जाती है। 2050 तक विश्व की अनुमानित जनसंख्या 9.7 बिलियन तथा जीवन प्रत्याशा 72.6 से बढ़ कर 77.1 वर्ष हो जाएगी। इससे संसाधनों की कमी के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। इसलिए विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या संबंधी मुद्दों और सतत विकास पर उनके प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1989 में स्थापित यह परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी उन्मूलन, मातृ स्वास्थ्य, मानवाधिकारों के महत्व को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व जनसंख्या दिवस पर हर साल नया थीम घोषित किया जाता है। इसी के अनुसार पूरे विश्व में जागरूकता अभियान चलाया जाता है तथा इस दिशा में कार्य किया जाता है। वर्ष 2024 का थीम हमें याद दिलाता है कि समस्याओं को समझने, समाधान तैयार करने और प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए डेटा संग्रह में निवेश करना महत्वपूर्ण है। वित्त भी वैसा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने स्टेट ऑफ वल्ड पापुलेशन रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार वर्ष 2010 से 2019 के बीच भारत की जनसंख्या में 1.2 प्रतिशत की औसत वृद्धि हुई है। यह वृद्धि चीन की औसत वार्षिक वृद्धि दर से दुगनी से भी अधिक है, जो चिंतनीय है। भारत में शहरीकरण, साक्षरता दर के बढने, देरी से विवाह, एक बच्चा या बच्चा न करने का संकल्प, औरतों का नौकरी करना, आर्थिक मजबूरी के कारण एक बच्चा, बच्चों की मृत्यु दर में गिरावट आदि से प्रजनन दर कम हो गई है। प्रजनन दर 1950 में 6.18 बच्चे थी जो 2021 में 1.91 रह गई है जो 2.1 के आवश्यक स्तर से भी कम है। कम प्रजनन दर के दीर्घ समय में भारत की जनसंख्या गतिशीलता पर प्रभाव पड़ेंगे, जो सोचनीय विषय है। भारत अभी युवा देश है। यहां 27 वर्ष तक की आयु वाली आधी आबादी है तथा 27 वर्ष से ऊपर वाली भी आधी आबादी है। भारत को युवा कार्यबल की आबादी, बुजुर्गों की आबादी से ज्यादा ही बनाए रखनी है। इसलिए भारत को मौजूदा जनसंख्या नीति की पड़ताल करनी चाहिए और बढ़ती जनसंख्या के बारे में सरकार को गंभीरता से लेकर इसे नियंत्रित करने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। भारत में जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव डाला है जिससे पानी की उपलब्धता मांग के बढने के कारण कम हो रही है। भारत में 766 जिलों में से 266 जिलों में पानी की कमी हो गई है। दिल्ली, बेंगलुरु तथा अन्य राज्यों में पानी के लिए लोग तड़प रहे हैं। जनसंख्या बढ़ रही है, परंतु जल संसाधन वही हैं। जनसंख्या वृद्धि से शहरीकरण बढ़ जाता है जिससे ठोस अपशिष्ट 0.3 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रति दिन पैदा हो रहा है जो वर्तमान 50 करोड़ शहरी आबादी का 150000 टन प्रति दिन है। यह विकसित देशों से तीन गुणा अधिक है। शहरों के बाहर कचरा भराव क्षेत्र ने पहाड़ों का रूप ले लिया है। ये कचरे के पहाड़ टोक्सिन का रिसाव भूतल पानी में भेजते हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य रखा है। 23 वर्ष में वर्तमान जीडीपी $3.73 ट्रिलियन से $30 ट्रिलियन तक लानी है। इसके लिए परिवार नियोजन ही जनसंख्या वृद्धि को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति है। जिम्मेदार परिवार नियोजन प्रयासों को बढ़ावा देकर जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए भारत सरकार ने 2024-25 के अंतरिम बजट में एक कमेटी बनाने की घोषणा की है। विकसित भारत के लक्ष्य के संबंध में व्यापक चुनौतियों के व्यापक रूप से निपटने के लिए यह कमेटी सरकार को सिफारिशें देगी। परंतु दुःख की बात है कि भारत में पिछले 13 वर्षों से जनगणना नहीं करवाई है। यह वर्ष 2021 में होनी चाहिए थी।

कुछ अलग

# बूढ़ा बरगद और अघोरी पर्यावरण प्रेमी...

**हालांकि** मैं अघोरी पर्यावरण प्रेमी हूं, पर इतना अघोरी भी नहीं कि जून में भी पौधे लगाने निकल पड़ूं। इसलिए हर साल केवल मानसून के आने पर ही पौधे लगाता हूं। उसी खाली जगह में। बरसों से। अबके भी ज्यों ही मौसम विभाग को कहीं से भनक लगी कि मानसून आने वाला है तो उसने समाज को जागरूक करने के औपचारिक इरादे से खबर छपवाई- पर्यावरण को बचाने वाले अखबारों में फोटो छपवाने को बेकरार अपने अपने कंधों पर फावड़ा कुदाल उठा लें। हर साल की तरह नदियों के किनारे बसने वाले बहने के लिए कमर कस लें। बाढ़ मानसून आने से पहले भी आ सकती है। वे हमारी चेतावनी का इंतजार न करें। पहाड़ों पर रहने वाले पहाड़ों पर संभल कर रहें। अपनी जान एक दूसरे की हथेली पर रखकर। शहर वाले अपने घरों की तीसरी मंजिल पर जाने की तैयारी कर लें। सडक़ों पर पानी बादलों के गरजने भर से भी भर सकता है तो मैंने इधर उधर से लगाने के लिए पौधे इक_ा करने शुरू कर दिए। मैं पांव के नीचे की धरती को तो धरती को, सिर के ऊपर के आसमान को भी पौधे लगाकर हरा भरा करना चाहता हूं। सो मैं अपने सिर पर के आसमान में ख्याली पौधे लगाता अपने मोहल्ले के इकलौते बचे बरगद के पास गुजरा तो बरगद ने मुझे प्रसन्न देख पूछा, 'बंधु! इतने प्रसन्न क्यों? क्या सरकार ने डीए की किस्त अनाउंस कर दी? यहां तो जनता का सब लूट भगवान और दो! भगवान और दो! कहते कहते रो रहे हैं।' 'मानसून आ रहा है मित्र! दूसरे मोहल्ले की बगल में पहुंच गया है। क्या टीवी नहीं देखते? अपडेट रहने के लिए टीवी शीवी जरूर देखा करो यार! अब इस साल भी हर साल की तरह पौधे लगाने को मेरी बांछें फडफ़ड़ा रही हैं', कह मैं हाथ में कुदाल न होने के बाद भी हवा में दोनों हाथों से पूरी ईमानदारी से कुदाल लहराता पौधे लगाने का अभिनय करने लगा। 'अब तक कितने पौधे लगा चुके हो?' 'लगा ही रहा हूं दस पंद्रह सालों से। गिनती तो कभी नहीं की।' 'वेतन के पैसे भी गिनते हो तो पौधे भी गिन लिया करो। पर पौधे लगाते कहां हो?' 'जमीन पर और कहां?' मैंने कंधे उचकते कहा। हद है यार! इतना बूढ़ा हो गया जमीन पर रहते रहते, पर इतना भी मालूम नहीं कि पौधे जमीन पर ही लगते हैं, आसमान पर तो नहीं। बहुधों के साथ ऐसा ही होता है। वे रहते तो जमीन पर हैं, पर असल में जमीन पर होते नहीं। मैंने कहा तो उसने पूछा, 'पर जमीन पर तो मुझे दूर दूर तक कहीं नहीं दिख रहे। तुम्हें दिख रहे हों तो दिखा दो। हो सकता है इतने बरसों से जमीन पर पौधे ढूंढते ढूंढते मेरी नजरें कमजोर हो गई हों', उसके कहने पूछने पर मैंने इधर उधर देखा। वहां वहां देखा जहां मैंने पिछले कई सालों से पौधे लगाए थे। सचमुच दूर दूर तक एक भी पौधा नहीं दिख रहा था। मैंने पौधे लगाए तो फिर गए कहां होंगे? पहली बार प्रश्न सामने खड़ा और भी यक्ष सा। 'क्यों, क्या सोचने लगे?' 'कुछ नहीं।' 'नहीं मिल रहे हैं न अपने लगाए पौधे? मिलेंगे भी कहां? मिलेंगे भी क्यों? ऐसा ही है मित्र! पौधे और रिश्ते लगाने की जरूरत नहीं होती। वे खुद उग आते हैं। जरूरत है तो बस, उन्हें बचाने की। असल में तुम अब पौधे लगाते नहीं। पौधे लगाने का अभिनय भर करते हो। एक से एक के कर कमलों द्वारा तस्वीरें खींचते खिचवाते हर साल लगते तो लाखों पौधे हैं, पर बचते नहीं। कारण, तुम केवल टारगेट पूरा करने के लिए कागजों में पौधे लगाते हुए फोटो छपवाने भर को पौधे लगाते हो। पौधे लगाने को अखबारों में छपने की चीज मानते हो। जो तुमने अखबारों में पौधे लगाने के बदले अपने आप उगे पौधे ही बचाए होते तो आज हमें तुमसे बचने के लिए इधर उधर न छुपना पड़ता। जिस दिन तुम किसी अच्छे काम को फोटो खिचवाने छपवाने से हटकर करोगे उस दिन देखना समाज कैसा होगा। जब तक तुम दिखावे के लिए समाज में परमार्थ करते रहोगे तब तक न हमारा भला होगा न अंध भक्तों का। करोड़ों की गाडियों में लेटे विलासी बाबाओं की गाडियों के टायरों की प्रदूषित मिट्टी न तो चरण रज होती है और न ही स्वर्ग की प्राप्ति का साधन। न किसी नल से आज तक जनता को अमृत नसीब हुआ है।

देश दुनीया से

# नेतृत्व की शालीनता से ही समृद्ध लोकतंत्र

एनडीए गठबंधन सरकार बनाये और इंडिया गठबंधन विपक्ष का दायित्व निभाये। इसके बाद कोई भ्रम नहीं रहना चाहिए, लेकिन अठारहवीं लोकसभा के पहले ही अधिवेशन में संसद के दोनों सदनों में जिस तरह का व्यवहार हमारे सांसदों का रहा है, वह सवालिया निशान तो लगाता ही है कि जनतांत्रिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति हम कितने सजग हैं? राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद-प्रस्ताव को लेकर जिस तरह की बहस दोनों सदनों में देखने-सुनने को मिली है, वह इस संदर्भ में आश्वस्त करने वाली तो नहीं ही है। दोनों सदनों में पीठासीन अधिकारियों ने विपक्ष को खरी-खोटी सुनायी। दोनों सदनों में नेता-विपक्ष के वक्तव्यों में से कुछ शब्द हटा दिये गये अर्थात् रिकॉर्ड में वे शब्द नहीं रहेंगे।

**हमारा** भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना जनतांत्रिक देश है। हमें किसी से जनतांत्रिक परंपराएं सीखने की आवश्यकता नहीं है। जनतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं हमारे देश में। लेकिन इसके बावजूद कई बार ऐसा लगता है कि हमारे नेता या तो जनतांत्रिक परंपराओं को निभा नहीं रहे या फिर उन परंपराओं को समझ नहीं रहे। अब इन्हीं चुनाव की बात करें- मतदाता ने अपना निर्णय स्पष्ट दिया है : एनडीए गठबंधन सरकार बनाये और इंडिया गठबंधन विपक्ष का दायित्व निभाये। इसके बाद कोई भ्रम नहीं रहना चाहिए, लेकिन अठारहवीं लोकसभा के पहले ही अधिवेशन में संसद के दोनों सदनों में जिस तरह का व्यवहार हमारे सांसदों का रहा है, वह सवालिया निशान तो लगाता ही है कि जनतांत्रिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति हम कितने सजग हैं? राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद-प्रस्ताव को लेकर जिस तरह की बहस दोनों सदनों में देखने-सुनने को मिली है, वह इस संदर्भ में आश्वस्त करने वाली तो नहीं ही है। दोनों सदनों में पीठासीन अधिकारियों ने विपक्ष को खरी-खोटी सुनायी। दोनों सदनों में नेता-विपक्ष के वक्तव्यों में से कुछ शब्द हटा दिये गये अर्थात् रिकॉर्ड में वे शब्द नहीं रहेंगे। असंसदीय शब्दों के नाम पर होने वाली यह कवायद अब इस अर्थ में भी बेमानी हो चुकी है कि देश की जनता वह सब देख-सुन चुकी होती है जिसे पीठासीन अधिकारी असंसदीय घोषित करके न सुनने और न देखने लायक बता देते हैं। कथित असंसदीय भाषा से कहीं अधिक असंसदीय तो बहस के दौरान कुछ सांसदों का व्यवहार हो जाता है। सदस्यों को निष्कासित करके ऐसे व्यवहार को उजागर तो किया जाता है, पर यह प्रक्रिया इस हद तक अतार्किक हो जाती है कि पिछली संसद में से सौ से अधिक सांसदों का निष्कासन किया गया! लोकसभा के स्पीकर और राज्यसभा के सभापति ने यह निर्णय अपने विवेक से किया होगा, इस पर सवाल तो उठता ही है कि इस तरह की कार्रवाई को कितना जनतांत्रिक कहा जा सकता है? सवाल यह भी उठता है कि आखिर सांसदों या विधायकों का सदन में, और सदन के बाहर भी, व्यवहार कैसा होना चाहिए? इस संदर्भ में मुझे ब्रिटेन के नए और पिछले प्रधानमंत्री के भाषण याद आ रहे हैं। हाल के चुनाव में ब्रिटेन के मतदाता ने सरकार पलट दी है। कंजरवेटिव पार्टी का शासन मतदाता ने नकार दिया है और लेबर पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया गया है। भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री स्टार्मर्स ने इस अवसर पर जो भाषण दिए हैं उनमें ऐसा बहुत कुछ है जो बताता है कि राजनेताओं को एक-दूसरे के प्रति किस तरह का व्यवहार करना चाहिए। अपनी हार को स्वीकार करते हुए ऋषि सुनक ने स्पष्ट शब्दों में कहा है, वे इस हार का दायित्व लेते हैं और नयी सरकार को ब्रिटेन के हित में काम करने में हर उचित सहयोग देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि 'नये प्रधानमंत्री की सफलता हम सब की सफलता होगी। वे जन-हित के लिए काम करने वाले ऐसे उत्साहित व्यक्ति हैं, जिनका मैं सम्मान करता हूं।' ऐसा ही सम्मान प्रधानमंत्री चुने जाने वाले स्टार्मर्स ने भी ऋषि सुनक के प्रति व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं निवर्तमान प्रधानमंत्री को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देना चाहता हूं। वे हमारे देश के पहले ब्रिटिश एशियाई प्रधानमंत्री थे। इस नाते उन्हें कुछ कर पाने के लिए जो अतिरिक्त प्रयास और मेहनत करनी पड़ी उसे कम करके नहीं आंका जा सकता। हम उसकी प्रशंसा करते हैं। हम उनकी निष्ठा और मेहनत को भी स्वीकारते-समझते हैं।' ये शब्द ब्रिटेन के उन दो राजनेताओं के हैं जो कल तक चुनावी-मैदान में एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े थे। ऐसा नहीं है कि वहां एक-दूसरे पर राजनेता आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाते। आरोप सब जगह लगते हैं। कुछ कटुता भी होती होगी। लेकिन नेतृत्व से जिस तरह की शालीनता की अपेक्षा होती है, कम से कम इस समय तो उनके व्यवहार में वह स्पष्ट दिख रही है। ऐसा नहीं है कि हमारे यहां विभिन्न दलों के राजनेताओं के बीच पारस्परिक संबंध नहीं होते। ढेरों उदाहरण हैं इस आशय के जिनसे यह पता चलता है कि नीतिगत विरोध का अर्थ दुश्मनी नहीं होता। लेकिन ऐसे भी उदाहरण कम नहीं हैं जो बताते हैं कि या तो हमारे नेताओं में पारस्परिक संबंधों वाली परिपक्वता नहीं है या फिर यह कि नेताओं को लगता है कि संबंधों की मधुरता का कोई लक्षण दिख गया तो उनके राजनीतिक हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ जायेगा। चुनावी-सभाओं में तो नेताओं के विरोधी तेवर अक्सर दिख जाते हैं, और एक सीमा तक उनकी 'आवश्यकता' को समझा भी जा सकता है, लेकिन संसद और राज्यों की विधानसभाओं में जब राजनीतिक विरोध शालीनता की सीमाएं लांघता दिखता है तो हैरानी भी होती है और दुख भी होता है।

आप का नजरीया

# स्मार्ट नहीं, कबाड़ सिटी

**जो** लोग कल तक बारिश का इंतजार कर रहे थे, उन्हें पहली बौछारों में मालूम हो गया होगा कि शहर में कहर का होना अब एक हकीकत है। जल निकासी के प्राकृतिक स्वरूप को बदलने की हरकतों का असर अब यह कि पहली वर्षा ने बता दिया कि हमारे निर्माण की औकात क्या है। यह सडक़, मोहल्ले से शहर तक आवारा है और इसीलिए हमारे स्थानीय निकाय सिर्फ चुनाव का आंकड़ा बने सियासी हस्तियों और उनकी इच्छाओं को शरण दे रहे हैं। अतिक्रमण की बाहों में फंसे गांव से शहर को अगर देखना है, तो बरसात के हर पहलू में ये कसूरवार हैं। सबसे अधिक पशुओं की आवारगी अगर शहरों में है, तो वहां के समाज में जीने की शर्तें भी लावारिस हैं। भटके तो शिमला के बंदर और बंदरों की निगाह में खुराफाती मंजर का एक मुआयना यह भी कि हर साल उनके जख्म लिए आईजीएमसी तक पहुंच जाते हैं। शहर की वास्तविकता में पीठ किसकी ठोंकी जाए और शहरी विकास महकमा कहां देखा जाए। हद यह कि प्रदेश को दो स्मार्ट सिटी परियोजनाएं मिलीं, लेकिन शिमला पर्यटक सीजन के जाम में जकड़ा रहा और धर्मशाला स्मार्ट रोड के निर्माण में अपने जल की निकासी भूल गया। मंडी शहर ने मंदिरों की प्रदक्षिणा में अपने अतिक्रमण का दस्तूर इतना दिखा दिया कि सारी व्यवस्था को सुधारने की जरूरत अब पानी भरने निकल जाती है, तो तमाम बिजली परियोजनाओं से निकला पानी शहर के हर छोर से टकराने लगा है। इस साल भी डर है कि कहीं उम्मीदों से आगे निकल कर बरस गए बादल तो तेरा क्या होगा मंडी शहर। डरने लगीं नगर परिषदें और आश्चर्य करते सोलन, पालमपुर, धर्मशाला, मंडी और शिमला के लोग कि आखिर नगर निगम बनाकर भी शहर क्यों कबाड़ लगने लगा। अब तो नागरिक सोचने पर मजबूर हैं कि चले तो स्मार्ट सिटी बनाने थे, लेकिन पहुंच गए 'कबाड़ सिटी' के पास। आजादी के बाद हिमाचल में एक कस्बे में पर्यटन और पर्यटन में कस्बे का विस्तार करते हुए बीड़-बिलिंग एक सर्किट बन गया, लेकिन वहां की अफरातफरी में निर्माण खूंखार और प्रकृति बीमार हो गई। चंबा व नाहन अपने आप में नगीना थे और यह श्रेय वहां के शासक राजाओं को जाता है। नाहन की जल निकासी और चंबा में बिजली व पानी की व्यवस्था ने कभी नागरिक जवाबदेही को सांस्कृतिक पटल पर सुदृढ़ किया था, लेकिन क्या इन सेवाओं के मॉडल वहां बचे। नाहन अपने विस्तार में पहाड़ खोदते-खोदते कहीं आगे निकल कर कबाड़ हो गया, तो चंबा अपनी वास्तुकला और प्रवृत्ति के खिलाफ चौगान को छीलते-छीलते तंग गलियों में बंद हो गया। आश्चर्य यह कि प्रगति ने नाहन को ऐसा मेडिकल कालेज भवन दे दिया, जिसके अगल-बगल भविष्य अपने कारनामे पर रोता रहेगा। रामपुर बुशहर अपनी भुजाओं में नदी से डरता है, तो हर छोटे-बड़े शहर ने प्राकृतिक कूहलों का नामोनिशान मिटाकर बरसात को कफन का सामान बना दिया, लेकिन पूछेगा कौन। ऑडिट करके देखें कि हिमाचल के नगर निकायों में जो कभी पार्षद बने उनके नाम शहरों की संपत्तियां कैसे लीज, किराए पर या पीपीपी मोड में उठ गईं। कभी सुबह शिमला की सैर करते हुए देखना कि आवारा कुत्ते शहर में किसकी हड्डियां खोज रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम के अवसर पर शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ मेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र मे मुहर्रम के अवसर पर शांति व सौहार्द के साथ मेला सम्पन्न हुआ। वही मुहर्रम कमेटी कलेहेपाट, भडगांव द्वारा मुहर्रम मेला मैदान में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.मेला में अरु, सेन्हा, बूटी, झखरा, डोका, पारही, बांध टोली, अरु, तोड़ार सहित विभिन्न गांवो कस अखड़ा के लोग शामिल होकर या हुसैन या अली, नारे तकबीर का नारा बुलंद किया। विभिन्न गांव के अखाड़ा के लोगों ने लाठी, तलवार बाजी खेल का दिखाया तथा बंदिश की तारीफ़ सभी ने किया। बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि इमाम ए हुसैन के बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा करें और हक पर नेकी के साथ जीवन को गुजारे आपसी सौहार्द और शांति अपने वतन की पहचान है। विविधता में एकता ही राष्ट प्रेम से जोड़ता है। इस के अलावे मुहर्रम पट उगरा और चितरी डाड़ू में भी मेला का आयोजन कर खेल दिखाय गया।

## हंटरगंज से जुलूस देखकर वापस लौट रहे बाइक सवार कि सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा :** हंटरगंज से मुहर्रम जुलूस देखकर वापस लौट रहे बाइक सवार तीन युवक कि मौत सड़क हादसे में हो गई । घटना बुधवार अपराह्न करीब 9 बजे कि है। मृतक बाइक सवार कि पहचान बिहार गया डोभी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरा गांव के मोहम्मद सरफुदीन के 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मत राजली वही मोहम्मद राजर का 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद शाहजंहा और मोहम्मद महफूज का 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मद जुबेर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक से तीनो युवक मुहर्रम जुलूस देखने हंटरगंज आए थे जुलूस देखकर लगभग 9 बजे रात्री में घर वापस लौट रहे थे ।इसी दौरान चतरा -गया मुख्य पथ हंटरगंज नागर गांव पेट्रोल पंप के समीप एक वाहन कि लाइट से बाइक अनियंत्रित होकर हाइवा में जा घुसा जिसमे तीनों युवक घायल हो गए। वही जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवकों को एम्बुलेंस कि मदद से



हंटरगंज सामुदाइक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने दो युवक को मृत घोषित कर दिया वही एक युवक को प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देखते हुवे गया मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया रास्ते में जाने के दौरान उस युवक ने भी दम तोड़ दी। पुलिस तीनों शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा सदर भेज दिया।पोस्टमार्टम के बाद पुलिस परिजनो को शव सौंप दी।

## कल्याण विभाग अन्तर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अनुमोदन से संबंधित बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ई-कल्याण पोर्टल पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं के आवेदन अनुमोदन हेतु बैठक की गई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा द्वारा जानकारी दी गई की वित्तीय वर्ष-2023-24 में अध्यनरत छात्र / छात्राओं द्वारा चतरा जिले में संचालित 45 संस्थानों / कॉलेजो द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर कुल - 18603 का रजिस्ट्रेशन किया गया है जिसमें संस्थान के नोडल ऑफिसर द्वारा 17868 आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके उपरान्त सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों से जांच कराया गया। बैठक में जिला स्तरीय समिति के द्वारा 5966 छात्र / छात्राओं को भुगतान करने हेतु स्वीकृति दी गई एवं शेष छात्र / छात्राओं को जिला स्तरीय समिति के समक्ष दिनांक - 20 जुलाई 2024 तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जिससे शत प्रतिशत पात्र आवेदकों को जल्द से



जल्द लाभ मिल सके। उक्त बैठक में कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के तहत किया गया बैठक विजन वाक्य से संबंधित दी गई जानकारी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं का ग्राम संगठन का बैठक सक्रिय महिला कंचन देवी के अध्यक्षता में की गई। जहां महिलाओं को कई जानकारियां दी गई। तो कई प्रशिक्षण करके बतलाया गया। आशा देवी के द्वारा विजन वाक्य से जुड़े कई जानकारियां बताइए। जिसमें आशा देवी ने बतलाई की महिलाओं को खुली आंखों से सपना दिखाना जैसे आज विचार कर कल उस कार्य को करना मिट्टी के घर से पक्का का घर बनवाना,कच्ची सड़क से पक्की सड़क बनवाना, कुएं से बदलकर चापानल एवं शुद्ध जल की उपयोग करना जैसे कई जानकारियां बतलाई गई।मौके पर बारिसाखी ग्राम संगठन की दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## सीसीएल के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन




**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मगध संघमित्रा एरिया के जीएम नृपेंद्र नाथ एवम पिओ सदाला सत्यनारायन के दिशानिर्देश में सीएसआर के तहत फुलबसिया स्कूल में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर 110 लाभार्थियों का चर्म रोग, अनेमिया, कमजोरी, बीपी, सुगर से संबंधित जांच कर दवाएं मुफ्त में वितरित कीं गई। इसके अलावा, 80 महिलाओं एवम वृद्ध व्यक्तियों को पोषक तत्वों के पैकेट वितरित किए गए। हेल्थ शिविर आयोजन के मौके पर क्षेत्र के डॉ नीरज, सी एस आर अधिकारी दिग्विजय एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## बालूमाथ में मनाया गया मोहर्रम का त्योहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में मुस्लिम धर्मालंबियों ने मोहर्रम का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजारटांड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक सह मंत्री झारखंड सरकार बैजनाथ राम शामिल हुए। जहां उन्हें मुहर्रम कमेटी द्वारा पगड़ी एवं बैच पहनाकर और तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि बैजनाथ राम ने कहा कि मुस्लिम धर्मालंबियों द्वारा पैगंबर मोहम्मद के नाती हजरत इमाम हुसैन के शहिद होने पर उनकी शहादत में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है। हजरत इमाम हुसैन सच्चाई के रास्ते पर चलते हुए शहीद हुए थे। उनसे आज हमें अपने जीवन में सीख लेने की जरूरत है। वही बालूमाथ अनुमंडल



पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि आप लोग बालूमाथ में हर त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाते रहे हैं यह त्यौहार भी आप लोगों के सहयोग से शांतिपूर्ण मन रहा है इसके लिए आप सभी मोहर्रम कमेटी के लोगों को बधाई। इसके अलावा जहां बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बीरूआ, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह त्यौहार आपकी एकता का परिचय है। कर्बला के मैदान में पैगंबर मोहम्मद के नाती हजरत इमाम हुसैन शहीद हो गए थे। उनकी शहादत के योगदान बनाने के लिए मुहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है। मौके पर मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मनान कुरैशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर जगह-जगह निकाला गया जुलूस, नारे तकबीर, अल्लाह हो अकबर से गूंजा क्षेत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मुहर्रम पर्व पर बुधवार को विभिन्न स्थानों में जुलूस निकाला गया। इस दौरान युवकों ने एक से बढ़ कर एक हैरत अंगेज करतब दिखाया साथ ही गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। टंडवा, सराधू, गाड़ीलौंग, राहम मिसरोल समेत अन्य जगहों में जुलूस निकाला गया। इस दौरान या अली या हुसैन, नाना भी बेमिसाल नवासा भी बेमिसाल, नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर समेत कई नारे से पूरा क्षेत्र गूंजत रहा। सभी मुहल्ले के जुलूस पूर्व निर्धारित रूट से भ्रमण कर देर शाम तक जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल युवको ने जगह- जगह पर लाठी, तलवार से कई करतब दिखाया। सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह



मुस्तैद दिखी।सभी चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गयी थी। थाना प्रभारी अनिल उरांव क्षेत्र में घूम-घुम कर लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील किया। वहीं दूसरी ओर कई मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रोजा रख कर इबादत करते हुए शाम में इफ्तार किया। जुलूस के दौरान या अली या हुसैन के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। कई जगहों पर युवकों ने हैरत अंगेज करतब दिखाये। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सराडू में अंजुमन कमेटी के द्वारा भव्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्रीअध्यक्ष सुभाष यादव एवम् सराडू पुलिस पिकेट प्रभारी मदन सिंह ने लाठी खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष इसाक अंसारी ने भी अपना जोहर दिखाया।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, प्राथमिकी दर्ज

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के भामाशाह नगर में दहेज के लिए एक विवाहिता कविता देवी की हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बालू ग्राम निवासी बिगेश्वर साव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि मैं अपनी पुत्री कविता कुमारी का विवाह 2018 में हिंदू रीति रिवाज के साथ भामाशाह नगर निवासी जगन्नाथ साव पिता भुनेश्वर साव उर्फ गुरुजी के साथ किया था। शादी के समय समर्थ के अनुसार पूरा दहेज दिया था लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने कम दहेज देने को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। और बराबर दहेज की मांग करने लगे । मेरे द्वारा दहेज देने में असमर्थता जाहिर करने पर बुधवार की रात्रि मेरे दामाद जगन्नाथ साहू, ससुर भुनेश्वर साव, सास कुंती देवी ,भैसुर हरी साब, एवं द्वारिका साहू द्वारा मेरी पुत्री को हत्या कर दिया और साक्ष्य मिटाने के ख्याल से मेरी पुत्री के शव को पंखे में टांग कर आत्महत्या का रंग देने का प्रयास किया ।आवेदन में उपरोक्त लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया। एवं कविता कुमारी के पति जगन्नाथ साव को गिरफ्तार कर लिया है ।वही बालूमाथ पुलिस ने आवेदन के आधार पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 85/ 24 धारा 103 (1), 238, 85, 3 (5) डीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा है कि शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही या स्पस्ट हो पाएगा। आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज करते हुए कविता देवी के पति जगन्नाथ साव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बादशाह हत्या कांड की जल्द सुलझेगी गुत्थी थाना प्रभारी

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह मे बादशाह हत्या कांड के अभियुक्तों को गिरफ्तारी नही होने से स्थानीय लोगो मे काफी आक्रोश देखा जा रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार से बादशाह हत्या कांड के संलिप्त लोगो को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। बतादे कि बरवाडीह थाना क्षेत्र के जुलजार बाग निवासी पपु उर्फ बादशाह को शरारती लोगो ने डंडे से पिटा उसके बाद शरीर पर गर्म पानी डाल कर जला दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी शरारती लोगो ने घटना की अंजाम को छुपाने के लिए बरवाडीह सिचाई विभाग के आई बी परिसर मे शव को फेक दिया । जब ग्रामीणों के द्वारा शव को देखा गया तो इसकी जानकारी बरवाडीह पुलिस को दी,जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल से शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दे दिया। वही बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया की शव प्रथम दृष्ट्या लगता है कि पहले डंडे से पिटा गया उसके बाद मृतक के शरीर पर गर्म पानी डाल दिया गया जिससे उसकी मौत हो गई। उन्हों ने कहा कि ग्रामीणों के सूचना पर बभंडीह निवासी महेंद्र चौहान और उनके पुत्र संतोष चौहान को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्हों ने कहा कि बादशाह हत्या कांड मे जो भी लोग शामिल है उन्हे बक्शा नही जाएगा। उन्हे तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा।

## लातेहार में शांतिपूर्ण सौहार्द में मुहर्रम की त्योहार हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में मोहर्रम का त्यौहार बड़े ही धूमधाम एवं शांतिपूर्ण सौहार्द में संपन्न हुई। गुरुवार को सुबह 10 बजे बड़ी चौंवकी निकाली गई। जो अमवाटिकर से शुरू होकर पुरे नगर भ्रमण किया गया।खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक अपना कर्तव्य दिखाया। लोगों ने खेल का आंनद उठाए उसके बाद पुनः जुलूस अपने निजी स्थान पहुंची। तकरीबन तीन बजे जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान युवकों ने या अली या हुसेन अल्हा हो अकबर के नारे लगाए। इसके बाद यह जुलूस अंबाकोठी पहुंची।जहां केंडू, मोंगर व करकट गांव से आए जुलूस का मिलान किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बच्चों की भीड़ देखने को मिली। **जगह-जगह पर किये गए थे, पुलिस बल की तैनाती :** जिला प्रशासन के द्वारा मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर सभी चौंक चौराहों में पुलिस बल तैनात किए गए थे, ताकि शांतिपूर्ण सौहार्द में संपन्न कराई जा सके।

### ईश्वर के कार्य में माध्यम बनना सौभाग्य की बात : कालीचरण सिंह

## आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में कांवरिया सेवा दल लातेहार से रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सासंद कालीचरण सिंह ने कहा कि ईश्वर के किसी भी काम में माध्यम बनना सौभाग्य की बात होती है। प्रभु के इच्छा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। उनकी अनुमति के बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता है।सासंद श्री सिंह शहर के श्रीराम वाटिका में आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम के तत्वावधान में 11 वीं निःशुल्क 50 सदस्यीय कांवरिया सेवा दल को रवानगी के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि संस्था के संस्थापक रामनाथ अग्रवाल व श्याम किशोर अग्रवाल के द्वारा यह जो 30 दिवसीय निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर लगाया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय और अतुलनीय है।पूरे महीने तक कांवरियों को हर प्रकार की सेवा देना एक पुनित और महान




कार्य है। उन्हें इस कार्य में माध्यम बनने का मौका मिला है। इसके लिए वे आभारी हैं।इससे पहले संस्था के संस्थापक रामनाथ अग्रवाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से वे प्रसिद्ध देवघर मेला के खिजुरिया नामक स्थान में निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। शिविर प्रातः पांच बजे से प्रारंभ हो जाता है और रात के दो बजे तक चलता है। शिविर में कांवरियों के लिए अल्पहार, चाय व खाना के अलावा निःशुल्क योग व चिकित्सीय परामर्श की भी व्यवस्था की जाती है। संस्थान के स्वयंसेवक कांवरियों की मालिश तक करते हैं। इन कार्य में बहुत ही आनंद आता है।इससे पहले उन्होने सांसद श्री सिंह को शॉल व बुके भेंट कर स्वागत किया।मंच संचालन आशीष टैगोर ने किया। सासंद व अन्य अतिथियों ने ध्वजा दिखा कर कांवरिया सेवा दल के सदस्य व वाहनों को रवाना किया। मौके पर भाजपा प्रदेश सदस्य राजधनी प्रसाद यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिप सदस्य सरोज देवी व बलबंत सिंह, रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार पांडेय, विनित मधुकर, आनंद सिंह, मुरली प्रसाद अग्रवाल, गोविंद प्रसाद, महेंद्र शौंडिक, लव कुमार दुबे, विश्वनाथ प्रसाद, बजरंगी प्रसाद अग्रवाल, अमीत किशोर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, कंचन कुमारी, शालू कुमारी, जया कुमारी आदि मौजूद थे।

## महुआडांड़ मुख्यालय में निकाला गया मोहर्रम का जूलुस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मोहर्रम के दुसरे दिन महुआडांड़ मुख्यालय में शांति पूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम कमिटी के जेनरल खलिफा इश्तियाक अहमद व नायब जेनरल खलिफा शहीद खान के नेतृत्व में भव्य जूलूस निकाली गई। जुलूस सबसे पहले जरहाटोली से प्रारंभ किया गया। जो गुरगुटोली अम्वांटोली महुआडांड़ होते हुए डिपाटोली इमाम बाड़ा के पास पहुंची। जहां फुलवार बगीचा, क़साई बांध बस्ती के सभी लोग डिपाटोली में पहुंच कर जूलूस में शामिल हुए।जिसके बाद जूलूस महरुम सज्जाद साहब, गांधी चौक, शास्त्री चौक, पहुंचीं सभी स्थानों पर खिलाड़ियों के द्वारा एक से एक हैरतअंगेज करतब दिखाए गए।तब जिसके बाद जूलूस बस पड़ाव पहुंचीं जो वहां सभा में तब्दील हो गया। मोहर्रम के इस जूलुस में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा के माननीय विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए।बस पड़ाव में इस दौरान बाहर से आए व यहां के खिलाड़ियों के द्वारा दो से तीन घंटे तक एक से बढ़कर एक खेल करतब लाठी डंडे तलवार भाला गड़ासा समय अन्य चीजों से दिखाया गया। जहां जिसके बाद मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि व गन्मान्य लोगों को मोहर्रम कमिटी के द्वारा शोल ओढ़ाकर व गमछा देकर सम्मानित किया गया।

**इनका रहा अहम योगदान**

समारोह का सफल आयोजन में जामा मस्जिद के सदर इमरान खान,मजूल अंसारी सिक्रेटी महजर खान, सहाबुद्दीन खान खजांची शाहिद कमाल,नुरुल हसन कादरी आसिम जफर,अस्ताज अंसारी सद्दाम आलम उर्फ शेरु,लाडले हसन, फिरोज अंसारी, शाहिद अहमद साजिद अली, शबीब खान उर्फ भोलू, अरसद अंसारी, अनवर अली आदिल खलिफा सुफियान, सद्दाम, शाहरुख हसनैन समेत अन्य लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा। मौके पर महुआडांड़ प्रखण्ड के सभी गांव के आए सैकड़ों के संख्या में लोग मौजूद थे।

# चमातू ग्राम पहुंचे शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, विस्थापितों की समस्या से हुए रुबरु

**दिलीप कुमार@प्रभात मंत्र**

**बालूमाथ :** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री गुरुवार को चमातू ग्राम पहुंचकर 10 दिनों से चल रहे धरना स्थल पर पहुंचकर ट्रक आनर्स से मुलाकात की एवं वहा की जन समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीण खुशियल साव ने कहा कि सीसीएल हम लोगों का जीएम लैंड जमीन पर खनन भी कर दिया है।लेकिन आज तक मुआवजा से संबंधित मामले को निष्पादन नहीं किया गया है।इस पर शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने तुरंत मगध परियोजना के पीओ एस सतनारायण को बुलाकर सभी मामले में सीसीएल अभी तक क्या पहल की है इस पर जानकारी लिया। परियोजना पदाधिकारी ने पानी की समस्या पर कहा कि 3 महीने में समस्या को समाधान कर लूंगा। यह सुनकर मंत्री बैजनाथ राम भड़क गए और पीओ



एस सत्यनारायण को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यहां के विस्थापितो के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक महीने के अंदर में पानी की समस्या को दूर करें नहीं तो आपका सारा काम ठप कर देंगे। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से बात करने के बाद कहा कि अस्पताल के लिए भवन बनाया जा रहा है। ओजा ग्राम में प्राइमरी स्कूल एक महीने के अंदर खोल दी जाएगी। वही फुलबसिया ग्राम में डीएवी या डीपीएस स्कूल की स्वीकृति के लिए प्रपोजल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी यहां के विस्थापित की समस्या से अवगत होने के बाद सीसीएल के साथ मीटिंग कर नौकरी व मुआवजा की समस्या को समाधान कराया था। उसके बाद आज 768 लोगों की नौकरी सीसीएल द्वारा दिया गया है। उन्होंने ट्रक ओनर से स्पष्ट रूप से कहां की ट्रक का भाड़ा आप लोग की एकता नहीं होने के कारण भाड़ा नहीं बढ़ पा रहा है। झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि इस कोलियरी में बहुत सारी समस्या है जिसे लेकर शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में सभी का समाधान कराया जाएगा। मौके पर खुशियॉल साव, केदार साव, सतनारायण साव, त्रिवेणी साव, कामेश्वर राम, रंजीत यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## दारू प्रखंड में राजस्व कर्मचारी को 40000 रुपये घुस लेते हजारीबाग के एसीबी टीम ने रंगे हाथ पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जिले मे एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए दारू प्रखंड के एक राजस्व कर्मचारी, सीमन्त दत्त को चालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया . यह गिरफ्तारी दारू प्रखंड कार्यालय से हुई है, जहां सीमन्त दत्त कार्यरत थे. इस घटना से प्रखंड में हड़कंप मच गया है और दारू प्रखंड के हलकों में हलचल बढ़ गई है. सूत्रों के अनुसार सीमन्त दत्त पर यह आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति से 23 डिसमिल जमीन का म्यूटेशन का काम करने के एवज में साठ हजार रुपये की मांग की थी. जिसमे चालीस हजार रुपया लेते हुए एसीबी के टीम ने धर दबोचा, शिकायतकर्ता संतोष राम ने इसकी सूचना एसीबी को दी, जिसके बाद एसीबी ने योजना बनाकर सीमन्त दत्त को रिश्वत लेते हुए पकड़ने का निर्णय लिया. एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार किया और उनके पास से रिश्वत की रकम भी बरामद की गई गिरफ्तारी के तुरंत बाद, सीमन्त दत्त को एसीबी के कार्यालय हजारीबाग ले जाया गया, जहां उनसे डीएसपी स्तर के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं. एसीबी के सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान सीमन्त दत्त से यह जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या उन्होंने पहले भी इस तरह की गतिविधियों में संलिप्तता दिखाई है या फिर यह पहली बार है. इसके अलावा, यह भी जांच की जा रही है कि क्या उनके साथ किसी और कर्मचारी की संलिप्तता भी है.इस घटना ने दारू प्रखंड के हलकों में खलबली मचा दी है. कई वरिष्ठ अधिकारी इस घटना की जांच में जुटे हुए हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि भ्रष्टाचार की इस जड़ में कितनी गहराई है. प्रशासनिक अधिकारी भी अपने विभागों में स्वच्छता लाने के लिए अब और अधिक सतर्क हो गए हैं. हजारीबाग में एसीबी की यह कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी.

## रिम्स पहुंच कर विधायक अंबा प्रसाद ने मरीजों से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने रिम्स पहुंचकर इलाजरत क्षेत्र के कई मरीजों से मुलाकात किया एवं उनके कुशलछेम जाना। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने ब्रेन ट्यूमर बीमारी से ग्रसित सलगा निवासी पत्रकार पवन कुमार दास की पत्नी सरस्वती देवी व बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अराहारा निवासी पेट के बीमारी से ग्रसित मकुंद महतो से मुलाकात कर हालचाल पूछा वहीं चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। विदित हो कि केरेडारी प्रखंड अंतर्गत सलगा निवासी पत्रकार पवन कुमार दास की पत्नी सरस्वती देवी ब्रेन ट्यूमर बीमारी से ग्रसित है।



इनका इलाज विगत कुछ दिनों से हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से रांची रिम्स रेफर किया गया था। सूचना पाकर विधायक अंबा प्रसाद ने तुरंत अपने निजी सचिव संजीत कुमार को निर्देशित करते हुए इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इसके बाद रिम्स पहुंचकर इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई और दिन बृहस्पतिवार को विधायक ने खुद अस्पताल पहुंचकर उनसे मुलाकात की।

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का हजारीबाग जिला मंत्री बने इंद्र कुमार पंडित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले आज हजारीबाग के पावन धरती पर जिला कार्यसमिति का बैठक मटवारी कुम्हार टोली में स्थित रीत वेंकट में हजारीबाग कुम्हार महासंघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रजापति उर्फ पप्पू पंडित के नेतृत्व में आहुत की गई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रजापति कुमार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति एवं वशिष्ठ अतिथि बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल की गरिमा में उपस्थिति में जिला संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें युवा समाजसेवी सह अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित को हजारीबाग जिला के जिला मंत्री के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री पप्पू पंडित की घोषणा की गई। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। उक्त अवसर पर बधाई देने वाले में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति बेरमो विधानसभा के पूर्व विधायक श्री योगेश्वर कुमार बाटुल, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पंडित, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति प्रदेश संगठन महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति, प्रदेश संगठन मंत्री पप्पू पंडित, प्रदेश मंत्री डॉ नरेश पंडित, जिला कार्य समिति सदस्य गोपाल पंडित, पतरातू जयनगर के जिला परिषद श्री राजाराम प्रजापति, हजारीबाग जिला के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रजापति, झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के जिला संरक्षक के रूप में श्री महेश प्रजापति, श्री देवधारी प्रजापति, श्री सुखदेव राम प्रजापति, श्री विष्णु प्रजापति, श्री निर्मल प्रजापति, साथ ही जिला संगठन मंत्री शिव प्रजापति जिला उपाध्यक्ष लीलाधन प्रजापति, जिला सचिव रंजन कुमार, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव प्रजापति बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष श्री गुरुदयाल प्रजापति बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष छत्रु पंडित, आदि अनेक लोगों ने बधाई व शुभकामना देते हो उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## सब्जियों के बढ़े दामों ने बिगाड़ा थाली का जायका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग में सब्जियों के दामों में अचानक हुई बढ़ोत्तरी ने लोगों की थाली का स्वाद बिगाड़ दिया है। टमाटर, प्याज, और हरी सब्जियों सहित सभी प्रकार की सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। टमाटर जो पहले 15 रुपये प्रति किलो बिकता था, अब 50 रुपये प्रति किलो से भी ऊपर बिक रहा है। कुछ दुकानों पर तो इसकी कीमत 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। प्याज भी महंगा हो गया है। जो पहले 20 रुपये प्रति किलो बिकता था, अब 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। हरी सब्जियों के दाम में 100-200 रुपये प्रति किलो का इजाफा हुआ है । हरी सब्जियों की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई है। पालक, मेथी, धनिया, और पुदीना जैसे हरी सब्जियां अब 100-200 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। सब्जियों के दामों में इस बढ़ोत्तरी के कई कारण बताए जा रहे हैं। सब्जी विक्रेता दिनेश कुमार का कहना है कि यह बारिश की वजह से लोकल सब्जी बाजार नही आ रही है। जहाँ हजारीबाग से सब्जियों का निर्यात किया जाता था वहीं अभी की स्तिथि यह है की अभी हजारीबाग मे बाहर से सब्जियां आ रही है जिसके कारण कीमतों मे उछाल आया है। सब्जियों के दामों में इस बढ़ोत्तरी का लोगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आम लोगों के लिए सब्जियां खरीदना अब मुश्किल हो गया है।

## जिप सदस्य ने एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करवाया ट्रान्सफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत करगालो पंचायत के मंझोसी टोला में मध्य जिला परिषद शेख तैयब के द्वारा फीता काटकर विधिवत 100 केवीए ट्रान्सफार्मर का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों के अंधेरे में रहने की बात पता चलने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने अपने प्रयास से एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा कर ग्रामीणों को अँधेरे से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका अदा की। करगालो पंचायत के ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए शेख तैयब का तहेदिल से धन्यवाद दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से करगालो मुखिया मोतीलाल महतो ,समाजसेवी ढालचंद राणा ,जितेंद्र कुमार महतो ,कैलाश कुमार महतो ,सुरेंद्र कुमार महतो ,रविंद्र महतो ,प्रकाश कुमार साव ,नूर अंसारी ,इजराइल अंसारी ,टोकन प्रजापति ,रामचंद्र यादव ,कालेश्वर कुमार साव , टेक लाल साव, बोधी प्रजापति, श्यामलाल साव, सरजू साव एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरही प्रशासन बरही वासियों को मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जताया आभार



**बरही :** बरही में मोहर्रम पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसके लिए बरही प्रशासन ने बरहिवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। एसडीपीओ सुरजीत कुमार, एसडीओ जोहान टुडू, सीओ रामनारायण खालको, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से मोहर्रम पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसके लिए बरही प्रशासन आभार व्यक्त करती है। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि प्रबुद्ध जनों, विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवी मंच के सहयोग से त्योहार संपन्न हुवा। आगे भी इसी प्रकार आने वाले त्यौहार में हम लोग मिलजुल कर संपन्न करवाएंगे और बरही का अमन चैन सदा बना रहे इसके लिए मिलकर काम करेंगे।

## पत्नी और बेटी की हत्या के आरोपी को हजारीबाग न्यायालय ने सुनाई उम्रकैद

**हजारीबाग :** व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के प्रधान एवं जिला न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा की अदालत ने पत्नी व बेटी के हत्या के आरोपी को उम्र कैद की सुनाई है। अदालत ने सत्र वाद संख्या 253/23 एवं चैपारण थाना कांड संख्या 337/2022 में हरिश्चंद्र यादव पिता डब्लू यादव निवासी केदली कला को भादवि की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं धारा 201 में 7 वर्ष की सजा सुनाई एवं 15000 का आर्थिक दंड भी लगाया। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। आर्थिक दंड की राशि मृतका के पुत्र को दी जाएगी। घटना 26 अक्टुबर 2022 की है। दोषी हरिश्चंद्र यादव हमेशा घरेलू विवाद को लेकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया करता था। घटना के दिन शाम 7:30 बजे अपनी पत्नी चुनचुन देवी को मार कर कुएं में फेंक दिया। उसे ऐसा करते हुए उसकी 12 वर्षीय बेटी राधिका कुमारी ने देख लिया था। राधिका घटना को देखकर हो हल्ला करने लगी। यह देखकर आरोपी साक्ष्य को मिटाने के लिए बेटी को भी कुएं में डाल दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बाद में मृतका की सास ने दोनों की खोजबीन प्रारंभ की तो दोनों का शव कुएं में मिला जिसके बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई। स्पीडी ट्रायल के माध्यम से न्यायालय ने आप गठन की 1 वर्ष के अंदर दोषी को सजा सुना दी। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक मनोज कुमार ने मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए कुल छह ग्वाह प्रस्तुत किया एवं सात प्रदर्श अंकित किए गए। बचाव पक्ष की ओर से सौरव अंशु एलएडीसी के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा दोनों पक्ष को सुनने के बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया।

## संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया पौधा रोपण, हर्ष अजमेरा भी रहे मौजूद

**हजारीबाग ।** जिले के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा गुमला जिला के बिशनपुर में स्थित विकास भारती में आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत की । इस कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर मोहन भागवत के द्वारा पौधारोपण किया गया।इस बीच राष्ट्रीय सेवा संघ के प्रज्ञा प्रवाह के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। इस बीच श्री अजमेरा ने अपने सेवा कार्यों को विस्तार पूर्वक मोहन भागवत के समक्ष रखा। मोहन भागवत 10 दिन के दौरे पर झारखंड पधारे हैं इस बीच उन्होंने रांची, बोकारो गुमला सहित कई अन्य जिले का भ्रमण किया है,गुमला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा संस्कृत कार्यक्रम पेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा झारखंडी गीत प्रस्तुत किया गया तालिया की गड़गड़ाहट के बीच मोहन भागवत सहित कई अन्य अतिथियों ने बच्चों का मान सम्मान बढ़ाया। हर्ष अजमेरा ने कहा की गुरुवार को गुमला में आदरणीय अभिभावक स्वरूप सरसंघचालक मोहन भागवत का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद मुझे सेवा के प्रति काफी प्रबल और सजक बनाएगा।

## सांसद के पहल पर बरही पहुंची एनएचएआई की टीम,

### पूर्व विधायक की मौजूदगी में नाली निर्माण की समस्या से हुवे अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बीतें दिनों हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बरही के पटना रोड में नाली निर्माण से हो रही परेशानी को लेकर निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद एनएचएआई को जल्द से जल्द समाधान को लेकर निर्देश दिया था। गुरुवार को सांसद के स्थल निरीक्षण के बाद एनएचएआई की टीम ने पूर्व विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में नाली निर्माण से हो रही परेशानी को लेकर जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बरही मुख्यालय आवासीय इलाके की स्थिति देयनीय हो गई है। बरही शहर के तिलैया रोड में जल निकासी का कोई व्यवस्था नही रहने के कारण गंदे पानी का जल जमाव सड़कों पर हो रहा है। तिलैया रोड में जल निकासी की गई नाले में प्लास्टिक और अन्य कचड़ा जमा होकर गंदे नाली के कारण बदबू दे रही है। शहर में गंदगी के कारण मच्छर का प्रकोप और महामारी का खतरा बना हुआ है। पूर्व विधायक ने एनएचएआई के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इसका समाधान



निकाला जाए ताकि बरहीवासियो को इससे परेशानी न हो और लोग स्वच्छ वातावरण में रह सके। वहीं पूर्व विधायक मनोज यादव ने ग्रामीणों से कहा कि 2019 विधानसभा चुनाव के साढ़े चार साल बीत चुके है और बरही के लोगो के लिए पानी एक सपना बनकर रह गया है। श्री यादव ने कहा कि 10 जुलाई को बरही विधायक बरहीवासियो को पानी देने का खोखला वादा साबित हुवा। 2024 के विधानसभा चुनाव में यहां की जनता उन्हें जवाब देने का काम करेगी। कहा कि अग्रवाल गली में कचड़ा का अंबार है लेकिन इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक सड़क का निर्माण नही हो पाया है। मौके पर एनएचएआई के मैनेजर बिंनोद कुमार मिश्र, टीम लीडर बंदोउपधाय आयन, पेमेंट स्पेसलिस्ट संजय यादव, जेई आशीष कुमार के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान केशरी, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, रितेश गुप्ता, भाजपा महामंत्री किशोरी सिंह, विपिन सिन्हा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जीतेन्द्र गिरी, सनोज केशरी, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, अभिषेक निषाद, आकाश जायसवाल, नविन साव, शिवा निषाद, मुन्ना यादव, सुबोध केशरी, जयराम केशरी, अजित दास, महेंद्र केशरी, पिन्टु ठाकुर, मनोज राणा, छोटी उर्फ़ राज आर्यन, केदार यादव, मनोज यादव, राहुल गुप्ता सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह का कटकमसांडी दौरा, जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और गांवों का दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य लोगों से संवाद स्थापित करना और पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करना था। मुन्ना सिंह ने अपने दौरे की शुरुआत करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और स्थानीय जनता की समस्याओं और उनकी अपेक्षाओं को समझने के लिए उनसे सीधा संवाद स्थापित किया। इस संबंध द्वद्व मुन्ना सिंह ने कहा की जनता की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। हम हर संभव प्रयास करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या सुनी जाए और उनका त्वरित समाधान हो। इसके साथ ही मुन्ना सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे जनसेवा को प्राथमिकता दें और लोगों के बीच जाकर ज़मीनी स्तर पर कार्य करें। इस दौरे में उनके साथ मुख्य रूप से उपस्थित आरजेडी जिला अध्यक्ष चरका यादव, रंजीत यादव, डांड पंचायत के मुखिया इरसाद आलम,कटकमसाड़ी मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, शेरू खान, मुनेश्वर यादव, दिनेश यादव , सुजीत सिंह ,इजाजुल अंसारी, मुकेश राम , प्रसादी राम, महेश राम सुनिल सिन्हा, अजिज अंसारी, अशिश राणा, राजदेव राम , चंन्दन राणा, छोटे लाल राणा साथ कई वरिष्ठ नेता और पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अंडर -17, बालक एवं बालिका वर्ग का फुटबॉल ट्रायल हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** छत्तीसगढ़ में हो रहे हैं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप अंडर 17 में भाग लेने के लिए झारखंड अंडर 17 बालक एवं बालिका वर्ग का चयन प्रकीया हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में 19 जुलाई दिन शुक्रवार से 20 जुलाई शनिवार तक किया जाना है। इसके अंतर्गत 19 जुलाई को बालिका वर्ग एवं 20 जुलाई को बालक वर्ग का चयन किया जाना है। बालिका वर्ग का चयन करने के बाद इनका कैंप रांची में होगा, जबकि बालक वर्ग के 35 खिलाड़ियों का कैंप हजारीबाग में ही किया जाना है। यह पूरी चयन प्रक्रिया झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के निर्देशानुसार, हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन (फुटबॉल) के द्वारा किया जाना है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों का सीआरएस होना अनिवार्य है, साथ में आधार कार्ड ,जन्म प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ-साथ अपने जिले के सेक्रेटरी का आवेदन होना अनिवार्य है। इस चयन प्रक्रिया में लगभग 500 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। इसके मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल होंगे।

## भाजपा का अभिनन्दन सह विजय संकल्प सभा का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** भारतीय जनता पार्टी का अभिनन्दन सह विजय संकल्प सभा सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही मे आयोजन किया गया। सभा अध्यक्षता भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया वही संचालक राजू कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विशिष्ट अतिथि के रूप मे हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा झारखंड में लगातार घुसपैठ करके बहनों को बहला फुसलाकर शादी करने का काम कर रहे हैं यही स्थिति रही तो झारखंड भी बंगाल की राह पर चल पड़ेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा भारतीय जनता पार्टी के मांडू विधानसभा के कार्यकर्ता देव तुल्य है उनकी मेहनत कारण ही मांडू विधानसभा मे 32000 वोट से लीड करने का काम किया। हजारीबाग लोकसभा की सीट झारखण्ड मे चर्चा का विषय रही है। उन्होंने आगे कहा की चंपाई सोरेन को हेमंत सोरेन ने बली का बकरा बना दिया। हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखण्डवासियों पर कालिख पोतने का काम किया और नौजवानों को ठगने का काम किया। किसान बैंक हर प्रखंड मे खोलने की बात कही थी लेकिन कही नही खुल पाया। उन्होंने राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा की पांच साल मे 7285 बहनो के साथ बलात्कार की घटना घटी है। झारखण्ड मे झामुमो के सरकार मे सबसे ज्यादा है आपराधिक घटना हुआ है, अगर घोटाला की बात की जायेगा तो टेंडर घोटाला, दारू, बालू, कोयला घोटाला, जमीन घोटाला। घोटाला यही तक सिमित नहीं है झारखण्ड राज्य मे ही सेना की जमीन की भी लूटपाट करने से नहीं रही है। मुख्य रूप से उपस्थित विवेकान सिंह हजारीबाग प्रवीण मेहता रामगढ रंजीत कुमार, द्वारिका सिंह उर्फ खोला सिंहा चन्द्रनाथ भाई पटेल राज कुशवाहा रामगढ, डॉ रामसेवक प्रसाद वरिष्ठ नेता भाजपा मुरारी सिंह,,के बी मंडल, आशा राय पंचायत समिति सदस्य अजित सिंह,बिना मिश्र,वकील महतो, लोकेश महतो, कैलाश पतिसिंह नरायण महतो, रोहित महतो, भोमपाल ठाकुर सहित सेकड़ो भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर हुई अनियंत्रित चालक की दबकर मौत

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत रसदा बस्ती से जयनगर आने के क्रम जयनगर पूल के समीप एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर से दबकर चालक की मौत मौके पर ही हो गई। जिसकी पहचान बादल सिंह उर्फ कछुआ उम्र 29 साल,पिता- कोल्हा सिंह ग्राम किरीगड़ा निवासी के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही पतरातू पुलिस मौके पर पहुंची तथा पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया। इधर,ट्रैक्टर में कोई नम्बर प्लेट नही होने पर ट्रैक्टर मालिक का पता किया जा रहा था।

## फरार चल रहे अभियुक्त को पकड़ने के लिए बासल पुलिस ने चिपकाए इश्तिहार



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के बासल ओपी क्षेत्र के माही रेस्टोरेंट के संचालक रोशन साव के हत्या के अभियुक्त को पकड़ने के लिए न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बासल ओपी प्रभारी कैलाश प्रसाद के नेतृत्व में बासल पुलिस ने ढोल ,नगाड़े और माइक के द्वारा अलाउंस करते हुए। अभियुक्त मड़ई टोला पतरातु निवासी दीपक कुमार उर्फ ढुल्ला के घर पहुंच कर इश्तिहार चिपकाए साथ ही पतरातु के गली ,मोहल्ले चौक चौराहों पर भी इश्तिहार चिपकाए और लोगों से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने में सहयोग करने की अपील भी की।

## जनता मजदूर संघ के नेताओं ने भुरकुंडा सीसीएल क्षेत्रीय अस्पताल का किया निरीक्षण



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता मजदूर संघ के नेताओं ने बरका-सयाल के भुरकुंडा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचकर वहां की समस्या की जानकारी ली संघ की केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय व केंद्रीय संगठन सचिव सुखदेव प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। हॉस्पिटल के साफ सफाई और मरीजों के इलाज की जानकारी डॉक्टर ए के टोपो से ली साथ ही हॉस्पिटल केंपस में बने कैंटीन को पुन्हा चालू करवाने की भी चर्चा की गई। निशि पांडे ने कहा कि हॉस्पिटल की साफ सफाई बहुत ही अच्छी है , सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र का इकलौता हॉस्पिटल है। अस्पताल में जो संसाधन की कमी देखी गई इसको लेकर बरका सयाल के महाप्रबंधक से की जाएगी बातचीत।, मरीज को मिलने वाले सुविधाओं को लेकर भी की जाएगी चर्चा।

## जेबीकेएसएस ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, सचिव एवं साक्षरता विभाग को मांग पत्र सौंपा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम, मुख्य सचिव- झारखंड सरकार तथा सचिव- स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार को मांग पत्र सौपा गया।झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया ने कहा की झारखंड के वैसे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जिसमें पुरुष लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं, उन्हें दूसरे विद्यालयों में स्थानांतरित करते हुए उनके जगह महिला लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किया जाए, क्योंकि यह विद्यालय , छात्राओं का आवासीय विद्यालय है। इस विद्यालय में लगभग 500 छात्राएं पढ़ाई करती है, तथा प्रत्येक क्लास में 75 छात्राएं पढ़ाई करती है। इसमे 06 से 10+2 तक की पढ़ाई होती है । जबकि शिक्षा विभाग के द्वारा समय-समय पर संविदा आधारित शिक्षिकाओं की नियुक्ति होती रहती है। मांग पत्र सौपने में मुख्य रूप से राजेंद्र बेदिया, रमेश कुमार महतो, प्रभु दयाल महतो, राजेंद्र महतो, डब्लु महतो के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक कार्यालय में क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर वेलफेयर बोर्ड की हुई बैठक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को सीसीएल प्रबंधन व एरिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक की गई।वही बैठक में बरका सयाल क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ को प्रबंधन के समक्ष रखा गया। जिसमें उरीमारी जरजरा चौक से लेकर सयाल तक स्पीड ब्रेकर लगाने, दामोदर पुल पर टुटा रैलिंग बनाने,नाली गार्बेज की सफाई करने, सभी दुर्गा मंड़प को मरम्मत करने, एरिया के स्टेडियम को दुरुस्त करने, भुरकुंडा थाना मैदान की सुंदरीकरण करने, सभी कालोनियों की सड़कों को मरम्मत करने, जर्जर बिजली तारों को बदलने को लेकर वार्ता हुई। जिस पर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक प्रबंधन की ओर से एसओपी अजय कुमार,एसओ इएंडएम अमरेंद्र कुमार, एसओसी आर बसाक, खजांची पासवान,संजय शर्मा,जेपीएन सिन्हा,विमल बिहारी प्रसाद, रामाकांत दुबे,रवि गिरि,अनिल सिंह, डॉ जी आर भगत, सुखदेव प्रसाद, सतीश सिन्हा, बासुदेव साव,कमलेश कुमार, हरिनाथ महतो उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद का किया पुतला दहन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड के चोरघरा पंचायत के सनातनी युवाओं ने आज विधायक अंबा प्रसाद का पुतला फूंका,बता दें कि बड़कागांव महुदी में हनुमान चालीसा के दौरान पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर हिंदुओं को गिरफ्तार करने सहित चिकोर में फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने की घटना के खिलाफ अक्रोशा जताया है, और विधायक अंबा प्रसाद का पुतला दहन किया गया, अध्यक्षता कर रहे आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा एवं मिंटू पटेल ने कहा की कहीं ना कहीं राष्ट्रविरोधी लोगों को विधायक संरक्षण दे रहीं हैं,अपने निजी हित एवम वोट बैंक के लिए विधायक ने राष्ट्र के सम्मान एवम हिंदुत्व के स्वाभिमान से समझौता कर लिया है,महुदी के युवाओं ने भी विधायक अंबा प्रसाद पर सनातनी युवाओं पर लाठचार्ज करवाने का आरोप लगाया था।

# बरकाकाना क्षेत्र में शांति और सौहार्द के साथ मना मुहर्रम का त्योहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** बरकाकाना क्षेत्र के गांवों से नौ अखाड़ों की जुलूस का मिलन थाना चौक नया नगर बरकाकाना में हुआ। जब सभी अखाड़े की जुलूस उस जगह जमा हुई तब एक विशाल जुलूस में परिवर्तन हो गया जो देखने लायक था। इस बार के मुहर्रम में विशेष आकर्षण दयानात मोहल्ला, दुर्गी के छोटी छोटी बच्चियों के लाठी का खेल और मस्जिद मोहल्ला के नौजवानों मास्टर दिलदार एवम टीम की देशभक्ति पर कौवाली नुमा प्रर्दशन था। जुलूस और प्रतियोगिता का कार्यक्रम शांति पूर्वक संपन्न हुआ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई और आदिवासी सभी समुदाय एवम जाति की उपस्थिति से सांप्रदायिक सौहार्द का नजारा देखने को मिला। बरकाकाना, पीरी, घुटुवा, केलहुवा पतरा, मसमोहना, दुर्गी दयानत मोहल्ला, रिजवी मोहल्ला, मार्केट मोहल्ला, मस्जिद मोहल्ला के अखाड़ों की जुलुस अपने अपने इमामबाड़ा से निकल कर निर्धारित रूट होते हुए थाना चौक, नया नगर बरकाकाना पहुंची जहां अस्त्र शास्त्र प्रतियोगिता आयोजित किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें घुटुवा को प्रथम रिजवी मोहल्ला दुर्गी को द्वितीय और दयानत मोहल्ला, दुर्गी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। जबकि अखाड़ों को अनुशासन पर भी पुरस्कृत किया गया जिसमें केलहुवा पतरा को प्रथम मस्जिद मोहल्ला, दुर्गी को द्वितीय और मार्केट मोहल्ला दुर्गी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार के तौर पर सील्ड , मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र दिया गया। मिल्लत ए इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया कमिटी के द्वारा बरकाकाना ओ पी प्रभारी जनाब अख्तर अली को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन मिल्लत ए इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया कमिटी के द्वारा किया गया। अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का पुरस्कार मिल्लत ए इस्लामिया मरकज अर्थात एरिया कमिटी के द्वारा ही दिया गया जबकि अनुशासन पर पुरस्कार ओ पी प्रभारी जनाब अख्तर अली के द्वारा दिया गया। डॉ मनोज अगरिया अपनी टीम के साथ पहुंचे उन्होंने अपनी संस्था से फर्स्ट एड की व्यवस्था दी थी, वसुंधरा क्लॉथ स्टोर के द्वारा शरबत और ठंडा पानी की समुचित व्यवस्था दी गई और मो शफीक एवम मुन्ना अंसारी द्वारा खिलाड़ियों को कोल्ड ड्रिंक्स बांटा गया।अस्त्र शास्त्र प्रतियोगिता और अनुशासन पर निर्णय लेने के लिए निर्णायक मण्डल बनाया गया था जिसमें हाजी सरफुद्दीन अंसारी, हाजी सहमत अली और डॉ अफजल इब्राहीम शामिल थे। उपरोक्त सभी को एवम सभी सहयोगियों को एरिया कमिटी ने धन्यवाद दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मरकज के सदर हाजी ताहिर हुसैन ने किया और संचालन मरकज के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। इस अवसर पर हाजी मो खलील, नसीम अख्तर, क्यामुद्दीन अंसारी, डॉ मनोज अगरिया, हीरा गोप, रमेश यादव, प्रदीप करमाली, पंचदेव करमाली, जी एस रॉय, गोविंद बेदिया, नागेश्वर मुंडा, विनोद महतो, सुशील कुमार, विजय सिंह, गिरीशंकर महतो, फरीद अंसारी, मुकीम आलम, अब्दुल बारीक, हयात अहमद, आजाद अंसारी, डॉ जाकिर शाह, जलील अंसारी, आफताब आलम, तफसीर अहमद, फखरुद्दीन शाह, मुस्लिम अंसारी, मो वसीम, अखूतर अंसारी, मोइन खान, मोबिन खान, गुलाम रब्बानी, मो रिजवान आदि उपस्थित थे।

## भुरकुंडा व भदानीनगर मुहर्रम में युवाओं ने दिखाई हैरतअंगेज करतब, खूब भांजी लाठियां, प्रशासन दिखा मुस्तैद





प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा एवं भदानीनगर में मुहर्रम का त्यौहार शांति व भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। मुहर्रम के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बिरसा चौक बाजार सरदार कॉलोनी तक आकर्षक ताजिया व निशान के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान या अली, या हसन, या हुसैन के नारा से पूरी फिजा गूंजती रही। थाना चौक में ताजिया जुलुस शामिल हुआ युवाओं ने तलवार, लाठी, भाला से कई हैरतअंगेज लाठी खेल का प्रदर्शन किया। मुहर्रम के जुलुस के दौरान जगह - जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। भुरकुंडा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में मुस्तैद दिखी। वहीं भदानीनगर लपंगा बस्ती में थाना प्रभारी संजय कुमार रजक पुलिस दल-बल के साथ मुस्तैद थे। इस अवसर पर निशान, और लाठी प्रतियोगिता प्रदर्शन किया गया। वहीं युवा ढोल-तासे बाजे एवं मोहर्रमी धुन पर पारंपरिक हथियार के साथ करतब दिखाते नजर आए।मालूम हो कि त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम इमाम हुसैन की कर्बला के मैदान में इस्लाम की खातिर कुर्बानी व उनकी शहादत को याद करने के लिए मनाया जाता है।

## मोहर्रम जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराने का मामला पकड़ा तूल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा भादानी नगर ओपी क्षेत्र के चिकोर गांव में मोहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराने का एक मामला सामने आया था। जिसमें मोहर्रम जुलूस में एक युवक फिलिस्तीन का झंडा लहराते चाल रहा था पूरे कोलांचल क्षेत्र मे सोशल मीडिया में यह विडियो तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो को देखकर हिंदू संगठन के कई लोग भदानी नगर ओपी पहुंचकर। झंडा लहरा रहे व्यक्ति को पकड़ कर उचितप कार्रवाई की मांग की। पतरातु एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भदानी नगर ओपी परिसर में दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठकर की बातें।

## भारतीय जनता पार्टी ने बुथ अध्यक्षों को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** चरही ऑफिसर्स क्लब में भारतीय जनता पार्टी के मांडू विधानसभा के विजय संकल्प सभा में प्रत्येक प्रखंड/मंडल के पांच बेहतर प्रदर्शन करने वाले बुथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया जिसमे दाड़ी प्रखंड के बूथ नंबर 96 के अध्यक्ष गिरिजा सिंह, 95(गिद्दी )के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह,85 (हेसलोंग)के अध्यक्ष राजदीप प्रसाद,83 (जी एम ऑफिस) के अध्यक्ष मिरनाल दास जिसके अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष प्रमोद सरदार को सम्मानित किया गया एवम बूथ नंबर 108(रेलीगड़ा ) के अध्यक्ष रवि वर्मा को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। और साथ ही मंडल अध्यक्ष को निर्देश दिया की मंडल में बैठक कर सभी लीडिंग बूथ अध्यक्षों को सम्मान्नित करे। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के तौर पर हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल भी उपस्थित थे।साथ ही इस कार्यक्रम में हजारीबाग और रामगढ़ के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रवीण मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा,पुरुषोत्तम पाण्डेय, खोखा सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रनाथ पटेल, मुरारी सिंह, सर्वेश सिंह, वकील महतो, मुन्ना त्रिपाठी, सांवरमल शर्मा, सतीश सिंह,हुकुमनाथ महतो, प्रकाश सिंह, नारायण महतो, बसंत प्रजापति, साथ ही सभी मंडलों के अध्यक्ष, और कई वरिष्ट नेता उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा बच्चों के बीच एजुकेशन किट का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा गुरुवार को 9 दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन के कार्यक्रम जो कि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के झंडा चौक स्थित एजी चर्च के प्रांगन में डी यू मिशन विद्यालय में कुल 30 छात्र छात्राओं के बीच गुरुवार को शिक्षा सेवा के तहत शिक्षा किट का वितरण किया गया। प्रत्येक किट में नोटबुक, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्केल, कलर, ड्रॉइंग बुक था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ने बताया कि संस्था का इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य असमर्थ असहाय बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं शिक्षा की सामग्री उपलब्ध कराना है।उन्होंने आगे कहा कि शिक्षित समाज ही सुसज्जित समाज का निर्माण करती है। हमारे संस्था के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा सामग्री भी उपलब्ध कराया जाना केवल रामगढ़ में ही नहीं बल्कि राज्य के अन्य जिलों में भी जहां शिक्षा की जरूरत है उन लोगों को शिक्षा से जोड़ना एवं शिक्षक सामग्री को उपलब्ध कराना है।मौके पर मौजूद विधालय की प्रधानाध्यापिका कृपा सोई, शिक्षिका लता होरो, एवं अभिनाष कुमार ने मंच के इस कार्य की प्रोत्साहना करते हुए कहा कि मंच हमारे विधालय में समय समय पर इस तरह का कार्य करता रहता है एवं मंच के कार्य से बच्चे काफी उत्साहित रहते है। शिक्षा के क्षेत्र में युवा मंच के समर्पण को उन्होंने साधुवाद किया। इस कार्य को संपन्न करने में युवा मंच के सदस्य आशीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विजय खंडेलवाल, संतोष गोकुलका, नीतेश बेरलीया, साकेत चौधरी आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## आउटसोर्सिंग में विस्थापितो को रोजगार नहीं मिला तो होगा आंदोलन : राजू यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना अंतर्गत काम कर रहे आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी के बैस कैंप स्थल पर गुरुवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले रोजगार कि मांग कि गई। वही इसका नेतृत्व विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक सह राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कर रहे थे। मौके पर क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि इस आउटसोर्सिंग कंपनी में पिंडरा,रोहन गोडा, हेसाबेडा, उरीमारी, गंधौनिया, डेढका, भुरकुंडुवा, रस्काटोला, बरटोला, तिलैया, असवा,व सतमरा के बेरोजगार विस्थापित ग्रामीण को रोजगार देने कि मांग कि। राजू यादव ने यह भी कहा कि जबतक यहां के विस्थापितों को रोजगार नहीं मिलेगा तबतक यहां पर आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी को कार्य करने नहीं दिया जाएगा। इसके तत्पश्चात आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रबंधन व मोर्चा के पदाधिकारियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता में प्रबंधन कि ओर से खान प्रबंधक पीके सेन गुप्ता, आउटसोर्सिंग कंपनी मैनेजर दिवाकर प्रसाद विश्वकर्मा,विषमो संरक्षक राजू यादव,विसमो सचिव महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू,विश्वनाथ मांझी, कानू मरांडी,धर्मदेव करमाली के साथ वार्ता हुई। इस वार्ता में प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कंपनी ने क्षेत्रीय सचिव व विसमो के पदाधिकारियों को सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इधर विसमो के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि आउटसोर्सिंग कंपनी में काम शुरू होते ही विस्थापितो को रोजगार नहीं मिला तो हमलोग आउटसोर्सिंग का कार्य पुरी तरह से बंद कर देंगे। मौके पर दशाराम हेम्ब्रोम, सुखदेव सोरेन, विजय करमाली,तालो बेसरा,मोहन मांझी,शिगू हेम्ब्रोम, मनू टुडू, लालदेव सोरेन, जतरू बेसरा,मनाराम मांझी, कजरू उरांव,रामा उरांव, रामवृक्ष सोरेन,बासदेव सोरेन, कतिलाल हेम्बोम,धनिराम बेसरा, आदि थे ।

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002 e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/06/24-25**
**Dated 16.07.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land , Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required as per latest guidelines for Hatia-Lodhma-Karra road (MDR-32) at Khunti in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 60 Days |
| 3- | Tentative Length | 26.400 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :**- Rs- 30,000/- (Rupees Thirty Thousand ) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 19.07.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 29.07.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 30.07.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No- 9431591027 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR.NO.329901 Road(24-25):D

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**Very Short Term E-procurement Tender Notice**
**Re E-Tender NIT No: GML/NP/04/2023-24 (Urban Transportation & Civic Amenities) (3rd Call)**

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents Online (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Drain and Construction of Slab and others work in Ward no 20 from Ramesh Chini house to Dharti Dhan shop via Raghav Wakil house, From Rajan Gupta house to Umakant kasera house, Sachidanand house to Jitu Bhokta and Mohan Gupta House to Rajesh Gupta House. | 11,08,779.00 | 22200.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 2 | Construction of PCC Road and Drain in Ward No 22 from Manju Oraon house to Jaypal Oraon house. | 10,45,690.00 | 21000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| | | 21,54,469.00 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 23.07.2024 (at 10:00 AM) |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 23.07.2024 (at 10:00 AM) to 30.07.2024 (at 05:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 01.08.2024 (at 03:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :– (1) केवल ई–निविदा स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा की शर्त्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 329936 District(24-25)#D

## मृतक के परिजनों से मिले राजद नेता



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा ने गुरुवार को जमुआ प्रखंड अंतर्गत चकमंजो गांव पहुंचे और मुहर्रम जुलूस के दौरान करंट लगने से मो ताज उद्दीन आलम का 24 वर्षीय पुत्र मृतक मो हैदर आलम के परिजनों से मिले और परिवार जनों को संतावना दिया और घटना पर गहरी शोक व्यक्त किया तथा हर संभव मदत करने का आश्वासन दिया। श्री हाजरा चंकमंजो में मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी लेते हुए कहा कि जिस तरह से 11 ग्यारह हजार वोल्टेज का तार मुख्य सड़क के नजदिक से गुजरा है इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मी दोषी है । सड़क से मात्र पंद्रह से बीस फीट की उंचाई से नंगा तार 11 ग्यारह हजार वोल्टेज का खींचा गया है। यह बहुत ही शर्मनाक कार्य विभाग के द्वारा किया गया है। श्री हाजरा ने कहा कि चकमंजो गांव में दर्जनों लोगों के घरों के छत से होकर भी 11 हजार वोल्टेज का गुजरा हुआ है जो कभी भी किसी अन्य बड़ी घटना होने का संभावना है। इस तरह विभाग का लापरवाही का मंजर देख कर लगता है कि बिजली विभाग कुंभकर्ण की निंद्रा में सोया हुआ है । इसी कारण यह घटना हुआ है। श्री हाजरा ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मुआवजे की मांग किया। मौके पर विशेश्वर यादव, मुस्ताक यूसुफ (गाजी).मोहम्मद हसनैन, वकार अहमद.कमरुद्दीन अंसारी, रिंकू, मोहम्मद सद्दाम, दानिश अंसारी, मोहम्मद सागर ,एहसान अली, अरमान अंसारी, हसरत अली, मोहम्मद साहिल साजिद आलम, मोहम्मद कलाम उपस्थित थे।

## अनियंत्रित स्कार्पियो पेड़ से टकराया, चार घायल

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर गिरिडीह मुख्य मार्ग के संग्रामडीह



बरटांड तीखे मोड़ के पास आज गुरुवार की सुबह तेज़ रफ़्तार स्कार्पियो ने महुआ पेड़ में जोरदार टक्कर मारा जिससे गाड़ी में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए उस वाहन में एक छोटा बच्चा भी सवार था जिसकी स्थिति काफी नाजुक बताया जाता है। प्राप्त समाचार के अनुसार गिरिडीह गोविंदपुर मुख्य मार्ग के संग्रामडीह बरटांड के पास स्कार्पियो संख्या JHOJ/2563 गोविंदपुर से जमुई बिहार जा रहा था तभी उक्त वाहन दुर्घटना के शिकार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की गति काफी तेज होने के कारण तीखे मोड़ का अंदाजा ड्राइवर ने नहीं लगा सका ओर वाहन पेड़ से टकरा गया। घटना की खबर मिलते ही टुंडी थाना के अवर निरीक्षक प्रभूनाथ प्रसाद द्वारा सभी घायलों को एंबुलेंस से शहीद निर्मल महतो अस्पताल धनबाद भेज दिया गया।

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में वृक्षारोपण सप्ताह मनाया गया



*जीवन को बचाने के लिए प्रकृति संरक्षण व वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है : महुआ सिंह*

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में वृक्षारोपण सप्ताह मनाया गया। इस उपलक्ष मे कक्षा चौथी एवं पांचवी के बच्चों ने कई पेड़ लगाए। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह के दिशा निर्देशानुसार हर एक बच्चे को एक-एक पेड़ लगाना अनिवार्य है तथा उसके वृद्धि एवं विकास का विवरण प्रतिवेदन के रूप में जमा करना होगा। वृक्षारोपण के अंतर्गत शीशम, आंवला, पीपल, आम, नीम आदि पेड़ लगाए गए। एक विशेष प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि जीवन को बचाने के लिए प्रकृति संरक्षण व वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। है। भारतीय संस्कृति में तो वृक्षों की पूजा का विधान पर्यावरण के प्रति हमारी परंपरा के आदर भाव को दर्शाता है। वृक्ष हमारे जगत जननी का रक्षक है। इन पेड़-पौधों के कारण ही हमारा अस्तित्व पृथ्वी पर मौजूद है। पर्यावरण के मूल घटक जल, मिट्टी, वायु के संतुलन में पेड़ पौधों का योगदान सर्वोपरि है। मौके पर सी सी इंचार्ज मौसूमी बनर्जी भी शामिल थीं। प्राचार्या ने बच्चों को अपने आज को सुरक्षित करने के साथ साथ भविष्य के प्रति भी सजग करते हुए कहा कि यदि पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ लगाने आवश्यक हैं।

# मुहर्रम की जुलूस के दौरान दो समुदाय में हुई हिंसक झड़प, मारपीट व पत्थरबाजी में दर्जनों लोग घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भूली ओपी क्षेत्र के पांडरपाला स्थित कुम्हारटोली में बुधवार की रात करीब 8 बजे तय रूट से अलग मुहर्रम का जुलूस निकाले जाने को लेकर तनाव पैदा हो गया। इस दौरान दो समुदाय के बीच हिंसक झड़प हो गयी। दोनों तरफ से रुक-रुककर काफी देर तक पत्थरबाजी हुई। झड़प में दर्जनो लोग घायल हुए हैं जिसमे कुछ पुलिस कर्मी और पत्रकार भी शामिल हैं। झड़प की जानकारी मिलते ही पुलिस- प्रशासन रेस हो गया। डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, सिटी एसपी अजीत कुमार, एसडीएम उदय रजक, डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार समेत कई वरीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंच गये। बोकारो से भी पुलिस बल बुला लिया गया। अधिकारियों





की मौजूदगी में दोनों पक्षों के अमन-पसंद लोग सामने आये और रात 12 बजे मामला शांत करा लिया गया। प्रशासन ने एहतियातन मजिस्ट्रेट के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया है। घायल लोगों का उपचार स्थानीय स्तर पर कराया गया। बताया जाता है की जिस वक्त घटना घटित हुई उस वक्त ताजिया निकालने और अखाड़ा जुलूस की वजह से पूरे इलाके में बिजली विभाग ने सुरक्षा कारणों से बिजली काट रखा था। इसी अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व अमन चैन में खलल डालना चाह रहें थे जिसे प्रशासन ने सूझ बूझ से रोका। हालांकि घटना की जांच के बाद ही पता चलेगा कि किसकी वजह से उपद्रव हुआ है और कौन कौन से लोग शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारी अभी भी कैंप कर रहें हैं।

**मिल्लतगंज से निकल कर बैंक मोड़ कर्बला जा रहा था अखाड़ा फिर रूट डायवर्ट से उपजा विवाद :-** पांडरपाला मिल्लतगंज के ताजिया कमेटी के मो. आजाद के अनुसार ताजिया अपने निर्धारित रूट से ही जाना था। दरअसल ये अखाड़ा मिल्लतगंज इमामबाड़ा के गोसिया मस्जिद से निकला था और बैंक मोड़ कर्बला जा रहा था। मिल्लत गंज रूट निर्धारित था। बताया जाता है कि नाली कटे होने के कारण अखाड़ा कमेटी कुम्हार टोली होकर जुलूस ले जानी लगी। इसका विरोध दूसरे समुदाय के लोगों ने किया। लोगों का कहना था कि इससे पहले इधर से कभी भी ताजिया का जुलूस नहीं गुजरा है। इसी बात पर विवाद बढ़ा। मौके पर मौजूद बल ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग नहीं माने। माहौल खराब हो चुका था। इसी बीच भीड़ में से किसी असामाजिक तत्व ने पत्थर चला दिया। तीखी बहस के बाद विवाद मारपीट में बदल गई। झड़प की घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं।

## मुहर्रम में हुई पत्थरबाजी में तीन युवक हिरासत में

### विश्व हिंदू परिषद ने एकतरफा कार्रवाई का लगाया आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहर में मुहर्रम के जुलूस के बाद देर रात गिरिडीह के नगर थाना पुलिस ने संदेह के आधार पर तीन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया. नगर थाना पुलिस ने जिन तीन युवकों को हिरासत में लिया. इसके बाद भाजपा और हिंदू संगठनों का आक्रोश भी भड़क उठा. और भाजपा के साथ हिंदू परिषद के नेता नगर थाना के साथ मुफ्फसिल थाना और एसपी दीपक कुमार शर्मा से मिले. और तीनो युवकों को हिरासत में लेने के मामले को एकतरफा कारवाई बताया. इनका कहना है कि जब मुहर्रम के अखाड़े में आग का लुक धुना जा रहा था, तो पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कारवाई क्यों नहीं की. कही न कही इस पत्थरबाजी की घटना का कारण भाजपा नेताओं के साथ हिंदू संगठन के नेताओं ने आग का लुक धुना बताया. और कहा कि शांति समिति की बैठक में एसपी ने कड़े निर्देश दिए थे कि आग का लुक धुनने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी. इसके बाद भी शहर के कई स्थानों में लुक धुना गया. और इसे लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी खामोश रहे. भाजपा नेताओ के साथ हिंदू संगठन के नेताओं ने एसपी दीपक कुमार शर्मा से मिलकर मांग की कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों के खिलाफ कारवाई किया जाना चाहिए. बगैर तथ्य के बेकसूरों को हिरासत में लेना उचित नहीं. मौके पर एसपी ने भरोसा भी दिलाया है. वहीं अब अलग अलग टीम में बंटे अधिकारी घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. जिससे दोषियों के खिलाफ कारवाई की जा सके।

## चार दिनों से चल रहे पंचायत प्रतिनिधियों का अनिश्चितकालीन धरना एसडीएम के आश्वासन से खत्म

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया/गिरिडीह :** 15 जुलाई से 5 सूत्री मांगों को लेकर सरिया प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि का चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम गुरुवार को सरिया एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ । बताते चले की सरिया अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार, कंप्यूटर ऑपरेटर की मनमानी, भू माफियाओं के साथ साथ गरीबों की जमीन की हेरा फेरी, अंचलाधिकारी के रवैया से क्षुब्ध, पंजी 2 में छेड़छाड़ ,सरकारी भूमि में अतिक्रमण आदि मांगों को लेकर सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी की अगुवाई में पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम शुरू किया गया था। जिसमें सरिया प्रखंड के लगभग सभी पंचायत समिति सदस्य, कई मुखिया आदि ने इस धरना कार्यक्रम में शामिल रहे । वहीं गुरुवार को



बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो भी धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया एवं जिला प्रशासन से अभिलंब धरनार्थियों से वार्ता कर सभी मामलों में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच की मांग की गई। अन्यथा भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ भाजपा के द्वारा जन आंदोलन तेज करने का भी बात कहा गया। इस मौके पर भाजपा नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव भी धरना स्थल पर पहुंचकर उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिए एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। तत्पश्चात सरिया अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे देर शाम धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारी से सभी बिंदुओं पर बात कर अभिलंब मामले की गंभीरता को समझते हुए गिरिडीह उपयुक्त से धरनार्थियों के सात सूत्री मांगों की निष्पक्ष जांच को लेकर एस आई टी कमेटी गठित करने को लेकर आवेदन प्रेषित किया।

### भाटडीह दामोदर नदी पुल से चेचका धाम तक जंगलों के बीच सड़क नही होने से ग्रामीण है परेशान

## विधायक, सांसद, जिलाप्रशासन इस ओर नही देते है ध्यान : ग्रामीण

सुभाष मिश्रा@प्रभात मंत्र

**महुदा :** धनबाद जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर महुदा के भाटडीह स्थित दामोदर नदी के पुल जो धनबाद और बोकारो जिला को जोड़ती है वही सरकारी उदासीनता के कारण दामोदर पुल से चेचका धाम शिव मंदिर तक अभी भी पक्की सड़क नही होने से बोकारो और धनबाद के ग्रामीण परेशान है। वही प्रत्येक सोमवार को हजारों की संख्या में लोग दामोदर नदी में स्नान करके जल लेकर चेचका धाम शिव मंदिर जाते है जिसमे एक किलोमीटर की पथरीली और कीचड़ युक्त रास्ते से गुजर कर शिव मंदिर पहुंचने को



मजबूर होते हैं। वही इस रास्ते में प्रत्येक दिन हजारों लोग आना जाना करते हैं जिसमे अधिकतर सड़क नही होने से राहगीर चोटिल भी हो जाते है। जब संवाददाता दामोदर नदी पुल होते हुए चेचका धाम मंदिर पहुंचा तो एक भक्त ( ग्रामीण) ने अखबार में नाम नही छापने की शर्त में बताया की यदि मंदिर से दामोदर नदी तक सड़क बन जाती तो भक्तगणों के साथ साथ, फेक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों, साग सब्जी बेचने जाने वाले ग्रामीण बोकारो से धनबाद और धनबाद से बोकारो जाने वाले लोगो को बहुत सुविधा होती। लेकिन हमारे विधायक, सांसद, या जिला प्रशासन इस और ध्यान नहीं देती हैं यदि उक्त लोग ध्यान देते तो अभी तक उक्त मंदिर से दामोदर नदी तक सड़क बन जाती। वर्षा का दिन भी चल रहा हैं और इस रास्ते में कीचड़ और नुकीले पत्थर के ऊपर लोग चलने को मजबूर है जिससे चोटिल भी होते हैं, फिर भी जिला प्रशासन और राजनेताए कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है। ये उक्त रास्ते को बनाने के लिए कब जागेंगे यह तो भगवान ही जानते हैं।

## अधिवक्ता वकार ने दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** निकली मुहर्रम की जुलूस के दौरान दो समुदाय मे हुई हिंसक झड़प को लेकर अधिवक्ता वकार अहमद उर्फ विक्की ने भूली ओपी मे आवेदन देकर दोषियों पर कानूनी कार्यवाई करने की मांग की है।

उन्होने लिखा है की पत्थरबाजी कर शांति व्यवस्था को भंग करने वालों मे मुख्य रूप से अक्कू होटल के संचालक, विकास, रॉकी, विक्की, शंकर, सुरज, रोहित, सन्नी, कुंदन, सागर, प्रदीप, संतोष, दीपक, गोपी, वीरु महतो, संदीप, टेनी, ठाकुर आदि थे। कहा की इन्हीं लोगों द्वारा पत्थरबाजी कर माहौल को खराब किया गया



जिससे शांति एवं विधि व्यवस्था बाधित हुई। इसलिये इन दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज 18.07.2024 को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की । परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं एवं बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्य की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके।

बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है ।

बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे ।

## आदिवासी इलाके में हाथी का उत्पात तीन घरों को तोड़ा, दहशत में लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** बगोदर प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्र में एक बार फिर झुंड से बिछड़े हाथी ने उत्पात मचाया है बताया जाता है कि हाथी रात्रि में धवैया गांव में घुसकर तीन मिट्टी के घरों को तोड़ कर नुकसान पहुंचाया है इससे लोगों में दशहत का माहौल है इधर घटना की सूचना मिलते ही जिप उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव अड़वारा पंचायत के छोटकी धवैया गांव पहुंच कर हाथियों के द्वारा नुकसान किए गए गरीब परिवारों से मिले मदद का भरोसा दिए वहीं बन विभाग के अधिकारी को फोन से बात कर जानकारी दिए । अड़वारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धानेश्वर मरांडी भी हाथियों के द्वारा तोडे हुए घरो के परिवार से मिले और सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिये ।

बताया जाता है कि छोटकी धवैया गांव के सीता राम मांझी प्रभु मांझी और छोटेलाल मांझी और बगोदरडीह में भी कई घरों को नुक्सान किया है

## कुआं से महिला का शव बरामद, मायके पक्ष ने पति पर लगाया हत्या का आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के कपिलो पंचायत के ग्राम चानो में एक अर्धनिर्मित कूवें से महिला का शव बरामद किया गया। महिला की पहचान चानो निवासी 40 वर्षीय देवकी देवी पति लक्ष्मण रविदास के रूप में की गई। वहीं मृतक महिला के मायका पक्ष से इसी प्रखंड के ग्राम बरांय निवासी उसके भाई अरुण दास पिता गोकुल दास ने बिरनी थाना में आवेदन देकर अपने जीजा लक्ष्मण रविदास पिता छतरी रविदास, छतरी रविदास पिता शनिचर रविदास एवं मृतका के सास पर अपनी बहन की हत्या कर शव को छिपाने की नियत से काला पत्थर के पास एक कुवें में फेंक देने का आरोप लगाया है। जैसा कि ग्रामीणों ने बताया कि मृतक महिला आरोपी लक्ष्मण रविदास की दूसरी पत्नी थी, पहली पत्नी की असामयिक मृत्यु के पश्चात लगभग 15 वर्ष पूर्व मृतका देवकी देवी के साथ उसका दूसरा विवाह हुआ था। आए दिन पति पत्नी दोनों के बीच पारिवारिक विवाद होता रहता था। इधर घटना की सूचना मिलते हीं बिरनी पुलिस सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी। वहीं आरोपी लक्ष्मण रविदास मौके से फरार बताया जा रहा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डॉ. रामेश्वर उरांव ने कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की परिसंपत्तियों का किया वितरण

## कहा, 2 करोड़ 5 लाख रुपए के लागत से लोहरदगा में होगा कब्रिस्तान घेराबंदी एवं जनाजा शेड का निर्माण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** समेकित जनजाति विकास अभिकरण लोहरदगा के तत्वाधान में आज नया नगर भवन लोहरदगा में डॉश रामेश्वर उरांव, माननीय मंत्री, वित्त विभाग योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्कर विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांव देहात के बच्चे बच्चियों के लिए दूरी अब पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी। सभी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा निः शुल्क साइकिल दिया जा रहा है जिससे कि वे समय पर स्कूल आना जाना कर सके। उन्होंने वन अधिकार पट्टा के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रदत यह अधिकार के बारे में लोगों की जानकारी आवश्यक है। भूमिपट्ट के लिए उन्हें सरकार से उचित माध्यम से इसके लिए आवेदन करना चाहिए। उन्होंने यहां के परंपरागत आदिवासी एवं वन के साथ उनके अन्योंन्याश्रय संबंध के बारे में भी बताया ।उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की अपील की। अल्पसंख्यकों के कब्रिस्तान घेराबंदी के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार सभी समुदाय के भावनाओ को सम्मान देने का कार्य किया है। इसके तहत कब्रिस्तान को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए घेराबंदी कराया जा रहा है। उपायुक्त लोहरदगा डॉश वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कल्याण विभाग के सभी मुख्य योजनाओं के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने साइकिल वितरण योजना उन्नति का पहिया के बारे में कहा कि साइकिल न सिर्फ बच्चों के लिए आर्थिक सहायता है बल्कि इससे शारीरिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने वनाधिकार अधिनियम के तहत एवं सामुदायिक पट्टो के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व पारंपरिक लोक संगीत एवं नृत्य के माध्यम से माननीय मंत्री का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक जिला प्रशासन द्वारा अगुवाई की गई ।साथ ही पौधे भेंट कर माननीय मंत्री का आभार प्रकट किया गया। दीप प्रज्वलित कर परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत कुल दस लाभुकों को 1,05,75,017 (एक करोड़ सतावन लाख पांच हजार सतरह) रुपए की राशि वितरित की गई जिसमें रोजगार के लिए 35,09,246 रुपए की सहायता राशि एवं 7065771 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। वनाधिकार अधिनियम के तहत कुल दस समूहों के बीच 3,750.36 एकड़ सामुदायिक भूमि का वितरण किया गया। अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी के लिए कुल 2,05,36,600 रुपए की राशि वितरित की गयी। वहीं साइकिल वितरण योजना के तहत 4,500 छात्र छात्राओं के लिए 45,00,000 रुपए राशि की साइकिल वितरित की गई। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता श्री जितेन्द्र सिंह मुंडा,निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण सुषमा नीलम सोरेंग,जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सरस्वती कच्छप सहित जिले के अनेक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## झापा केंद्रीय अध्यक्ष ने किया पार्टी कार्यकर्ताओ संघ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पालकोट अंतर्गत कॉलेज मोड के पास झारखंड पार्टी का चुनाव कार्यालय में गुरुवार को झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक बैठक किया।बैठक में आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों को लेकर गहन रुप से विचार-विमर्श किया गया।तथा विधानसभा चुनाव झारखंड पार्टी की जित सुनिश्चित करने के लिये चक्रव्यूह तैयार किया गया।इस अवसर केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि पालकोट प्रखंड कमेटी का विस्तार यथाशीघ्र करें।पालकोट के सभी पंचायतों से 5-5 पार्टी हित के लिये निष्ठावान कार्यकर्ता का चयन कर दो दिनों के अंदर दें।ताकी जल्द से जल्द प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जाय। एनोस एक्का ने कहा कि विधानसभा चुनाव जितने के बाद ही सभी का भविष्य उज्वल बनेगा।पालकोट में हमारे सभी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर जनता के संपर्क में जाकर पार्टी हित के लिये काम करें। शनिवार तक जो संगठन के लिये समय दें।उसका चयन करें। निष्पक्ष रुप से प्रखंड कमेटी का गठन किया जायेगा।जो पार्टी के लिये समर्पित भावना के साथ काम करेंगे।हम सभी वर्ग के लोगों को प्राथमिकता के साथ पार्टी में शामिल करेंगे।अगले चुनाव में भूषण बाड़ा मात्र 285 वोट से जित हासिल किया था। अबकी बार के विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी की जित निश्चित है।सभी का सहयोग पूर्ण रुप से मिल रहा है। बसआप लोग मन लगाकर काम करें। क्षेत्र में ऐसा माहौल बनायें।की ज्यादा से ज्यादा झारखंड पार्टी को वोटर बनें।बाकी आपकी समस्याओं का निदान के लिये हम आप सभी के साथ हमेशा खड़ा है।एनोस एक्का ने कहा कि सर्वप्रथम हमारे सभी कार्यकर्ताओं को षड्यंत्र के जाल में नहीं फंसना है।अपनी पुरी इच्छाशक्ति के साथ मन लगाकर इस बार के विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी की जित सुनिश्चित करने के लिये मन लगाकर काम करें।इस अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, युवा अध्यक्ष विभव संदेश एक्का, जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, जिला सह सचिव अमन खेस, निक्कू साहू, उत्तम कुमार साहू, चिरस लकड़ा, रोहित साहू, महादेव केशरी, लखन कंसारी, चंदन साहू, बबलू गोप, चिराग तिर्की, महोदरा भगत, राम लखन नायक, मोहरनाथ सिंह, मदन बैठा, सतीश तिर्की सहित सैकड़ों की संख्या में झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस बीजेपी और झामुमो के झांसे में ना आए जनता : एनोस एक्का

## जलडेगा के लतापानी में झारखंड पार्टी की ओर से हुआ सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** झारखंड में कांग्रेस भाजपा एवं झामुमो लगातार जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है, सभी लोग धर्म के नाम पर लोगों को लड़ा कर क्षेत्र का विकास पर कोई भी ध्यान नहीं है ।आज राज्य में लगातार लूट भ्रष्टाचार अत्याचार महिलाओं के साथ शोषण की घटना बढ़ रही है, लेकिन यह सरकार सत्ते के नशे में चूर है। उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने गुरुवार को जलडेगा के लतापानी में आयोजित सभा में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ जनता ने झामुमो और कांग्रेस को सत्ता दी थी, उसके विपरीत यहां पर कार्य हो रही है। वहीं केंद्र में बैठी मोदी सरकार भी लगातार धर्म के नाम पर लोगों पर लड़ाकर वोट ले रही है और काम करने के मामले में पूरी तरह से फेल है ।उन्होंने सभी लोगों से आवाहन करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आप सभी एक-एक कार्यकर्ता झारखंड पार्टी के कर्मठ सिपाही बनकर काम करें, जिससे कि दोनों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज हो।झारखंड पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो माटी से जुड़कर आपकी समस्याओं को दूर करेगी।युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा वर्तमान समय युवाओं का है ऐसे में युवा कंधे से कंधे मिलाकर झारखंड पार्टी का सहयोग करें, ताकि जो भी समस्याएं हैं उसे मिलजुल कर दूर करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर भी जनता के साथ विश्वास घात करने का आरोप लगाया। मौके पर झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतीयस बागे ने भी लोगो को सम्बोधित करते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही सभी लोगों को जुट जाने को कहा।

## आपसी भाईचारे के साथ मना त्याग व बलिदान का पर्व मोहर्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** इमाम हुसैन की याद में प्रखंड के भंडरा बाजार टाड में मुहर्रम कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा,गुमला,रांची जिले के 32 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न गावों के अखाड़ों द्वारा लाठी, डंडा, भाला व तलवार से हैरतअंगेज करतब दिखाये। इसके पूर्व बीडीओ व मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष अंसारी ने तलवार भांज कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। मुहर्रम कमेटी की ओर से अतिथियों व अखाड़ों के खलीफा को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। इसके अलावे विशिष्ट अतिथि के रूप में समेत दर्जनों समिति के लोग उपस्थित थे। तलवार लाठी के हैरत अंगेज खेल देर शाम तक चलता रहा तथा अखाड़ा देखने को लोगों की हुजूम उमड़ी रही। अखाड़ा में छोटे-छोटे नन्हे बच्चों ने भी हैरतअंगेज खेल प्रदर्शित कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ने कहा कि त्याग व बलिदान का यह पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा रहा है। मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ-साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए। तलवार, भाला, गड़ासा, लाठी सहित आग के कई करतब प्रदर्शित किया। कहा जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे।

## भाजपा आदिवासियों को खत्म करने का षड्यंत्र रच रही है : नमन बिक्शल कोनगाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा बिधानसभा छेत्र अंतर्गत टेंगरातुकु में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों के द्वारा बिधायक का स्वागत किया गया।बैठक में आदिवासी समाज से जुड़े बिभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।सभी लोगों के द्वारा आदिवासी समाज के विरुद्ध किये जा रहे षड्यंत्रों पर मनन चिंतन किया गया। बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में बिधायक ने कहा कि भाजपा आदिवासियों के जीवन, अस्तित्व, पहचान, आजिविका एवं अधिकारों से जुड़े संसाधन जो कि जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति परंपरा, रोजगार, नेतृत्व और संबिधान द्वारा प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों को छीन कर खत्म करने का षडयंत्र रच रही है।अगर हम जो हमारी ताकत है जैसे षड्यंत्र से सावधान,अपने अधिकारों के प्रति जागरूक,संगठित और सामूहिकता में है ,नहीं रहे तो हमें खत्म कर दिया जाएगा।आदिवासियों को खत्म करने के लिए भाजपा मुख्यतः तीन तरिका को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। 1.लालच -धन और पावर का लालच देकर आदिवासियों के आपसी ऐकता और सामूहिकता की ताकत को कमजोर कर तोड़ कर खत्म करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। हमें तोड़ कर कमजोर कर हमारे अधिकारों को छीन कर खत्म करने का षडयंत्र चल रहा है। 2.डिलिस्टिंग-आदिवासियों को धर्म के नाम पर आपस में लडाकर अलग कर कमजोर कर खत्म करने का षडयंत्र है। 3.CC को लागु करना आदिवासी नस्लों को खत्म करने का षडयंत्र समान नागरिक संहिता ( UCC) और CNT-SPT Act के कारण आदिवासियों के जमीनों को नहीं खरीद पाने के कारण आदिवासी महिलाओं को हिन्दू उत्तराधिकार कानून के दायरे में शामिल कर आदिवासी महिलाओं को पैतृक संपत्ति में बराबर का हिस्सा देने का कानून छ्ष्ट बना कर आदिवासी महिलाओं को प्रेमजाल में फंसा कर आदिवासियों से छीनकर महिलाओं के रास्ते जमीन, नौकरी ,जन प्रतिनिधि के पदों को छीन कर आदिवासी नस्लों को ही खत्म करने का भयंकर षडयंत्र रचा जा रहा है। बिधायक ने उपस्थित सभी लोंगो को बिशेष रूप से जागरूक रहने और भाजपा द्वारा प्रायोजित सभी षड्यंत्रों को आम लोगों को बताते हुए जागरूक करने की बात कही। जागरूकता के साथ-साथ सावधान रहकर अपनी एकता और अखंडता को बना कर रखने की भी बात बिधायक ने कही। मौके पर बिधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, प्रचारक हलन कंडुलना, बिनोद बड़िंग,संतोष लुगुन, मानसिद लुगुन, रॉबर्ट टोपनो, शांतिमानी बड़िंग, सालोमी बड़िंग, सुनैना बड़िंग सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## विद्या मंदिर में 35 वां दो दिवसीय क्षेत्रीय कबड्डी खो-खो प्रतियोगिता का

### कुशल प्रबंधन के माध्यम से लक्ष्य का निर्धारण निश्चित : सच्चिदानंद लाल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के आतिथ्य में आयोजित उत्तर पूर्व क्षेत्रीय कबड्डी खो खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजक उत्तर पूर्व क्षेत्र (बिहार झारखंड) था। इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में तीन प्रांतीय समिति लोक शिक्षा समिति उत्तर बिहार, भारती शिक्षा समिति दक्षिण बिहार, विद्या विकास समिति झारखंड से चयनित भैया /बहनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन में आए हुए आगंतुकों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।तत्पश्चात हनुमान जी की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रांत के संघचालक सच्चिदानंद लाल उपस्थित थे। इस समारोह में क्षेत्रीय मंत्री राम अवतार नरसरिया, क्षेत्रीय सचिव नकुल कुमार शर्मा, भारती शिक्षा समिति के सचिव प्रदीप कुशवाहा,विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख कृष्णा प्रसाद, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव सह संयोजक अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अतिथि परिचय कराया। अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय मंत्री नरसरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान भास्कर सर्व श्रेष्ठअनुशासन के प्रतीक एवं हनुमान जी दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। खेल एवं आध्यात्म का अन्योन्याश्रय संबंध है। मुख्य अतिथि सच्चिदानंद लाल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि कुशल प्रबंधन के माध्यम से लक्ष्य का निर्धारण एवं निरंतर साधने का प्रयास करना चाहिए। विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि दृढ़ संकल्प से आगामी विजय निश्चित है। समापन समारोह में प्रांतीय खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल, विवेक मधुर, एसके गुप्ता, अस्पताल संचालक, मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चापी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, सहित आचार्य आचार्या एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच संचालन धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन ने किया। खो-खो बाल वर्ग भैया में लोक शिक्षा समिति विजेता तथा भारती शिक्षा समिति उपविजेता रही, विद्या विकास समिति को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। बाल वर्ग बहनों में विजेता विद्या विकास समिति तथा लोक शिक्षा समिति उपविजेता रही और भारतीय शिक्षा समिति तीसरे स्थान पर रही। किशोर वर्ग भैया में लोक शिक्षा समिति विजेता तथा विद्या विकास समिति उपविजेता रही और भारतीय शिक्षा समिति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, किशोर वर्ग बहनों में प्रथम स्थान पर विद्या विकास समिति तथा लोक शिक्षा समिति द्वितीय स्थान पर और

## टीएसएसपीएल के द्वारा किसानों के बीच किया गया नि-शुल्क मड़ुवा बीज का वितरण



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड के उतका गांव में 18 जुलाई गुरुवार को टेक्नोवेल सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किसानों को मडुवा का बीज का किया गया वितरण। कैरो उतका गांव के 30 किसानों के बीच प्रति किसान 02 किलोग्राम मडूवा बीज का किया गया वितरण। इस मौके उपस्थित संस्था के सीनियर मैनेजर मोहन महतो ने कहा मडुआ झारखंड क्षेत्र का महत्वपूर्ण खरीफ फसल है। धीरे-धीरे यह विलुप्त होता जा रहा है। मडुवा के सेवन से लोगों के कई प्रकार की बीमारियां दूर होती है। इस खेती को बढ़ावा देने के लिए संस्था द्वारा किसानों को मुफ्त में बीज दिया जा रहा है। इस मौके पर उपमुखिया रवि प्रजापति, कृषक मित्र प्रतिमा देवी, संग्राम यादव, पुतुल देवी, अमन अंसारी, हदीस अंसारी, सुदामा महतो, योगेश प्रजापति सहित कई किसान उपस्थित थे।

## कर्बला मैदान सेरेंगहातु में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बी.एस.कॉलेज पुलिस पिकेट के समीप कर्बला मैदान में मुहर्रम मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन अंजुमन इस्लामिया सेरेंगहातु, तोड़ार, जुरिया, तिगरा, नवाड़ीपडा तथा जेरे निगरानी अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के संयुक्त तत्वाधान में आज 19 जुलाई को आयोजित किया गया है जिसकी तैयारी पुरी कर ली गई है। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला को लेकर जगह जगह तोरण द्वार बना कर फतेह निशान लगाया गया है। जिस जगह मुहर्रम मेला एव अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। आयोजित मुहर्रम मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए कर्बला मोहर्रम मेला का सदर इमरान आजाद अंसारी सेरेंगहातू ने बताया कि मेला में प्रखंड और जिला और अंतर जिला से मुहर्रम अखाड़ा के लोग शामिल हो कर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लेकर खेल तमाशा का नुमाइसी प्रदर्शन करेंगे जिन्हें पुरस्कार दे कर सम्मानित किया जायेगा।

## कैरो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न गांवो में मुहर्रम और हनहट में घुमती रथयात्रा शांति व सौहार्द से संपन्न



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 जुलाई बुधवार को प्रखंड मुख्यालय कैरो समेत प्रखंड के हनहट, चरिमा, नगड़ा मे मुहर्रम का जुलूस व मेला शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो गया वही प्रखंड के हनहट मे घुरती रथयात्रा पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, और सुभद्रा मौसीबाडी से वापस पहूँचे अपने धाम। घुरती रथयात्रा पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की हुजूम मंदिरो मे पुजा को लेकर हनहट मे भीड़ ऊमड़ पड़ी थी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छ्न्दा भट्टाचार्य, पुलिस इंस्पेक्टर सीबी आजाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार, थाना प्रभारी नीरज झा, एसआई मनोज कुमार गुप्ता, एएसआई संजय कुमार राय, संजय सिंह समेत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों मे जिले से तैनात दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बलों की उपस्थिति मे मुहर्रम का त्यौहार शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो गया। कैरो मुख्यालय मे पिछ्ले 15 जुलाई को केरा माटी की जुलूस 16 को जुलूस एवं 17 जुलाई बुधवार को सुबह से ही विभिन्न गली मुहल्ले होते हुये जुलूस थाना परिसर के बाहर पहुँची जहाँ से मेला के रुप मे तब्दील हो गया। कैरो के उक्त मेले मे कैरो, नयाटोली,उतका, चाल्हो, नरौली, सढाबे, गजनी, गाराडीह के जुलूस ने लिया मेले मे भाग। इस मेले मे विभिन्न क्षेत्रो से आये मुस्लिम समाज के युवको ने अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता मे भाग भी लिया जिसमे सभी कलाकारों को कैरो मुहर्रम मेला समिति के अध्यक्ष अनीश अहमद खान, सचिव समीद अंसारी, जमील अख्तर, नजीर आलम खान, मुबारक हुसैन, हारूण रसीद, मोजाहिर अंसारी, इम्तियाज अंसारी इत्यादि समिति के लोगो ने कलाकारों को पुरुस्कृत कर एक दुसरे को त्योहार की बधाई दी।

## कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 21 को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट लोहरदगा द्वारा 21 जुलाई रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम 2:30 बजे से आनंद सरस्वती बाल निकेतन कुम्हार मोहल्ला पावरगंज में किया जाएगा। उन्होंने समाज के संरक्षक सहित सभी पदाधिकारीयों से अपील करते हुए कहा है कि कार्यक्रम में शामिल होकर समाज के बेहतर करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### उपयुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा लाठी खेल कर अस्त्र-शस्त्र परिचालन का किया शुभारंभ

## कहा, इमाम ए हुसैन के बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश की सेवा करें, लोगों की भलाई कर नेकी के साथ जीवन गुजारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र मे मुहर्रम के अवसर पर शांति व सौहार्द के साथ मेला सम्पन्न हुआ। वही अंजुम इस्लामिया व मुहर्रम कमेटी सेन्हा द्वारा अमन चौक ईदगाह मैदान में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अस्त्र शस्त्र खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ करने से पूर्व आयोजन कमिटी द्वारा मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण व विशिष्ट अतिथि एसपी हारिश बिन जमां को पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा लाठी खेल कर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। वही मेला में अरु, बूटी, झखरा, डोका, पारही, बांध टोली, सेन्हा, बुंगाडी, तोड़ार सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो के मुहर्रम अखड़ा के लोगों द्वारा मेला में शामिल होकर लाठी, तलवार बाजी और भाला खेल का करतब दिखाया गया। वही सभी ने बंदिस का तारीफ किया। और या हुसैन, या अली तथा नारे तकबीर का नारा बुलंद किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि इमाम ए हुसैन के बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश की सेवा करें और लोगों की भलाई कर नेकी के साथ जीवन को गुजारे तथा आपस में शांति और सौहार्द बनाये रखें अपने गांव शहर और देश मे अनेक जाति सम्प्रदाय के लोग रहते हैं। जिस के कारण गांव घर, जिला, राज्य और देश मे विविधता में एकता के साथ राष्ट प्रेम को जोड़ता है.साथ मंडल के अवसर उपद्रवी और शरारती तत्वो से निपटने के लिये सुरक्षा का पुख्ता इन्तिजाम किया गया था। मौके पर जोप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अजीत कुमार, मुखिया धनवाज उराँव के अलावे संरक्षक अफरोज, सदर मोख्तार अंसारी, सेक्रेटरी अजहरुद्दीन अंसारी, खजांची इस्लाम अंसारी, फजल अब्बास, अख्तर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, अब्दुल गफार अंसारी, मनान अंसारी, मनवर अंसारी, मिथलेश मिश्रा, चंद्रमोहन पाठक, नन्दकिशोर शुक्ला सहित सभी समुदाय के सैकडों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत होगा शहीद द्वार : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत अटौला बस स्टैंड में भव्य स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार का लोकार्पण गुरूवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। मंत्री के निजी कोश से निर्मित इस भव्य द्वार का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने फीता काटकर, शिलापट्ट का अनावरण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने इस क्षेत्र के सभी शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि पूर्व के प्रतिनिधियों ने दो बार इसका शिलान्यास किया था लेकिन निर्माण नहीं हो सका था।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। जिनकी बदौलत हम आज स्वतंत्र भारत में चैन की नींद सो रहे हैं। उन्हें सम्मान देना बहुत ही गर्व की बात है। यहां अटौला, खोरीडीह, चेचरिया पंचायत वीरों की भूमि है। हमारे वीर जवान देश व देश वासियों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं। ऐसी घटनाओं पर राजनेता व समाजसेवी आते हैं और भाषण देकर चले जाते हैं। लेकिन इनकी गाथा अजर अमर हो ऐसा कार्य कोई नहीं करता है। मंत्री ने कहा कि यह शहीद द्वार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत होगा। ऐसे कार्या को करने के लिए इच्छाशक्ति होनी चाहिए। आज नेताओं की धारना बन गयी है कि चुनाव के समय क्षेत्र में जाकर रिश्ता, जात-पात, धर्म आदि के नाम पर लोगों को ठग कर जीत जायेंगे। फिर कभी जनता का सुध नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि पहले गढ़वा के माथे पर पिछड़ेपन का कलंक था। यहां कोई भी मूलभुत सुविधा उपलब्ध नहीं थी। गढ़वा को काला पानी समझा जाता था। परंतु सभी के सहयोग से गढ़वा आज तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने गढ़वा के एक-एक पंचायत में जितना काम किया है, उतना पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने आजादी के बाद आज तक अपने कार्यकाल में पूरे विधासभा क्षेत्र में भी नहीं किया है। पिछले 30 वर्षो पर वर्तमान का साढ़े चार वर्ष भारी है। अभी गढ़वा का 50 प्रतिशत ही विकास कार्य हुआ है। बहुत सारी योजनाएं पाईपलाइन में हैं। मंत्री ने कहा कि जब तक क्षेत्र का सर्वांगीण विकास नहीं हो जाता तब तक विकास पूर्ण नहीं होता है। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेंद्र सिंह, उदय नारायण तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। मौके पर मेराल बीडीओ जागो महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, नारद तिवारी, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, मिनहाज, अवधेश कुमार, चेचरिया मुखिया राजेंद्र चौधरी, खोरीडीह मुखिया प्रतिनिधि धर्मराज राम, मिथिलेश दुबे, बबलू तिवारी, सुनील सिंह, प्रिंस पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानित

अटौला में स्वतंत्रता सेनानियों सह शहीद द्वार के उद्घाटन मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शहीद स्व. आशीष कुमार तिवारी, स्व. रामपृत ठाकुर, स्वतंत्रता सेनानी स्व. राजेश्वर तिवारी, स्व. बैजनाथ तिवारी, स्व. अमरेश तिवारी, स्व. राजमणि तिवारी, स्व. हलखोरी मिस्त्री, स्व. देवनारायण ठाकुर, स्व. हिरामन ठाकुर, स्व. रामपवन पासवान, स्व. यदुनंदन तिवारी, स्व. देवराज तिवारी, स्व. इंद्रजीत तिवारी आदि के परिजनों अरविंद तिवारी, सनकलिया कुंवर, बृजमोहन ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर, ऋषि कुमार तिवारी, विभुती नारायण तिवारी, श्रीकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, हरिवंश तिवारी, सतीश तिवारी, दयानंद तिवारी, सुरेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, पियुष तिवारी, विजय तिवारी, शंकर शरण तिवारी, शिव कुमार तिवारी, महेंद्र मिस्त्री, मुंद्रिका मिस्त्री आदि को सम्मानित किया।

## चलते चलते एक नजर

### ईमानदारी के जंग में शहादत का नाम मोहर्रम है : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलीफा खुद को जब अल्लाह घोषित कर दिया तब हज़रत मुहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन इस बात को मानने से इंकार कर गए। न मानने के जुर्म में हुसैन साहब को कर्बला के मैदान में शहादत देना पड़ा। जैसे आज भी हमारे वजीर ए आजम खुद को ईश्वर से जोड़ते हैं न मानने पर राष्ट्रद्रोही भी कहते हैं। इसी शहादत के याद में मोहर्रम मनाते हैं। आज मोहर्रम के जुलूस में शामिल होकर गंगा यमुनी की साझी विरासत को आबाद किया। अपने संबोधन में हमने कहा मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना। विविधताओं से भरा हमारा मुल्क आपसी भाईचारा प्रेम से रहते आया है और रहेगा भी। जहां अब्दुल रहीम खानखाना हुए तो रैदास और नानक भी हुए। सब मिल कर हम देश के तरक्की और सामाजिक शौहाद्र बनाए रखे हुए है। सबों से हमारी गुजारिश होगी पलामू को साझि संस्कृति का आइना बनाएं ताकि दुनिया को हम प्रेरणा दे सकें। शुक्रिया!

### विधायक आलोक चौरसिया ने सिर्फ अपनी संपत्ति बढ़ाया : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज भंडरिया के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास का एक भी काम नहीं होने पर चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में जितने भी जनप्रतिनिधि रहे उन्होंने रोजगार के सवाल पर एक भी काम नहीं किया। चाहे पांच बार के विधायक एवं स्पीकर रहे इंद्र सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एवं अभी वर्तमान भाजपा विधायक आलोक चौरसिया। इन सभी ने अपने कार्यकाल से लेकर अभी तक सिर्फ अपनी संपत्ति बढ़ाने का काम किया। छात्रों एवं नौजवानों के रोजगार के लिए पलामू जिला में एक भी नया उद्योग एवं फैक्ट्री नहीं लगवाया। न हीं नौजवानों के बीच रोजगार कैसे सृजित हो, इस पर कोई ध्यान दिया। सभी पूर्व जनप्रतिनिधि एवं वर्तमान अपने एवं अपने रिश्तेदारों के नाम से बीएड कॉलेज, स्कूल,मॉल आदि खोलकर केवल पैसा का उगाही करने का काम किया है। और आज जब विधानसभा चुनाव होने की भनक लग गई है तो यह लोग फिर से डाल्टनगंज के भोली भाली जनता को ठगने के लिए एवं वोट लेने के लिए तैयार है। ऐसे जनप्रतिनिधि को जनता इस बार नकारेगी। वही झारखंड सरकार के द्वारा लगाया जोरदार में गया मेघा डेरी प्लांट से भी पलामू वासियो को कोई फायदा नहीं मिला।

### बंगाल सरकार ने नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा के लिए बनाया सात सदस्यीय पैनल

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने तीन नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में सात सदस्यीय पैनल का गठन किया है। इस पैनल को तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। देश भर में ये तीन कानून एक जुलाई से लागू हो गए हैं।गृह विभाग के मुताबिक यह पैनल भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) जैसे आपराधिक कानूनों की समीक्षा करेगा।इस बीच,राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से संशोधित सीआरपीसी, आईपीसी और साक्ष्य अधिनियम की समीक्षा के लिए समिति के उद्देश्यों पर तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राजभवन ने एक बयान में कहा है,पश्चिम बंगाल एक देश के भीतर एक अन्य देश नहीं है। इसे बनाना गणराज्य में परिवर्तित नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार के पैनल की अध्यक्षता जस्टिस अशिम कुमार रॉय करेंगे, जिसमें राज्य के विधि मंत्री मलय घटक और वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य को भी शामिल किया गया है।

### शतरंज प्रतियोगिता में विक्रम कुमार और शांभवी कुमारी बने प्रथम विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल सीसीएल में गुरुवार को एक दिवसीय स्व हरि नारायण सिंह शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कर्ता रिलेशंस और इस प्रतियोगिता के प्रायोजक अजय सिंह थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल के लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में बालक वर्ग के विक्रम कुमार प्रथम,अर्पित कुमार द्वितीय और अपूर्व कुमार तृतीय स्थान पर विजयी हुए। जबकि बालिका वर्ग में शांभवी प्रथम,श्रेया द्वितीय और अनीशा कुमारी तृतीय स्थान पर विजयी रही।

### बांग्लादेश में मचा हिंसक बवाल, सतर्क हुआ भारतीय दूतावास

एजेंसी

**नई दिल्ली:** बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन से हालात बेकाबू हो गए हैं। ऐसे में भारतीय दूतावास भी सतर्क हो गया है। भारत की ओर से बांग्लादेश में रह रहे विशेषकर छात्रों अपने नागरिकों के लिए खास एडवाइजरी और आपातकालीन स्थितियों में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।



भारत ने कहा है कि बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोग और छात्र किसी भी यात्रा को नजरअंदाज करें और घर में ही रहें। किसी भी आपातकालीन स्थिति में वहां भारतीय दूतावास से संपर्क करें। भारत का उच्चायोग 24 घंटे अपने नागरिकों की सेवा के लिए तत्पर है। भारत ने कहा है कि उसके नागरिक और छात्र यदि बांग्लादेश में किसी भी आपातकालीन स्थिति में फंसते हैं तो वह ढाका में 880-1937400591 पर कॉल या ह्वाट्सएप करके संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा चित्तागांग में असिस्टैंट हाई कमीशन ऑफ इंडिया के दफ्तर में 880-1814654797 और 880-1814654799 पर कॉल या ह्वाट्सएप पर संपर्क कर सकते हैं।



PR NO-329941 (Labour Employment and Traning) 24-25
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार